e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 348

**सुविचार**
चिंतन करो, चिंता नहीं, नए विचारों को जन्म दो।

# प्रभात मंत्र

शनिवार
23.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### नए साल के पहले कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 39 रुपये की कटौती

**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार ने 19 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की है। इस कटौती के बाद 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 39 रुपये की कमी आ गई है। दिल्ली में कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत कटौती के बाद 1,796.50 रुपये से घट कर 1,757.50 रुपये हो गई है। इसी तरह मुंबई में इसकी कीमत 1,749 रुपये से घट कर 1,710 रुपये, कोलकाता में 1,908 रुपये से घट कर 1,869 रुपये और चेन्नई में 1,968.50 रुपये से घट कर 1,929.50 हो गई है। इससे पहले 1 दिसंबर को कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 21 रुपये प्रति सिलेंडर का इजाफा किया गया था।पिछले कुछ समय से कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में हर महीने बदलाव हो रहा है।

### कुश्ती संघ के नए अध्यक्ष के विरोध में बजरंग पूनिया ने पद्मश्री लौटाया

**नई दिल्ली** : भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख संजय सिंह के विरोध में अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बजरंग ने पद्म पुरस्कार लौटाने का एलान करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। इस खत की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बजरंग ने लिखा मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूं। कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। यही मेरा स्टेटमेंट है।

### पश्चिमी सिंहभूम जिले में रहा नक्सलियों के भारत बंद का असर

**चाईबासा** : भाकपा माओवादियों के शुक्रवार को भारत बंद का असर झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में देखा गया। माओवादियों के बंद से चक्रधरपुर अनुमंडल के मनोहरपुर, आनंदपुर, गोईलकेरा, सोनुवा, गुदड़ी और बंदगांव प्रखंडों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। बंद के कारण रांची से चाईबासा जाने वाली बसों का परिचालन नहीं हुआ, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। अनुमंडल के कई प्रखंडों में माओवादियों के बंद के कारण बैंक शाखाओं में दिनभर ताला लटका रहा। मनोहरपुर से चलने वाली बसों का परिचालन भी ठप रहा। जबकि चिरिया माइंस में भी कोई कार्य नहीं हुआ। मनोहरपुर से रांची, सिमडेगा, गुमला, राउरकेला, गुवा, जामदा, चिरिया जाने वाले बसों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा। बंद के कारण गोईलकेरा से सोनुवा, चक्रधरपुर, चाईबासा चलने वाली बसों का परिचालन ठप रहा। बंद के कारण दिनभर सड़कें वीरान रहीं।

### नगर निकाय चुनाव नहीं कराने पर हाई कोर्ट में दाखिल किया अवमानना याचिका

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में नगर निकाय चुनाव राज्य सरकार द्वारा नहीं कराये जाने को लेकर रांची नगर निगम की पूर्व पार्षद रोशनी खलको ने अवमानना याचिका दाखिल की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार द्वारा स्थानीय निकायों का चुनाव नहीं कराया जाना सुप्रीम कोर्ट के आदेश एवं संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद भी सरकार आधी-अधूरी बात के साथ जनता के साथ कोर्ट का समय भी बर्बाद कर रही है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना कर रही है। सरकार कह रही है कि ट्रिपल टेस्ट कराकर ही निकाय/पंचायत चुनाव कराए जाएगा लेकिन संविधान का प्रावधान है कि यदि ट्रिपल टेस्ट लंबे समय तक नहीं कराया गया है तो निकाय चुनाव को लंबित नहीं रखा जाना चाहिए।

### भारत ने बैंकॉक में आईओएनएस कार्य समूहों के सह-अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली** : रॉयल थाई नेवी की मेजबानी में बैंकॉक (थाईलैंड) में हुई हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) के आखिरी दिन शुक्रवार को थाईलैंड ने आईओएनएस के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला। भारत ने समुद्री सुरक्षा और एचएडीआर पर आईओएनएस कार्य समूहों के सह-अध्यक्ष के रूप में भी पदभार संभाला। आईओएनएस के नए ध्वज को भी चुना गया, जिसे भारत ने डिजाइन किया है। इसी के साथ आईओएनएस के अगले दो वर्षों के लिए कार्य योजना को अंतिम रूप दिया गया।रॉयल थाई नेवी ने बैंकॉक (थाईलैंड) में 19 दिसंबर से हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) कॉन्क्लेव ऑफ चीफ्स (सीओसी) का 8वां संस्करण आयोजित किया था।

### रांची का तापमान

अधिकतम 22°
न्युनतम 10°

धनबाद : मुख्यमंत्री ने 531 करोड़ 7 लाख 35 हजार 565 रुपए की 206 योजनाओं का दिया तोहफा

# लोगों को दरवाजे पर पहुंचकर दे रहे हैं उनका हक व अधिकार : हेमंत

**3 लाख 76 हजार 497 लाभुकों के बीच 418 करोड़ 21 लाख 55 हजार 242 रुपए की बांटी परिसंपत्ति**

#### मुख्यमंत्री ने कहा

- झारखंड को इतना ताकतवर राज्य बनाएंगे कि यह अपने बलबूते विकास का रास्ता तय करेगा
- हमारी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कर रही काम
- यह सरकार आदिवासी-मूलवासी और झारखंड वासियों की सरकार है
- राज्य के हर नौजवान के भविष्य को संवारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- समाज के हर वर्ग और तबके को बना रहे मजबूत और सशक्त
- युवाओं को अब प्रखंड स्तर पर कौशल विकास का मिल रहा प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता
**धनबाद** : यह आदिवासियों-मूलवासियों और झारखंड वासियों की सरकार है। यह सरकार रांची-दिल्ली से नहीं बल्कि गांव-देहात और मोहल्ला-टोला से चल रही है। हर व्यक्ति के दरवाजे तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने का महाअभियान चल रहा है। लोगों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक-अधिकार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन धनबाद जिला के बलियापुर प्रखंड स्थित मोदीटोला ग्राम में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज कोई भी ऐसा घर नहीं होगा, जहां सरकार की कोई न कोई योजनाएं नहीं पहुंची हो। हमारी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही है।

#### युवाओं को हुनरमंद बना रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मशीनी युग है । फैक्ट्री में में इंसान की जगह मशीनें लेती जा रही है। ऐसे में युवाओं को हुनरमंद होना अति आवश्यक है , वरना वे काफी पीछे छूट जाएंगे। सरकार इस बात से भलीभांति वाकिफ है। इसी वजह से अब प्रखंड स्तर पर युवाओं को स्किल डेवलपमेंट का ट्रेनिंग दे रहे हैं ताकि वे प्रतिस्पर्धा के इस जमाने में अपनी जगह को बनाए रखने में समर्थ रहें।

#### सीएम ने कई विकास योजनाओं का दिया तोहफा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 531 करोड़ 7 लाख 35 हजार 565 रुपए की 206 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया । इसमें 122 करोड़ 68 लाख 6 हजार 264 रुपए की 135 योजनाओं की नींव रखी गई , जबकि 408 करोड़ 39 लाख 29 हजार 301 रुपए की 71 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ। वहीं, विभिन्न योजनाओं के 3 लाख 76 हजार 497 लाभुकों के बीच 418 करोड़ 21 लाख 55 हजार 242 रुपए की परिसंपत्तियों बांटी गई।

#### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता,विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं पूर्णिमा नीरज सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे तथा जिले के उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

#### रोजगार के लिए मजदूरों को नहीं जाना होगा बाहर

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में यह पता चला कि झारखंड के लाखों मजदूर रोजगार के लिए दूसरे राज्यों और विदेशों में जाते हैं। यहां उन्हें कैसी- कैसी परेशानियों का सामना करना होता है, इसकी जानकारी तब मिली जब उन्हें कोरोना काल में वापस लेकर हम आए। अब इन मजदूरों को काम के लिए बाहर जाना नहीं पड़े, इसके लिए भी सरकार ने योजनाएं बनाई है। अब इन्हें अपने गांव और घर में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास हो रहा है। इतना ही नहीं, मजदूरों के कल्याण और सुरक्षा के लिए भी सरकार ने योजना बना रखी है। आप श्रम विभाग के पोर्टल पर अपना निबंधन कर कर इन योजनाओं का लाभ जरूर लें।




#### राज्य के युवक-युवतियों को बनाएंगे कमर्शियल पायलट और एयर होस्टेस

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुमका में एविएशन ट्रेनिंग सेंटर खोलने का काम अंतिम चरण में है। इसके शुरू होने से यहां के युवक- युवतियों को कमर्शियल पायलट, ग्राउंड इंजीनियर और एयर होस्टेस का प्रशिक्षण मिलेगा। सरकार के इस कदम से एविएशन के क्षेत्र में झारखंड के नौजवानों के आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि धनबाद जिले के बलियापुर में जो हवाई पट्टी है, अगर केंद्र सरकार अनुमति दे तो इसे विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ेगी।

#### 10 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को मिलेगा गुरुजी क्रेडिट कार्ड

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10वीं 11वीं और 12वीं के सभी विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना दिया जाएगा, ताकि वे इंजीनियर, डॉक्टर, लॉयर, जर्नलिस्ट और अफसर बन सके। इस योजना की खासियत है कि आपको डिग्री मिलने तक इस योजना के तहत मिले शिक्षा ऋण को वापस करने की जरूरत नहीं है। जब आपको नौकरी लगेगी तभी आप किश्त में ऋण चुकाएं। इस योजना को लॉन्च करने का मकसद है कि कोई भी विद्यार्थी आर्थिक कठिनाई की वजह से अपनी पढ़ाई को ना छोड़े और अपने भविष्य को संवारने का काम करें।



### लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति को लेकर भाजपा का मंथन, उच्च स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री भी शामिल

नई दिल्ली : लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति तैयार करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में मंथन तेज हो चला है। इसी सिलसिले में भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक हो रही है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, महासचिव, सभी राज्यों के प्रदेशाध्यक्ष, महामंत्री और प्रभारी के साथ सभी मोर्चा के पदाधिकारी भी मौजूद हैं। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे। दो दिन चलने वाली इस बैठक के समापन में शनिवार को अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी नेताओं को संबोधित करेंगे। सूत्रों के अनुसार पार्टी का फोकस मोदी सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाना है, जिससे आगामी चुनाव में पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिले। इसके साथ बैठक में पार्टी के अलग-अलग मोर्चा और राज्य इकाइयों को लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए निर्देश दिए जाएंगे। बाल वीर दिवस और अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (25 दिसंबर) की तैयारी पर भी चर्चा संभव है।

## बेरोजगारी पर मौन है मोदी सरकार : राहुल गांधी



एजेंसी
**नई दिल्ली** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार बेरोजगारी के मुद्दे पर मौन है। यह सरकार युवाओं को गुमराह कर रही है। बेरोजगारी का आलम ये है कि देश का युवा दिन में 7 घंटे से अधिक सोशल मीडिया पर बिता रहा है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों के निलंबन के विरोध में जंतर-मंतर पर आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले सप्ताह दो-तीन युवा लोकसभा में कूद गए। वे अंदर कैसे आए? संसद के अंदर वे गैस का सिलेंडर कैसे लाए? उन्होंने ये विरोध क्यों किया? उसका कारण क्या था? यह गौर करने की बात है। राहुल ने कहा कि सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक हुई लेकिन सरकार और मीडिया के लिए यह मुद्दा नहीं है।राहुल ने कहा कि मोदी सरकार अग्निवीर योजना लाई और हिंदुस्तान के युवाओं से उनकी देशभक्ति की भावना छीन ली। जब युवा खड़े हुए कि हमें अग्निवीर नहीं चाहिए तो आपने उन्हें डराना शुरू कर दिया। अगर आप सोचते हो कि आप युवा को डरा सकते हैं, तो आपमें हिंदुस्तान की समझ नहीं है।राहुल ने कहा कि हम लोकतंत्र को बचाने के लिए प्रयास जारी रखेंगे। ये लड़ाई नफरत और मोहब्बत के बीच में है। हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं।

## जेजेएमपी के चार उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता
**बरवाडीह (लातेहार)** : छिपादोहर पुलिस ने गुप्त सूचना पर हंसराज टोला में छापेमारी कर जेजेएमपी के प्रतिबंधित चार उग्रवादी को एक देसी कट्टा ,दो जिंदा कारतूस और 71 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में रामदेव सिंह ग्राम- बनबरिया थाना लातेहर,राम सुंदर उरांव ग्राम बाचकुम जिला लातेहार,अख्तर अंसारी और लक्ष्मण ठाकुर ग्राम मनकेरी जिला लातेहार का नाम शामिल है। इस संबंध मे सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने छिपादोहर थाना परिसर में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि क्षेत्र के हंसराज टोला में नवीन तिर्की के घर के पास जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सुप्रीमो पप्पु लोहरा के निर्देशानुसार उनके पुराने मित्र मोहन परहिया के कहने पर ये लोग हंसराज टोला आए। गांव के एक व्यक्ति के भूमि पर अपना कब्जा करने के लिए मार पीटकर उग्रवादी का खौफ दिखा रहे थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि हंसराज टोला निवासी रैयत मृतक नंदू परहिया का रैयती भूमि पांच एकड़ 60 डिसमिल है। मृतक का कोई वंशज नही है।
वहीं मृतक ने मरने के पहले अपने भूमि को हंसराज टोला के कुछ ग्रामीणों को लिख दिया था। लेकिन।कुछ दिन पूर्व मनोहर परहिया ने मृतक के दूर का रिश्तेदार बताकर उक्त भूमि को एग्रीमेंट करवा लिया। उक्त भूमि पर कब्जा करने के लिए उग्रवादियों से मिलकर ग्रामीणों को धमकी दे कर और मारपीट कर भूमि छोड़ने के लिए दबाव बना रहा था। इस बीच छिपादोहर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुची तो वे लोग भागने लगे तब पुलिस सक्रियता दिखाते चार लोगों को पकड़ लिया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुअनि कांशी महली,रणजीत राम,विका शेन्धु त्रिपाठी,सहायक अवर निरीक्षक राजेश कुमार समेत जिला पुलिस,रिजर्व पुलिस, आईआरबी के जवान शामिल रहे।

## देश के 11 राज्यों तक फैल चुका कोरोना का नया वैरिएंट




एजेंसी
**नई दिल्ली** : विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में अब तक कोरोना के नए वैरिएंट के 7,300 से अधिक मामले रिपोर्ट किए जा चुके हैं। भारत में भी जेएन.1 वैरिएंट के कई मामले आ चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जेएन.1 कोरोना वायरस स्ट्रेन का वर्गीकरण %वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट के तौर पर किया। कहा कि एलइससे आम जनता के स्वास्थ्य को बड़ा खतरा नहीं है। समाचार एजेंसी- रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 का जेएन.1 वैरिएंट शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को चकमा दे सकता है। दूसरे कोविड-19 वैरिएंट की तुलना में यह अधिक आसानी से फैल सकता है। हालांकि, अभी तक बेहद गंभीर बीमारी के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

#### जयपुर में एक महीने के बच्चे को कोरोना

**जयपुर** : राजस्थान के कोरोना संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश की राजधानी जयपुर में एक महीने का बच्चा कोरोना संक्रमित हो गया। वहीं, जोधपुर में भी एक युवती की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। वह पांच दिन पहले ऑस्ट्रेलिया से लौटकर आई थी। इसके बाद से उसकी तबीयत खराब थी। कोरोना के लक्षण दिखने पर उसने जाचं कराई, जिसके बाद शुक्रवार को उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। कोरोना संक्रमित 19 साल की युवती महामंदिर क्षेत्र में रहती है। उसे होम आइसोलेशन में रखा गया है।

## छह स्वर्ण पदक जीतकर ओवरआल चैंपियन बना झारखंड

#### एसजीएफआई यू-19 योगासन प्रतिस्पर्धा में झारखंड ने रचा इतिहास




प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची** : स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से कॉउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन द्वारा कोलकाता के हेरिटेज स्कूल में 19 दिसंबर से आयोजित 67वें स्कूल गेम्स यू-19 योगासन प्रतिस्पर्धा में झारखंड की टीम ने कुल छह स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड ने एकल और ग्रुप दोनों प्रतिस्पर्धाओं में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा है। एकल प्रतियोगिता में पूर्वी सिंहभूम जिले के सुष्मित दासगुप्ता ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। ग्रुप इवेंट में चाईबासा की अग्नि ओझा, रांची के मोहित कुमार, पूर्वी सिंहभूम के सुष्मित दासगुप्ता, रांची के अधिराज कुमार, रांची के शिवम रंजन ने सामूहिक रूप से गोल्ड जीता है। 67वें एसजीफआईयू 19 योगासन प्रतिस्पर्धा में देशभर के सभी राज्यों से 392 छात्रों ने भाग लिया था। स्कूल गेम्स के एकल एवं ग्रुप योगासन प्रतिस्पर्धा में झारखंड राज्य पहली बार 6 स्वर्ण पदक जीतकर इवेंट की ओवरऑल चैंपियन बनी है। इससे पहले एकल प्रतिस्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता गया था लेकिन ग्रुप इवेंट में राज्य की टीम स्वर्ण पदक जीतने से चूक जा रही थी।
कोलकाता में होने वाले प्रतिस्पर्धा से पहले योगासन टीम को राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग के निर्देशानुसार प्रशिक्षक सुषित बैनर्जी और शीला कुमारी के मार्गदर्शन में दो दिनों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया था।झारखंड की टीम की इस ऐतिहासिक सफलता पर राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी समेत अन्य पदाधिकारियों ने योगासन टीम को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी है।

### संत और संघ मिलकर देश का विकास करेंगे : भागवत

**भागलपुर(एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने शुक्रवार को यहां कहा कि संत और संघ मिलकर देश का विकास करेंगे। संघ सिर्फ मेहनत कर सकता है जबकि संत साधना करते हैं। साधना करने वाले ही मार्गदर्शन करते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि संतों के मार्गदर्शन के आलोक में ही संघ श्रम करके देश का विकास कर रहे हैं।

असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद
हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।
Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests
Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests
Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests
Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests
78083 68888 www.asarfihospital.com

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़ में एक आंगनबाड़ी केंद्र बंद, दूसरे में सेविका नदारद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेड़मा बभंडी पंचायत के टोला बेनीडीह में गुरूवार को आंगनबाड़ी केंद्र संख्या की कोर्ड संख्या 254 की सेविका सुशीला बारला अनुपस्थित थी। इस दौरान बेनीडीह टोला आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 11 बजे तक बंद पाया गया। आसपास के स्थानीय लोगों ने बताया कि सेविका 8 बजे तक नहीं पहुंची तो बच्चे भी घर चले गए। वहां सन्नाटा पसरा रहा। इस संबंध मे सुपरवाइजर अमिता कुमारी ने कहा कि हमको जानकारी नही है कि आंगनबाड़ी केंद्र खुला था कि नही लेकिन जानकारी मिली है तो आंगनबाडी सेविका से जानकारी लेते है कि आखिर किस कारण से लिखित जानकारी सेविका ने नही दिया और क्यों नही दी है। जांच कर कार्रवाई करने के लिए वरीय अधिकारी को पत्र लिखेगें।

# पांकी के नवडीहा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के नौडीहा वन पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय मंगलपुर के प्रागंण में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, पूर्व प्रमुख उर्मिला देवी मुखिया पानपती देवी पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार चौहान के द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात जनप्रतिनिधियों ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं योग्य लाभुकों को हाथों हाथ आवेदन भी जमा करवाया, इस दौरान अंचल अधिकारी पूर्व प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के हाथों शिविर में परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया जिसमें समूह की महिलाओं के बीचचेक का वितरण किया गया एवं छात्राओं के बीच साइकिल की राशि वितरित की गई, साथ ही प्रखंड के विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टॉल, शिविर में ग्रामीणों ने समस्याओं के निष्पादन हेतु दोपहर बाद तक हजारों आवेदन जमा किया, जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, पशुधन योजना आयुष्मान कार्ड योजना के लगाए गए स्लॉट में आवेदकों की भारी भीड़ भी देखी गई। शिविर में अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह उपस्थित होकर विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। मौके पर प्रखंड सह अंचल कर्मियों के अलावे, आशीष कुमार, शिक्षा विभाग बीपीओ राजू कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### मझिगवां पंचायत में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** प्रखंड के मझिगवां पंचायत में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उसकी शुरूआत पंचायत के मुखिया बिंदा देवी प्रमुख आभा रानी व अन्य प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विभिन्न विभागों के कई आवेदन ग्रामीणों ने दिया। जिसमें पेंशन, राशन, लेबर कार्ड आदि आवेदनो का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। उक्त अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने लोगों से अपील किया कि अधिक से अधिक विभिन्न विभागों में आवेदन दें। सरकार का यह कार्यक्रम आम ग्रामीणों के लिए है। वही मुखिया बिन्दा देवी ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया बीपीओ कमलेश कुमार, पंचायत हीमेश कुमार, नाजीर संजय सक्सेना, अनुज शुक्ला, मोजिब मुखिया पति सतीस भुइयां सहित सभी विभाग के कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विधायक ने कोयल नदी पर एक और पुल बनाने का मामला सदन में उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक आलोक चौरसिया ने विधानसभा में पलामू जिले अंतर्गत सबसे बड़ा मांग शाहपुर चैनपुर मार्ग कोयल नदी पर शहर के बिच नया पुल बनाने को लेकर सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया और इस विषय को गंभीरता से लेने के लिए सरकार को ध्यान आकृष्ट कराये। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से वर्तमान सरकार तक यह बात पहुंचाई की शाहपुर चैनपुर मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बनी कोयल नदी पुल जो कई वर्ष पुरानी है और इस पुल पर भारी मात्रा में आवागमन होती है यह पुल ही एकमात्र शहर से जोड़ने का जरिया है जिस पर कई बार दुर्घटना एवं जाम के कारण रास्ते में मरीज दम तोड़ देते हैं। अतः वर्तमान झारखंड सरकार से अनुरोध है कि इस 40 साल पुराने पुल के बगल में एक और नया पुल निर्माण की स्वीकृति जल्द से जल्द दे। जिससे जाम और दुर्घटना जैसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़े सरकार के तरफ से आश्वासन मैं मंत्री श्री बादल पत्रलेख ने बताया कि हमने विभाग को डीपीआर तैयार करने के लिए आश्वासन दिया है और साथ ही जल्द इस विषय पर संज्ञान लेकर फंड मुहैया करा कर जाम से मुक्ति दिलाने का काम और माननीय विधायक आलोक चौरसिया की मांग को पूरा करेंगे क्योंकि हमारी सरकार जनहित की सरकार है।

## सरस्वती विद्या मंदिर, जपला में गणित प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन के जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस सह गणित प्रदर्शनी एवं गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिग्री कॉलेज, जपला के गणित विभागाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार चंदेल, सचिव राकेश कुमार तिवारी, समिति सदस्य विनय शर्मा, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने अतिथियों का परिचय कराया तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।उन्होंने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि श्रीनिवास रामानुजन भारत की महानतम गणितीय प्रतिभाओं में से एक थे। उन्होंने संख्याओं के विश्लेषणात्मक सिद्धांत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के गणित प्रमुख रंजीत मिश्र, दीपक पाण्डेय, वरिष्ठ शिक्षक मृत्युंजय प्रसाद, संजय सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, कमलेश्वर सिंह, मनोज सिंह, छाया कुमारी, अजय कुमार, हर्षदा चौबे, राजेश्वर यादव, सुनील गुप्ता, मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक का सराहनीय योगदान रहा।

## केतार पुलिस ने एक को भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** केतार पुलिस ने थाना कांड संख्या 81/23 के प्राथमिक अभियुक्त मुकुंदपुर के मायर गांव निवासी सतीश कुमार सिंह को आईपीसी की धारा 376 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी पु0अ0नि0दिनेश कुमार मरांडी ने दी है।

## पांकी में कक्षा 6 से 12 वीं के शिक्षकों को दिया गया योगा एंबेसडर का प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के बुनियादी विद्यालय के प्रांगण में प्रखंड के कक्षा 6 से 12वीं तक के सभी शिक्षकों को योगा एम्बेसडर कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण दिया गया, शुक्रवार की दोपहर प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षक चंदेश्वर बक्सराय ने बताया कि पांकी प्रखंड में यह कार्यक्रम 12 दिसंबर से चलाया जा रहा है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रखंड के कक्षा 6 से 12वीं के सभी शिक्षक शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किर रहे हैं, उन्होंने बताया कि शिक्षकों को योग के बारे में बताया एवं सिखाया जा रहा है साथ ही इसके गुण फायदे को बच्चों तक पहुंचाने हेतु उन्हें अच्छी तरह प्रशिक्षित किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि सरकार का मिशन है कि योग को सभी तक पहुंचाया जाए, जिसके तहत इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। मौके पर प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक मनोज कुमार प्रभात रंजन कुमार विद्यासागर पांडे मोहम्मद सईद आलम मोहम्मद हामिद नरेंद्र कुमार मंटू प्रसाद विशाल पांडे ओमप्रकाश पाठक पूनम कुमारी सच्चिदानंद दुबे नेहा कुमारी सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## एसवीएम में फुडफेस्ट का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर फूड फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी, शारदा महेश प्रताप देव, सचिव रवि प्रकाश, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ. धर्मचन्द लाल अग्रवाल, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, समिति सदस्य शैलेश कुमार अग्रवाल, शशिकला, नीरज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ तथा पूर्व संचालक विद्या सागर ने संयुक्तरूप से भारत माता, ओम ,मां शारदे एवं महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। वंदना के उपरांत प्राचार्य रविकांत पाठक ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र, बंशीधर की प्रतिमा और रामचरितमानस देकर सम्मानित किया। स्वागत गीत स्वागतम स्वागतम हे अतिथि आपका स्वागतम ..... महक सामिया, नौरीन परवीन, प्राची, वैष्णवी द्वारा गायन किया गया. विषय प्रवेश कराते हुए प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में गणितीय प्रारूप से गणित की अवधारणाओं को समझने का सफल प्रयास किया गया है.फूड फेस्ट में गुलाब जामुन, रोल, समोसा, छोला, गाजर का हलवा, फरूट , सलाद , कचौड़ी, ब्रेड पकोड़ा, सैंडविच, बांग्ला निमकी, भेज कटलेट, समोसा, इडली, दही बड़ा मोमोज, कैस्ट्रॉल लगाया गया था, जो विभिन्न गणितीय आकृतियों को प्रदर्शित कर रहा था.मुख्य अतिथि ने इसकी भूरी भूरी प्रशंसा की। मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार केशरी ने कहा कि शिशु विद्या मंदिर की व्यवस्था अन्य विद्यालय से उत्तम है, मैंने पिछले कई कार्यक्रमों में भाग लिया और मुझे बहुत खुशी हुई. विद्यालय परिवार को बहुत आभार. इस तरह का कार्यक्रम होते रहे जिससे बच्चों के प्रतिभा का विकास हो. निर्णायक की भूमिका में विद्यासागर,लवली आनंद प्राचार्य मां नगीना शाही कॉलेज एवं मीरा कुमारी व्याख्याता मां नगीना शाही कॉलेज थे.इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरज कुमार सिंह, कौशलेंद्र झा, अविनाश कुमार, कृष्ण कुमार पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, प्रसून कुमार, नंदलाल पांडेय, सत्येंद्र प्रजापति, सुप्रिया कुमारी, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी, प्रियंवदा, नेहा, सलोनी की प्रमुख भूमिका रही।

## वार्ड सदस्यों के तीसरे बैच का प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत चुनाव 2022 के संपन्न होने के पश्चात वार्ड सदस्यों के तीसरे बैच का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। तीसरे बैच के प्रशिक्षण में कोलझिकि, कधवन, भोजपुर व गरबान्ध पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हुये। प्रशिक्षण में सभी वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के गठन एवं उसके कार्य प्रणाली, ग्राम सभा, स्थायी समितियां आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि प्रशासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत होता है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा में वार्ड सदस्य की भूमिका सबसे बड़ी होती है. सभी वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी होना चाहिये। इसके साथ ही वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में वार्ड सदस्यों की भूमिका से संबंधित जानकारी दिया गया। संविधान के 73वे संशोधन के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का गठन की जानकारी भी दिया गया। सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षक दिलीप तिवारी तथा दुर्गेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बुधनी देवी, खुश्बू देवी, माया देवी, परिखा उरांव, लालमुनि राम, पारस नाथ, पार्वती देवी, प्रतिमा देवी, सफीना बीबी, आरती देवी, सुनीता देवी, मनोज सिंह, मोती बीबी, गिरजा देवी, खुशबुन बीबी, सुनैना कुमारी, नागवंती देवी, शकुंतला देवी, मुंशी भुइया, फूलवंती देवी, यशोदा देवी, प्रतिमा देवी सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## प्रभार लेते ही एसडीओ ने किया अस्पताल का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल के नए प्रशिक्षु आईएएस अशीष गंगवार ने शुक्रवार को निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायन से प्रभार लिया। प्रभार लेने के बाद अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड, डिलीवरी वार्ड, दवा वितरण कक्ष, 108 एबुलेंस सेवा अस्पताल परिसर में लगे ऑक्सीजन प्लांट, लैब, की जानकारी ली, साथ ही उन्होंने स्वास्थ उपाधीक्षक डॉक्टर दीपक कुमार से आयुष्मान कार्ड वा सहिया लोगों से समय पर मानदेय मिलता है की नही उसकी जानकारी प्राप्त की, उन्होंने स्वास्थ्य उपाधीक्षक से अस्पताल की साफ सफाई और नियमित रूप से चिकित्सकों को रहने का निर्देश दिया, साथ ही अस्पताल परिसर में लगे विदेश सिंह इंटर कॉलेज पोस्टर को हटाने की बात कहीं, मौके पर तत्कालीन एसडीओ कमलेश्वर नारायन, अंचल पदाधिकारी धनंजय गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी, समेत कई स्वास्थ्य

## लोहरगड़ा पंचायत सचिवालय परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोहरगड़ा पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उक्त शिविर में राशन, पेंशन, अबुआ आवास, पशुधन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना, मनरेगा, पंद्रहवें वित्त, श्रम विभाग, कृषि विभाग, भूमि संबंधित, गुरुजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, केसीसी लोन, पेयजल सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने के लिए ग्रामीणों से आवेदन लिया जायेगा। साथ ही ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ निश्शुल्क योग्य लाभुकों को दिया जाएगा। इसका जानकारी पंचायत के मुखिया नीलम देवी एवं बीडीसी रामव्रत मेहता ने दी है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत भंडार पंचायत में लगा शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर प्रखंड के भंडार, पंचायत मुख्यलायमे अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय के प्रांगण में शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, बीडीओ विक्रम आनंद, सहायक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, मुखिया आरती देवी, के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास, सिंचाई के लिए कुआ सहित काफी संख्या में आवेदन प्राप्त हुआ। अधिकाधिक आवेदन अबुआ आवास योजना का था। शिविर में भंडार उत्क्रमित उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइकिल खरीदने हेतु उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा चेक प्रदान किया गया। वही 120 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया.बीडीओ विक्रम आनंद ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## ए एन एम को अंतरा व छाया से सबंधित ऑनलाइन करने का दिया गया प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में शुक्रवार को सभी ए एन एम को अंतरा व छाया से सबंधित ऑन लाइन करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. गोकुल प्रसाद ने सभी ए एन एम को अंतरा व छाया की जानकारी विस्तार से देते हुये अंतरा व युविन पोर्टल पर ऑनलाइन करने की जानकारी दिया। प्रशिक्षण में प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक करुणा कुमारी, बीडीएम अनुरंजन पांडेय, कम्प्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार, सहायक विपेश राज तामांग सहित ट्रॉमा सेंटर के सभी ए एन एम उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे डगरा पंचयात रहा अव्वल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती और नक्सल इलाके मे 22 दिसंबर 2023 आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अतर्गत डगरा पंचायत के ओपी परिसर में विराट शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायतधीन हजारों की संख्या में उपस्थित होकर विभिन्न लाभकारी योजना के लिए अपना पंजीकरण करवाए। नक्सली भारत बंदी के ऐलान के बावजूद भी बेकाबू भीड़ उमड़ी थी। पर ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण तरीका से पंक्तिबद्ध कतार मे योजनाओं के लिए ऑनलाइन करवाये। कल्याण मंच की परंपरा भी भव्य तरीका से निभाई गई। मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रजावलित एवं फीता काटकर कार्यक्रम को आगाज दिया गया। पंचायत के मुखिया श्रीमती पावर्ती देवी व समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने मुख्य अतिथि और मंचासीन अथितियों और अधिकारियों व कर्मी की स्मृति चिन्हन और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंचासीन अथितियों और अधिकारियों ने संयुक्त रूप से परिसम्पतियों का लाभुकों के बीच वितरण किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, नोडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी बिनोद कुमार, एमओ प्रमोद कुमार सिंह, बीपीओ दीपक कुमार, पूर्व जीप सदस्य श्री सीता राम पासवान,पंचायत के मुखिया श्रीमती मंजू देवी, बीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार,पवन कुमार यादव समेत सभी कर्मी मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं के बीच किया गया पोशाक का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सिंहपुर ग्राम स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय में प्रथम व द्वितीय वर्ग में अध्ययनरत 21 छात्र छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया गया। पोशाक का वितरण पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उदय कुमार ठाकुर तथा वार्ड सदस्य इस्लामुद्दीन अंसारी ने संयुक्तरूप से किया.इस अवसर पर मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने बच्चों को प्रतिदिन निर्धारित समय पर पूर्ण गणवेश में विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ने को कहा। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का आग्रह किया। मौके पर विद्यालय के प्रधान सहायक अध्यापक बिनोद ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य राम मिलन पासवान, मुनर राम, भूपेश पासवान, सभा राम, रानी चंचला देवी, कुंती देवी, मनीता कुमारी, अमरेन्द्र पासवान, परी देवी, मुन्द्रिका राम, शांति देवी, वेबी देवी, उर्मिला देवी, ममता कुँवर, शांति देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## बिजली विभाग के अधिकारी नही सुधरे तो होगा आंदोलन : कमलेश यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** बिजली विभाग के अधिकारीयों के लापरवाही से उपभोक्ताओं के द्वारा बिल जमा करने के बावजूद दो महीने में ही 7 से 8 हजार रुपये का बिल थमा दिया जा रहा है। जिससे बिजली उपभोक्ता परेशान हैं। उक्त बातें शुक्रवार को राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी अपने कार्य प्रणाली में सुधार करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी उपभोक्ताओं को एक से दो महीने में ही 7 से 8 हजार रुपये का बिल थमा देना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे कई शिकायतें मिली है। हीं दुर्भाग्यवश पदाधिकारी उसको निराकरण के लिए नही बैठते है, जो उपभोक्ता मई माह में पूरा बिजली बिल चूका दिया है और उसे जून जुलाई माह में ही 7 हजार का बिल कैसे मिल जाता है।वहीं शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों को कान में जु तक नहीं रेंगता है। इस कार्य प्रणाली में अधिकारी सुधार करें अन्यथा आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।

संक्षिप्त खबरें

## रांची नगर निगम की निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो ने याचिका दायर की

**रांची।** निकाय चुनाव कराने को लेकर रांची नगर निगम की निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो ने झारखंड हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है। इससे पहले भी उन्होंने जल्द चुनाव कराने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की थी, जो फिलहाल विचाराधीन है। प्रार्थी रौशनी खलखो ने विनोद सिंह को अपना अधिवक्ता नियुक्त किया है। उनके मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया है कि सरकार को ओबीसी आरक्षण ट्रिपल टेस्ट कराकर ही निकाय/पंचायत चुनाव कराना है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि चुनाव ही नहीं कराया जाये, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में चुनाव नहीं कराना संविधान की मूल अवधारणा का हनन है। इसलिए ओबीसी आरक्षण कर चुनाव कराना एक प्रक्रिया है, लेकिन इसकी वजह से चुनाव नहीं कराना गलत है। अधिवक्ता विनोद सिंह ने कहा कि झारखंड में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अवमानना किया है। इसलिए रोशनी खलखो ने सरकार के ऊपर अलग से एक आवमाना याचिका दायर की है।

## झारखंड की डिजिटल पंचायतों में अब डाक मित्र भी होंगे

**रांची** : राज्य की डिजिटल पंचायतों में सीएससी केंद्रों के द्वारा डाक मित्र सेवाएं भी मिलनी शुरू हो गयी हैं। फिलहाल पहले फेज में इसे आईएसओ परियोजना के लिए चिन्हित पंचायतों में लागू किया गया है। धीरे धीरे बाकी सभी पंचायतों में भी डाक विभाग की सेवाएं मिलने लगेंगी, जिन 30 चयनित ग्राम पंचायतों में अभी (पहले फेज में) डाक सेवाएं शुरू की गई हैं, उनमें डाक विभाग के स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट की सुविधा सीएससी के जरिये मिलने लगी हैं। इससे अब ग्रामीणों को अपनी पंचायतों के जरिये ही डाक सेवाएं मिलने लगी हैं और शहरों की ओर दौडने के झंझट से छुटकारा मिलने भी लगा है।

# सांसदों के निलंबन पर इंडिया एलायंस ने निकाला विरोध प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 151 सांसदों के निलंबन पर आम जनता की गुस्सा चरम पर। इंडिया एलायंस के बैनर तले जिला स्कूल से राज भवन तक केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में जन आक्रोश मार्च निकल गया जो राज भवन के समक्ष प्रदर्शन करते हुए सभा में तब्दील हो गई । सभा की अध्यक्षता संयुक्त रूप से घटकदल के सभी जिला अध्यक्ष और जिला सचिवों ने की सभा को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय केंद्रीय,प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव कृषि मंत्री बदल पत्रलेख, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक आदि कई नेताओं ने संबोधित किया । कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित नहीं है। झामुमो के विनोद पांडेय ने कहा देश के सर्वोच्च पंचायत संसद भवन के अंदर भाजपा के सांसद के अनुशंसा पर तांडव मचाया गया वैसे सांसद पर कार्रवाई करने के बजाय विपक्षी सांसदों को सदन से निष्कासित कर दिया गया जिससे आम जनता में गुस्सा चरम पर है । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अडानी अंबानी के इशारे पर कार्य कर रही है मोदी सरकार को लोकतंत्र संविधान से कोई लेना-देना नहीं इसीलिए लगातार जन विरोधी फैसले ले रही है आने वाले दिन 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। राष्ट्रीय जनता दल के रंजन यादव ,धर्मेंद्र महतो, ने संबोधित करते हुए मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा । आम आदमी पार्टी के हरी सिंह और अविनाश रंजन ने कहा की सभी विपक्षी सांसदों एवं विधायकों मंत्रियों को केंद्र सरकार जेल के सलाखों में भेज रही है संजय सिंह जैसा बड़े नेताओं को भी जेल में डाल रखा है।तृणमूल के फिलोमिन टोपनो ने संबोधित करते हुए कहा कि देश को बचाने के लिए सबको एकजुट होना होगा तभी देश बचेगा। आक्रोश मार्च का नेतृत्व संयुक्त रूप से झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम,कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश किरण, सीपीआई के अजय सिंह,राजद के




धर्मेंद्र महतो आप के संतोष रजक,टीएमसी के भुवनेश्वर केवट,कर रहे थे।प्रदर्शन में मुख्य रूप से झामुमो के जिला सचिव हेमलाल महतो , समसुर अंसारी जितेंद्र गुप्ता, अश्वनी शर्मा,गोपाल पांडेय,कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश सिन्हा,विनय सिन्हा दीपू,महासचिव सुरेंद्र सिंह,रविन्द्र सिंह,अजय नाथ साहदेव,संजय पासवान रामा खलको, सुनीता सिंह राजद के रंजन यादव,कमलेश यादव, सीपीआई के अजय सिंह,अशोक यादव,मनोज श्यामल लालदेव सिंह,सचिदानंद मिश्रा,माले के नंदिता भट्टाचार्य, सीपीएम के बिना लिंडा, प्रफुल्ल लिंडा,समीर दास समनूर मंसूरी, पूर्व केन्द्रीय सदस्य अफरोज अन्सारी, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, बीरु साहू, कलाम आज़ाद, अश्विनी शर्मा, रामानंद बेदिया, आदिल इमाम, शमीम मंसूरी, डॉ तालकेश्वर महतो, जीत गुप्ता, शान्ति तिर्की, विश्वजीत भट्टाचार्य बाबू, नयनतारा उरांव, उषा उरांव, पुष्पा बरदेवा, सुषमा बरदेवा, मो क्यूम, अजीत नायक, विलियम रिचर्ड लकड़ा, मंटू लाला, संजय राय, राकेश वर्मा, वसीम राबिया खान, आशुतोष वर्मा, रमजान रजा, सुनीता देवी, धर्मेंद्र सिंह, परवेज़ आलम गुड्डु, सज्जाद अंसारी, उर्मिला देवी, फरीद खान, अमन खान, राजेश सिंह, गौरव वर्मा, लक्ष्मण राम, राधा देवी, सुजीत उपाध्याय, आजाद रजा, प्रदीप भोगता, आशुतोष वर्मा, साहिल यादव, गोपाल पांडे, राकेश वर्मा, वसीम खान, मुस्लिम अंसारी, लाडले खान, मो गुड्डु (नसीम), महावीर विश्वकर्मा, नीरज भूषण, गोपाल, अमित महतो, पाण्डे महतो, रातु प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, मो असलम, बबलू मिंज, प्रदीप किस्पोट्टा, कमरूल हक, सावन गाड़ी, मोद्दसिर खान, वसिम मलिक, कृष्णा, मुकेश पाठक, जावेद अंसारी, जीतनंदन महतो, बबलू, सांस तबरेज, संजय कुमार, अमानुल्लाह, अशफाक बबलू, पिंकू, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, राखी देवी, सुकरमणि देवी, सोमारी उरांव, पुरुषोत्तम सिंह, लाला महली, कुदरत अंसारी, अख्तर अंसारी, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, अख्तर मंसूरी, अरमान मंसूरी, अकीब मंसूरी, नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बिरिश मिंज, सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, फलहारी महतो, प्रवीण महतो, भागीरथ महतो, मुकेश महतो, अजीत महतो, चांहो प्रखंड अध्यक्ष मकेश्वर महली, अशोक महली, सोनाहाटू प्रखंड अध्यक्ष हलधर महतो, कृष्णा मुंडा, कुंज बिहारी साहू, जितेंद्र मुंडा, कलेवर अहीर, ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो, नरेश यादव, देवेंद्र नाथ ठाकुर, तायिब अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## ओड़िया भाषायी विद्यालयों में व्याप्त समस्याओं को दूर करने की मांग

**रांची :** ओड़िया भाषायी विद्यालयों में व्याप्त समस्याओं को दूर करने की मांग को लेकर गोलमुरी उत्कल समाज मध्य विद्यालय और गौड़ सेवा केंद्र खरसावां सरायकेला का एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूर्व में प्रचलित ओड़िया भाषा माध्यम के विद्यालयों को पुनः चालू कर ओड़िया बहुत क्षेत्र के मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने, ओड़िया बहुल विद्यालयों में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में टेट पास की बाध्यता समाप्त करने, ओड़िया भाषायी स्कूलों को अल्पसंख्यक घोषित करने, पहली से 12वीं तक के विद्यालयों में पुस्तक उपलब्ध करने, स्कूलों को प्रमाण पत्र देने, शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में सामान्य वर्ग को 43 वर्ष वर्ष और ओबीसी को 45 वर्ष तक की छूट देने, सिंहभूम प्रमंडल के ओड़िया भाषाई क्षेत्र के समस्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने आदि मांग की गई है ।

## बाल संरक्षण आयोग के सदस्य उत्पाद दक्षिणी छोटानागपुर, रांची को ज्ञापन सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी ने फैज अहमद, उपायुक्त उत्पाद दक्षिणी छोटानागपुर, रांची को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से तिवारी ने राज्य सभी इवेंट कंपनी और आयोजकों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शराब पीने पर प्रतिबंध लगाने का मांग किया है।

झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी ने उपायुक्त उत्पाद दक्षिणी छोटानागपुर, रांची से कहा कि प्रतिवर्ष की भांति झारखण्ड राज्य, में इवेंट कंपनी और आयोजकों द्वारा 31 दिसम्बर 2023 आयोजित किया जाएगा। जिसमें खाने पीने के साथ-साथ 21



वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा शराब एवं अन्य मादक पदार्थ का सेवन नही किया जाए यह सुनिश्चित किया जाएगा। बच्चों द्वारा इस प्रकार के उठाए जा रहे कदम से बच्चों का शारीरिक, मानसिक विकास पर नकारात्मक असर पड़ता है। बच्चों और किशोरों द्वारा मादक पदार्थों के सेवन से उम्र के हिसाब से उनका उचित विकास प्रभावित होता है और बच्चों में कई तरह के स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक विकार पैदा होने की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही उनका भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

हर इवेंट के बाहर एक बोर्ड लगा रहना चाहिए जिसमें 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शराब सेवन का अनुमति नहीं दिया जाएगा। राज्य सभी इवेंट कंपनी और आयोजकों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चे शराब एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन करते हुए वीडिया पाया गया जो आयोजक जिम्मेदार होंगे एवं उन पर स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के प्रावधानों के अनुरूप उन पर कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने मांग किया है कि बच्चों के कल्याण के लिए उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में अपने स्तर से दिशा-निर्देश एवं कार्रवाई की जाय एवं कृत कार्रवाई से आयोग को भी अवगत कराने की मांग की है।

## देशभर में कार्यरत हैं लगभग 8 लाख सहकारी समितियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत में 798044 सहकारी समितियां पंजीकृत हैं। इन समितियां के माध्यम से 29 करोड़ 14 लाख 50 हजार 241 लोग जुड़े हुए हैं। झारखंड में 11407 सहकारी समितियां कार्यरत हैं, जिसके माध्यम से 20 लाख 92 हजार 444 लोग जुड़े हुए हैं। सहकारिता मंत्रालय 63000 कार्यात्मक पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए एक परियोजना कार्यान्वित कर रहा है। इसके तहत 10.99 करोड रुपए जारी किए गए हैं। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में दी। सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में सहकारी क्षेत्र में कार्यरत समितियां से संबंधित सवाल पूछा था। जिसमें उन्होंने झारखंड को सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए प्रदान किए गए अनुदान का ब्यौरा भी मांगा था। इस सवाल के जवाब में केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने बताया कि सीडीसी के द्वारा कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें युवा सरकार के माध्यम से नवगठित सहकारी समितियां को प्रोत्साहित किया जाता है। आयुष्मण सहकार के माध्यम से अस्पताल और स्वास्थ्य संबंधी प्रणालियों को कवर करने का काम किया जाता है। नंदिनी सहकार के माध्यम से महिलाओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए कई कदम उठाए जाते हैं। डेयरी सहकार के माध्यम से पर्यावरण, सामाजिक और शासन से जुड़ी गतिविधियों पर काम किया जाता है। डिजिटल सहकार के माध्यम से डिजिटल इंडिया के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य किया जाता है। स्वयं शक्ति सहकार योजना के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान किया जाता है। दीर्घकालिक कृषक पूंजी सहकारी योजना के माध्यम से दीर्घकालिक वित्तीय सहायता प्रदान करने का काम होता है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि इसके तहत कृषि और संरचना निधि योजना एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पीएम मत्स्य संपदा योजना, पीएम सूचना खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का औपचारिकीकरण किया जा रहा है। इसके अलावा 10000 एफपीओ का गठन और संवर्धन की योजना भी बनाई गई है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को सदन में यह भी बताया कि विगत 3 वर्षों में झारखंड को सहकारी समितियां और सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए 7.40 करोड रुपए प्रदान किए गए हैं, जिसमें 7.10 करोड रुपए की सब्सिडी प्रदान की गई है।

# रांची उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोलकर आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव सहित अन्य मानकों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने




ईवीएम के रख-रखाव से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने को कहा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम प्रदर्शन मतदाताओं को जागरूक किए जाने के लिए निर्धारित संख्या में मशीनें निकाल कर अलग स्ट्रांग रूम में रखी गई। वेयर हाउस में मशीने निकाले जाने के दौरान सम्बंधित पदाधिकारी और मान्यता प्राप्त राजनीतीक दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ज़ब्त किये गये गोवंश के भोजनादि में राशि भुगतान 150 रुपये मिलेगी : राजीव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पशुपालन निदेशालय हेसाग हटिया स्थित सभागार में झारखण्ड गो सेवा आयोग की बैठक प्रादेशिक गौशाला संघ के पदाधिकारियों एवं राज्य के सभी निबंधित गौशाला के अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग राजीव रंजन प्रसाद ने की बैठक में उपाध्यक्ष राजू गिरी भी मौजूद रहे। मुख्य रूप से झारखंड प्रादेशिक गौशाला संघ के अध्यक्ष आर के अग्रवाल सचिव अनिल मोदी एवं ध्यान फाउंडेशन की डॉ शालिनी मिश्रा भी उपस्थित रहे। बैठक के उपरान्त पत्रकारों को संबोधित करते हुए गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा की हमे



अत्यंत खुशी है की गो सेवा आयोग की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार ज़ब्त किये गये अधिगृहित गो वंश के लिए भोजनादि मद में राशि भुगतान 150 रुपये प्रति दिन एवं नंदी वंश के लिए 200 रुपये प्रति दिन किये जाने के प्रस्ताव पर विभागीय मंत्री बादल पत्रलेख ने सैध्दांतिक सहमति प्रदान कर दी है अति शीघ्र इस संबंध में सरकारी अधिसूचना जारी हो जाएगी।अब गो सेवा आयोग विभागीय मंत्री एवं एवं मुख्यमंत्री के पास प्रस्ताव बना कर भेजेगा ताकि गौशाला की भूमि को को संरक्षित किया जा सके द्यउपाध्यक्ष राजू गिरी ने अपने संबोधन में कहा की मुख्यमंत्री ने एवं मंत्री ने हमलोगों को जो गो सेवा का मौका दिया है उसका पूरा लाभ गौशाला की आत्मनिर्भरता को मिले ये आयोग की प्राथमिकता होगी द्य बैठक में झारखण्ड गो सेवा आयोग के सचिव डा0 संजय प्रसाद, रजिस्ट्रार डा0 मुकेश मिश्रा, पशुचिकित्सा पदाधिकारी डा0 प्रभात कुमार पांडेय एवं डा0 जय कुमार तिवारी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ब्रिटिश उप उच्चायुक्त ने साइबरपीस सचिवालय और आरयू-आईईटीई साइबरपीस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और साइबरपीस कैफे का दौरा किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उत्तर और उत्तर पूर्व भारत के लिए ब्रिटिश उप उच्चायुक्त, महामहिम डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग, यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच सहयोगात्मक वैश्विक प्रयासों पर चर्चा करने के लिए दो दिवसीय व्यापक यात्रा पर निकले। बुधवार और गुरुवार को दोनों देशों के बीच साइबर सुरक्षा सहयोग पर चर्चा होगी।

इस यात्रा में रांची विश्वविद्यालय के साइबरपीस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, रांची के साइबरपीस सचिवालय में प्रमुख बैठकें और साइबरपीस कैफे और सोशल मीडिया क्रिएटर्स स्टूडियो का शुभारंभ शामिल था।

यात्रा के दौरान, चर्चा साइबर सुरक्षा में भारत-ब्रिटेन साझेदारी और डिजिटल सुरक्षा उपायों को मजबूत करने में साइबरपीस द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर केंद्रित रही। सगाई का एक मुख्य आकर्षण साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का अनावरण था, जो साइबरपीस फाउंडेशन, रांची विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है।

## जगन्नाथपुर मंदिर का स्थापना दिवस 25 को

**रांची :** श्री जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति 29 दिसम्बर को लक्ष्य अर्चना के साथ स्थापना दिवस मनाएगी। मंदिर के मुख्य पुजारी रामेश्वर पाड़ी ने शुक्रवार को बताया कि सुबह पांच बजे से भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए मंदिर के पट खुल जाएंगे। आठ बजे से लक्ष्य अर्चना प्रारंभ होगी। 8:30 बजे से गणपति हवन और 9:15 बजे से श्रीविष्णु हवन होगा। सुबह 10 बजे सामूहिक लक्ष्य अर्चना के लिए संकल्प लिया जाएगा। 10:15 बजे से श्री विष्णुसहस्त्रनाम प्रारंभ होगा। दोपहर 12 बजे भगवान को भोग लगाया जाएगा। एक बजे से भक्तों के बीच महाप्रसाद बांटा जाएगा।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पर कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरीबगान हरमू रोड तथा राजयोग प्रशिक्षण एवं अन्संधान संस्थान के मीडिया प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में समाधान परक पत्रकारिता से समृद्ध भारत की कैनोपी थीम पर समाधान परक मीडिया के लिए आध्यात्मिकता एक चाबी विषय पर सम्मेलन सम्पन्न हुआ। संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करने के पश्चात् दिवाकर कुमार, समाचार सम्पादक रॉची दूरदर्शन ने कहा समाज की उन्नति का काम एक अकेला पत्रकार नहीं कर सकता इसके लिए पूरे समाज में आज परिवर्तन की आवश्यकता महसूस



की जा रही है। यह सत्य है कि आज हमारी जीवन शैली बदली है। जिस तरह से लोगों का सोच बदला है तो अध्यात्म का पक्ष निश्चित रूप से अपने जीवन में लोगों को उतारना चाहिए। प्रभात खबर के वरीय समाचार संपादक साकेत पुरी ने कहा मीडिया की भूमिका यथार्थ सूचना प्रदायक एजेंसी के रूप में होनी चाहिए। मीडिया द्वारा संपूर्ण विश्व में होने वाली घटनाओं की जानकारी मिलती है। पुर्नस्थापना प्रजापिता ब्रह्मा के माध्यम से 1936 में प्रारंभ की गई। चन्दन मिश्र पूर्व सहायक सम्पादक हिन्दुस्तान ने कहा कि हम पत्रकार अनेक मंचों पर जाते हैं परंतु आज हमारे लिए ब्रह्माक्मारी संस्था ने एक मंच उपलब्ध कराया है। पत्रकारिता समाज के उत्थान के लिए होती है। कार्यक्रम में उपस्थित अशोक झा संपादक पीएसए न्यूज ने कहा मौजूदा हालातों में समाज का दर्पण कहलाने वाला लोकतंत्र का चौथा स्तंभ अपनी रिपोर्टिंग को लेकर हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है।

**खोया-पाया**

मैं मुसर्रतशाहीन, पति शब्बीर हुसैन, यह कहना चाहती हूँ की गत 20/12/2023 को दोपहर 1 बजे के आप पास मेरे तीन मुख्य- मूलडीड/ विक्रय विलेख ( सेलडीड) की तीन ओरिजिनल सेल डीड (लिंक डीड) है, जिसका मूल डीड संख्या -5811/5404, तारीख -28/06/1995 (27/06/1995), मूल डीड संख्या -79, तारीख 25/09/1982, मूल डीड संख्या -83 , तारीख : 25/01/1985, है जो एक प्लास्टिक फोल्डर मे है, रास्ते मे कांटाटोली के पास फोटो कॉपी करने के क्रम मे कही गिर गया / खो गया है।, जिसे बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिला।

मेरे उपरोक्त मूल सेल डीड / विक्रय विलेख, संपत्ति /जमीन 10 कथा संपत्ति जो खाता संख्या 170, प्लाट न.-182 और खाता संख्या, 172, प्लाट न.- 181, जो मौजा बरिअतु थाना बरिअतु , जिला रांची, झारखण्ड-834001, की लिंक डीड है। अगर किसी श्रीमान को कथितडीड मिल जाता है तो मेरे मोबाइल न. 9431106008, या मेरे वकील श्री राकेश सिंह अमेठीया के मोबाइल न. 7991101725, में संपर्क करने की कृपा करे ।

(मुसर्रतशाहीन,)
पति- शब्बीर हुसैन
पता- जी. के. मार्केट, कांटाटोली, थाना लोअर बाजार, जिला रांची , झारखण्ड।

# शहरी क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान को बड़े पैमाने में चलाएं : अमित कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शहर के परिवेशी वायु की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सिटी लेवल इंप्लीमेंटेशन कमेटी का गठन किया गया है। इस निमित 22.12.2023 को प्रशासक अमीत कुमार, भाप्रसे, की अध्यक्षता में सिटी लेवल इंप्लीमेंटेशन कमेटी की बैठक रांची नगर निगम सभागार कक्ष में आहूत की गई, जिसमें एबिएंट एयर क्वॉलिटी इंप्रूवमेंट के संदर्भ में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक की कुछ मुख्य बिंदु निम्न है। बैठक में नगर वन/वाटिका योजना के तहत् शहरों में हरित आवरण में वृद्धि लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रशासक द्वारा डीएफओ को निगम क्षेत्रातर्गत स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ ही शहरी क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान को बड़े पैमाने में करने का निर्देश दिया गया। वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से राची नगर निगम द्वारा चार एंटी-स्मॉग गन एंड स्प्रिंकलर का क्रय किया गया था। वर्तमान में रांची नगर निगम क्षेत्र में तीन फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है, जिसके कारण सर्विस लेन व आस-पास के क्षेत्रों में डस्ट से पॉल्यूशन की मात्रा बढ़ जाती है, जिसे नियंत्रित करने के



लिए उक्त मशीनों का उपयोग करने हेतु प्रशासक ने निर्देश दिया। उन्होंने उक्त मशीनों के लिए फिक्स यूजर चार्ज तय करने तथा नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार इनका उपयोग करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा प्रशासक ने संबंधित अधिकारियों को निगम क्षेत्रांतर्गत सभी निर्माणाधीन भवनों में ग्रीन शीट के उपयोग को लेकर जांच अभियान चलाने तथा ऐसा नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जुर्माना अधिरोपित करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा प्रशासक द्वारा को लेकर डीटीओ तथा नगर निगम के अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए इससे संबंधित कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सहायक प्रशासक ज्योति कुमार सिंह, डीएफओ श्रीकांत वर्मा, डीटीओ से जमाल खान, सिविल सर्जन, रांची, नगर अभियान प्रबंधक, तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे। रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिको से अपील करता है कि निगम क्षेत्रातर्गत वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए सामूहिक प्रयासों को बल दें। अपने आस-पास वृक्षारोपण करें तथा शहर को स्वच्छ सुंदर और रमणीक बनाए रखने में सहयोग करें।

## कांस्टेबल रैंक में लगभग चार हजार रिक्त पदों को भरने के लिए कार्रवाई तेज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के दिशा निर्देश पर झारखंड पुलिस द्वारा उग्रवादी संगठनों, संगठित आपराधिक गिरोहों, अन्य आपराधिक तत्वों, यथा- साइबर अपराधियों पर चौतरफा कार्रवाई की जा रही है।

इसके अलावे अन्य आपातकालीन सेवाएँ, विधि-व्यवस्था संधारण, महिलाओं एवं अन्य कमजोर वगों के विरूद्ध अपराध पर रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर से लगातार समीक्षा भी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार के दिशा-निर्देश पर विभिन्न स्तर पर रिक्त पदों को भरने की भी कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कि वर्तमान में हो रही रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया के अतिरिक्त, कांस्टेबल रैंक में लगभग चार हजार पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों को शीघ्र से शीघ्र भरने की तैयारी झारखंड पुलिस के स्तर से की जा रही है और जल्द ही प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

## पिपरवार के बेंती पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत सचिवालय मे शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप मे टंडवा बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव और विशिष्ट अतिथि मे टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उंराव,टंडवा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवलाल उंराव, बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी,उप मुखिया किरण कुमारी,पंचायत समिति सदस्य कुमारी अनुप्रिया सहित कई गणमान्य लोग मौजुद थे।शिविर मे पंचायत के ग्रामीणो ने सर्वजन पेंशन योजना, धोती साड़ी,मनरेगा,जॉब कार्ड,मुख्यमंत्री पशुधन योजना,सावित्री बाई फुले योजना,जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र,आयुष्मान कार्ड,आधार कार्ड,श्रम कार्ड, गुरुजी क्रेडिट कार्ड,बिजली विभाग,राशन कार्ड सुधार सहित कई योजनाओं को लेकर अपना आवेदन जमा किया।इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा प्राप्त आवेदनों में कई आवेदनों की समस्याओं का मौके पर ही निष्पादन किया गया।शिविर के दौरान सैकड़ो गरीब असहाय और वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।बीडीओ देवलाल उंराव ने बताया कि टंडवा प्रखंड के अंतर्गत आने वाले सभी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्या का समाधान किया जा रहा है।इस मौके पर शिविर में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ देखी गई।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में विज्ञान व कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में शुक्रवार को महान गणितज्ञ एस रामानुजम के जंयती के अवसर पर विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित एवं फीता काटकर किया गया।इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर उसकी प्रदर्शनी लगाया।बच्चों के द्वारा लगाए गए माडल प्रदर्शनी का अतिथियों ने निरीक्षण कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया।इस दौरान बच्चों ने मॉडल से संबंधित बातों की जानकारी दी।स्कूली बच्चों के द्वारा चंद्रयान,रोबोट,कोयला खदान,वॉटर हिटर,फिल्टर प्लांट सहित कृषि से संबंधित कई मॉडल की प्रदर्शनी लगाया गया।इस दौरान बच्चों के द्वारा लगाये गये चंद्रयान मॉडल की जमकर प्रशंसा की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने इस तरह के आयोजन की जमकर प्रशंसा की।वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा और उनके वैज्ञानिक क्षमता सामने आती है।इस तरह के आयोजन से स्कूली बच्चों को कई तरह के आविष्कार करने का अवसर प्रदान होता है।इस मौके पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के प्राचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा, मैक्लुस्कीगंज के प्राचार्य लखन गुप्ता,पुरानीराय के प्राचार्य गणेश महतो,सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, सौखी महतो,मुखिया शीला देवी,उप प्रमुख सुमन देवी, एतवारा महतो,रीतेश केशरी, ओंकार तिवारी,योगेंद्र ठाकुर, राजेन्द्र महतो,प्रमोद कुमार, राजु गुप्ता,प्रभात कुमार, अनिल सिंह,राजेश्वरी सिंहा, वीणा देवी,नीलम देवी,ज्योति देवी सहित कई लोग मौजुद थे।

## राय पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत के झारखंडी मंदिर पुरानीराय मैदान में खलारी बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस शिविर में पंचायत के कई ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्या एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा किया।शिविर में कुल 1824 आवेदन जमा किया गया, जिसमे 1002 मामलो का मौके पर निष्पादन किया गया।इस मौके पर अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो,उप प्रमुख सुमन देवी, प्रदीप भोगता,अंचल निरीक्षक कमलकांत वर्मा,पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.प्रतिमा कुमारी,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता,प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य नाथ झा,प्रखंड समन्वयक असित कुमार, अंचल कर्मचारी रितेश कुमार, कनीय अभियंता प्रवीण उरांव,शिक्षा विभाग से राजेश वर्मा,बाल विकास विभाग से अनीता देवी, अजित कुमार सिन्हा,मुखिया शीला देवी, पंचायत सचिव हरकुलश साहू,रोजगार सेवक सुधीर कुमार,सरिता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## पटेल बीएड कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी सह क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पटेल बीएड कॉलेज लोधमा में शुक्रवार को सत्र 2023-25 में नामांकित एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कॉलेज सचिव संगीता कुमारी, प्राचार्या डॉ. अनुराधा कुमारी एवं शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी. प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पटेल बीएड कॉलेज परिवार में शामिल होने पर औपचारिक रूप से बधाई दी. साथ ही साथ प्राचार्या ने कॉलेज के दिशा निर्देशों का अनुशासन पूर्वक पालन करते हुए पढ़ाई पर विशेष रूप से फोकस करके पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की ही तरह भविष्य में एक सफल शिक्षक के साथ-साथ एक सफल इंसान बनने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर सत्र 2022- 24 के विद्यार्थियों ने स्वागत गान सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से इस पल को यादगार बना दिया. प्रत्येक नवागंतुक विद्यार्थी ने अपना संक्षिप्त परिचय देने के साथ ही अपने लिए सीनियर द्वारा निर्धारित कुछ कार्यक्रमों में भी भाग लिया. जिसमें मिस्टर फ्रेशर्स जॉनसन बारजो और मिस फ्रेशर्स प्रियंका कुमारी को चुना गया. फिर दोनों सत्रों के विद्यार्थियों ने मिलकर क्रिसमस गैदरिंग का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया. प्राचार्या सहित सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी संपूर्ण कार्यक्रम में भाग लिया ।

## छाता में जैवविविधता प्रबंधन समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड पंचायत भवन छाता में शुक्रवार को जैव विविधता परिषद रांची के तहत जैव विविधता प्रबंधन समिति सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन छाता पंचायत मुखिया सुखराम मुंडा कि अध्यक्षता में किया गया. प्रशिक्षण पर मुख्य रूप से जरिया वन क्षेत्र के वनपाल राकेश कुमार उपस्थित होकर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. बीएमसी प्रशिक्षण में पीबीआर अपग्रेडेशन के बारे ,जैव विविधता संरक्षण, सतत उपयोग, बीएमसी के कार्य अधिकार के बारे में ,जैवविविधता के वास स्थल जैसे जल, जंगल, जमीन, जानवर, जलवायु एवं खेतों में पाए जाने वाले जैविक संसाधनों की जानकारी दी गयी. बीएमसी सदस्यों का खाता खोलना अपडेट करने तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म दिखाकर जैविक संसाधनों संपदाओं से जुड़ी ज्ञान एवं बीएमसी दस्तावेजीकरण और अपग्रेडेशन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी. प्रशिक्षण में बतौर प्रशिक्षक जन जागरण केन्द्र के प्रतिनिधि मोहन राम लोहरा एवं निर्मल कुमार महतो ने प्रशिक्षण दिया. गौरतलब है कि जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन दो-तीन साल पूर्व प्रत्येक पंचायत में किया गया था परंतु लॉकडाउन के चलते यह समिति सुषुप्त अवस्था में था और अभी सरकार के आदेश निर्देश के अनुसार इस समिति को सशक्त किया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम में छाता, सुनगी, डुमरगड़ी, लिमड़ा व ओकड़ा पंचायत के जैवविविधता प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## सिम्बायोसिस पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस मनाया गया

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रांची जिला अंतर्गत बुंडू में 22 दिसंबर दिन शुक्रवार को सिम्बायोसिस पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम उत्साहपूर्ण खेलों से भरपूर था। गुब्बारा दौड़, रिले, बाल्टी भरना, सुई और धागा, बोरी दौड़, गुब्बारे फोड़ना कुछ ऐसे खेल थे जिनका छात्रों ने भरपूर आनंद लिया। तीरंदाजी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। विद्यार्थियों ने कराटे और ड्रिल में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छात्रों ने अद्भुत स्वागत नृत्य और एक ऊर्जावान नृत्य संख्या प्रस्तुत की, छात्रों को योग्यता प्रमाण पत्र और पदकों से सम्मानित किया गया। म्यूजिकल चेयर, दौड़ जैसे विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। वर्ष का सर्वश्रेष्ठ सदन का पुरस्कार गंगा को दिया गया, उसके बाद सरस्वती सदन और गोदावरी को पुरस्कार दिया गया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी** : उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में एन.जी.ओ से सम्बंधित बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले में कार्यरत विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल थे। मौके पर उक्त संस्थाओं द्वारा संचालित विविध योजनाओं, उनके कार्य क्षेत्र की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी एन. जी.ओ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों की समुचित जानकारी व रिपोर्ट जिले के विकास शाखा में उपलब्ध कराएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि जिले अंतर्गत कार्यरत सभी एन. जी. ओ को अगले सात दिनों के अंदर कार्य की पूर्ण विवरणी उपलब्ध करानी है। इस दौरान उनके द्वारा सभी संचालित कार्यों को उचित आकलन के पश्चात ही संचालन की अनुमति दी जाएगी। कोई भी एन. जी. ओ सरकारी सहायता या फंडिंग एजेंसी की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराए बिना कार्य नहीं करेंगे।

जिले में कार्यरत किसी भी स्वयंसेवी संस्था को अपनी योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर विकास शाखा से उचित समन्वय स्थापित करना आवश्यक है। बैठक के दौरान सिनी संस्थान द्वारा बताया गया कि बाल संरक्षण से सम्बंधित कल्याणकारी प्रयास जारी है। साथ ही बच्चों के विकास के लिए भी जिला समाज कल्याण विभाग के साथ मिलकर बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। जेजेवाई के तहत कार्य कर रहे गायत्री सेवा संस्थान, प्रवाह, प्रदान व अन्य संस्थाओं से जानकारी ली गई। इसके साथ ही प्रदान, लिड्स, एनबीजेके, वन जीवन, पिरामल, महिला विकास व अन्य एन. जी.ओ द्वारा शिक्षा व कृषि सम्बन्धित किये गए कार्यों की जानकारियां साझा की गई। प्रदान के द्वारा खूंटी, मुरहू, अड़की एवं रनिया प्रखण्ड में स्वच्छ प्रोमोशन योजना के अंतर्गत चल रहे गतिविधि की प्रगति के सम्बंध में जानकारी दी गयी। उपायुक्त द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में एन. जी. ओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की उचित रूप से जांच की जाय। सभी कार्यरत एन. जी. ओ को आधिकारिक अनुमति पर ही कार्य करना अनिवार्य है। बैठक के दौरान फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (FPOs) के कार्यों व FPO के गठन के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिले में संचालित FPO के विकास व कार्यकलापों के सम्बंध में जानकारी ली गयी।

## आईएचएम ब्राम्बे में क्रिसमस गैदरिंग बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर** : इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची ब्राम्बे में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बड़े हीं धूमधाम एवम हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस गैदरिंग 2023 का आयोजन एवम क्रिसमस उत्सव मनाया गया। क्रिसमस उत्सव की शुरुवात सेंट पीटर चर्च के फादर प्रदीप मिंज, फादर इरन्यूस, मिशन हॉस्पिटल से फादर जॉर्ज, सिस्टर शैसी, कार्मेल स्कूल से सिस्टर मनिषा एवम सिस्टर रोजरीन द्वारा संस्थान में बनाए गए चरनी की पवित्रीकरण की गयी तथा सभी को क्रिसमस संदेश दिया गया गई। इस दौरान ब्राम्बे चर्च के अध्यक्ष श्री रौशन एमान्वेल तिग्गा, ब्राम्बे चर्च से श्रीमती रजनी तिग्गा, श्रीमती नीली मुंडा, मांडर थाना प्रभारी श्री विनय कुमार यादव तथा श्री योगेंद्र सिंह, संस्थान के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र एवं अन्य उपस्थितगण मौजूद रहें तथा छात्रों के द्वारा प्रार्थना एवं क्रिसमस गीत गाए गए। साथ हीं क्रिसमस आधारित गीत एवं नृत्य भी किया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं देते बताया की क्रिसमस एक अनोखा पर्व है जो ईश्वर के प्रेम, आनंद एवं उद्धार का संदेश देता है तथा जीवन में हमें जो भी प्राप्त है उनका आभार करना सिखाता है। आयोजित क्रिसमस गैदरिंग का समापन सभी के बीच केक एवं अन्य कुकीज वितृत कर किया गया जिसका सभी ने काफी प्रसंशा भी की।

## शहीद शेख भिखारी, शहीद टिकैत उमरांव सिंह की शहादत दिवस मनाने को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी** : खलारी पंचायत सचिवालय में शहीद शेख भिखारी, शहीद टिकैत उमरांव सिंह की शहादत दिवस मनाने को लेकर शुक्रवार को बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष जफरुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में हुयी.बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि शहीद शेख भिखारी, शहीद टिकैत उमरांव सिंह झारखंड के वीर सपूतों में से एक है जिनकी शहादत की गाथा जितनी भी कि जाए उतना कम है .

बैठक में निर्णय लिया गया की 8 जनवरी को खलारी जी टाईप में शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह का शहादत दिवस समारोह पूर्वक मनाया जायेगा.बैठक में तौहीद अंसारी,अय्युब रजा, इकबाल अंसारी, सलामत अंसारी, असरारुल हक, सलामत अंसारी, फारुक नवाब ,रफीक अंसारी, इदरीश अंसारी, रिजवान अंसारी, वाहिद अंसारी, जावेद अख्तर,समसुल होदा, आरिफ, नाजिम खां ,समसुल अंसारी, सुल्तान अंसारी उपस्थित थे.

## श्रीनिवास रामानुजन जयंती पर हुई गणित आधारित प्रतियोगिताएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी** : खलारी के सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा के प्रांगण में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती गणित दिवस के रूप में मनाई गयी. कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य शालीग्राम सिंह ने श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर किया. इसके बाद कक्षावार छात्र-छात्राओं के बीच पहाड़ा प्रतियोगिता, गणित दौड़ आदि का आयोजन किया गया.उच्च कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के बीच गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता हुई. अंत में एक जयंती सभा आयोजित की गयी, जिसमें विविध कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा रामानुजन के जीवन तथा गणित में उनके द्वारा दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया. कार्यक्रम में युवराज, मोहित, सुनीता, निकिता, प्रियांशु, अंजनी आदि विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही. इस अवसर पर आचार्य चंद्रभूषण सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, संजीव सिंह, सियाराम सिंह, विक्रम पांडे, गौरीशंकर कामिला, दिलीप शर्मा, उमेश कुमार, गोविंद चौहान, आचार्या पूनम पाठक, बसंती कुमारी, नूतन सिंह व प्रीति तिर्की उपस्थित थे.

# गणित एक रोचक विषय, विद्यार्थी सूत्रों की बारीकियां को समझें : सकलदीप भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी** : मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में शुक्रवार को को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महान गणितज्ञ श्रीनिवासा रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत में राष्ट्रीय गणित दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की याद में मनाया जाता है। श्रीनिवास रामानुजन् इयंगर एक महान भारतीय गणितज्ञ थे। इन्हें आधुनिक काल के महानतम् गणित विचारकों में गिना जाता है। इन्हें गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला, फिर भी इन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिए। इन्होंने अपने प्रतिभा और लगन से न केवल गणित के क्षेत्र में अद्भुत अविष्कार किए वरन भारत को अतुलनीय गौरव भी प्रदान किया।ये बचपन से ही विलक्षण प्रतिभावान थे। इन्होंने खुद से गणित सीखा और अपने जीवनभर में गणित के लगभग 3,884 प्रमेयों का संकलन किया। इनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किये जा चुके हैं। इस अवसर पर गणित आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। शिक्षक सकलदीप भगत ने बच्चों से महान गणितज्ञ रामानुजन से प्रेरित होकर गणित के फार्मूले रटने के बजाये उन्हें समझने की सलाह दी उन्होंने कहा गणित एक रोचक विषय है। इस दौरान गणित के कई सूत्रों को बारीकियां से समझा कर बच्चों को गणित के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर सभी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षिका रिया और सुमित मौजूद थे।

## चान्हो प्रखंड किसान श्रमिक संघ का प्रखंड अध्यक्ष सहदेव उरांव नियुक्त किया गया



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शुक्रवार को चान्हो प्रखंड अंतर्गत बीजूपाड़ा में पूर्व आईएएस डॉक्टर परमेश्वर भगत की अगुवाई में एवं श्री अनिल गोप भारतीय किसान श्रमिक संघ जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में बैठक किया गया। जिसमे प्रखंड के कई गांव के जिम्मेदार एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए। जिसमे सर्वसम्मति से सहदेव उरांव को प्रखंड स्तर पर संघठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान संघठन के सभी पदाधिकारी/सदस्यों एवं सेराज अंसारी, दिनेश गोप, राजेश कुमार गोप, सिवेश कुमार सिंह, तौफीक अंसारी, राजेंद्र महतो, जय प्रकाश लोहरा, परमेश्वर गोप, रवि कुमार, शंकर उरांव, राजू उरांव, रंजीत यादव, शंभू यादव, जालिम सिंह, शबुधन उरांव, मनोहर प्रसाद गुप्ता, मजीद आलम को माला पहना कर डॉ परमेश्वर भगत के द्वारा स्वागत किया गया।

## बारिडीह में गरीब वृद्धों के बीच 60 कम्बल का वितरण



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड के बारिडीह गांव में शुक्रवार को वृद्ध व गरीबों के बीच 60 कम्बल का वितरण किया गया। वितरण सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत व वार्ड सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से किया।कड़कड़ाती ठंड में लचार, असहाय व बुजुर्गों को कंबल मिलने से काफी खुश हुए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि इस ठंड के मौसम में जरूरतमंदों का जरूरत पुरा करना हमारा कर्तव्य समझते हैं और हमेशा से हम इस तरह के कर्तव्यों का निर्वाहन करते आये हैं और करते रहेंगे। मुखिया सुशांति भगत ने कहा की गांव के सबसे निचले तबके तक योजनाओं को पहुंचाना मेरा लक्ष्य है। हमारे पंचायत में 60 कम्बल बांटने के लिए आया हुआ था जिसका वितरण हम अपने पंचायत के सही लाभुकों तक पहुंचाने का काम किये हैं। मौके पर वार्ड सदस्य इलम देवी, महेन्द्र उराँव, ग्राम प्रधान बिनोद उराँव, एवाम महतो, सुकला उराँव सहित लाभुक उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन के जलमीनार निर्माण का एसडीओ ने किया निरीक्षण



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड के जल जीवन मिशन के अंतर्गत करांजी, जराटोली, खत्री खंटगा, नगड़ी मुंडा टोली गांवों में बन रहे जलमिनार का निरीक्षण पीएसडी एसडीओ ने देवानंद ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पिलर रड के रिंग को अंदर से एल अकार बनाने का निर्देश दिया। जिससे पिलर में मजबुती आ सकेगा। वहीं मिस्त्री को काम में गुणवत्ता पुर्ण बनाने का निर्देश दिया साथ ही ससमय निर्माण कार्य पुरा करने का निर्देश दिया। एसडीओ देवानंद के साथ पीएसडी बेड़ो के प्रधान सहायक, कोसरेक्स डीलर मो0 मोर्तेजा, जाहिद आलम उपस्थित थे।

# किचटो में हुई कांग्रेस पार्टी की बैठक मे कमेटी का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार** : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत भवन में कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई, जिसमे किचटो पंचायत कोर कमेटी का गठन किया गया।बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता एंव संचालन रविंद्र गुप्ता ने किया।मुख्य अतिथि के रूप मे इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज मौजुद थे।बैठक मे सर्वसम्मति से किचटो पंचायत अध्यक्ष उर्मिला देवी, उपाध्यक्ष कौलेश्वर महतो, सचिव अंगद महतो, कोषाध्यक्ष आशीष टाना भगत,मीडिया प्रभारी टिंकू कुमार महतो एंव गुरुदेव उरांव को बनाया गया।मुख्य अतिथि अंकित राज ने कहा कि पार्टी में महिलाओं का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। शिक्षित एवं युवा महिला विधायक के विकास कार्यों से प्रभावित होकर महिलाएं भी पार्टी के सदस्यता ग्रहण कर रही हैं।यही वजह है कि आज किचटो पंचायत की पंचायत अध्यक्ष भी एक महिला है।

वही रविंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन के माध्यम से जमीनी स्तर पर विकास कार्य हो रहा है।बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण योजनाओं का चयन एवं चापाकलों की सूची तथा रोड,नाली,गली निर्माण समेत इत्यादि मामलों पर चर्चा की गई।इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि ने पंचायत की समस्याओं से भी अवगत कराया।बैठक मे कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।बैठक मे संतोष यादव, तेजनाथ महतो,प्रेमचंद मुंडा, रामचरण महतो, नारायण गंझू, कामेश्वर महतो, शीतल महतो, बालकू टाना भगत,फूलचंद उरांव, इलियास टाना भगत,राजेश उरांव, बीजू उरांव,टेकलाल महतो, विशेश्वर महतो,गणेश महतो, मोहन महतो,कुलदीप महतो, विजय महतो,उमेश महतो,योगेश्वर महतो,प्रियंका कुमारी,शिवनाथ महतो,कंचन देवी,सावित्री देवी,सोनी देवी, अनु देवी,देवंती देवी,कुंती देवी,सूरज मुंडा,कामेश्वर गंझू,महेश महतो,विजय टाना भगत,हकीम उराव सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## भाकपा माओवादी के बन्द का कोयलांचल क्षेत्र में रहा मिला-जुला असर

**पिपरवार** : नक्सली संगठन भाकपा माओवादियो द्वारा आहूत बन्द का सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में मिला-जुला असर देखने को मिला।पिपरवार क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों की लगभग सभी दुकानें खुली देखी गई।वहीं पेट्रोल पंप और बैंक भी खुले रहे।लंबी दुरी कि यात्री बसों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा,जिसके कारण चौक चौराहो और बाजारों में यात्री इधर-उधर भटकते रहे।बन्द का सबसे ज्यादा असर सीसीएल के कार्यों पर देखा गया।अशोक परियोजना कोयला खदान से आरसीएम रेलवे साइडिंग तक और सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी से लेकर बचरा रेलवे साइडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई का काम पूरी तरह से बंद रहा।कोयला ढुलाई बंद होने के कारण हाइवा डंपर जहां-तरह खड़ी रही।वहीं ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।बचरा और आरसीएम रेलवे साईडिंग मे रैक लोडिग व डिस्पैच का कार्य भी प्रभावित रहा।बंद को लेकर पिपरवार पुलिस काफी सतर्क देखी गई।पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार पुलिस टीम के साथ स्वंय दिन भर थाना क्षेत्र में गश्त करती रही।समाचार लिखे जाने तक कहीं से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## महिंद्रा का ब्लेज़ो एक्स एम-ड्यूरा टिपर और बीएसवी रेंज लॉन्च

**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिंद्रा ग्रुप की सहायक कंपनी, महिंद्रा'ज ट्रक एंड बस डिवीजन (एमटीबीडी), और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीजन ने नवाचार और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, एक्सकॉन 2023 में अपनी नवीनतम पेशकश लॉन्च की। नया इंडिया का नया टिपर महिंद्रा ब्लेज़ो एक्स एम-ड्युरा और विनिर्माण उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज, उद्योग के नवीनतम मानकों के अनुरूप उन्नत फीचर्स एवं अनुपालन प्रदान करते हुए अपनी-अपनी श्रेणियों में मानकों को नए सिरे से प्रभावित करने के लिए तैयार है। इस अवसर पर बोलते हुए जलज गुप्ता, बिजनेस हेड - वाणिज्यिक वाहन, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने कहा कि स्थानीय विनिर्माण पर जोर देने के साथ-साथ अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को पेश करने के हमारे निरंतर प्रयास, कंपनी के मजबूत समर्थन का उदाहरण हैं।



## भालू के हमले से नाबालिक युवक घायल

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के छोटा कादल निवासी बासुदेव महतो के 16 वर्षीय पुत्र डॉक्टर महतो भालू के हामले से घायल हो गया. घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर में इलाज किया गया. घटना बीते गुरुवार शाम की बतायी जाती है. मिली जानकारी के अनुसार छोटा कादल गांव के डॉक्टर महतो बीते गुरुवार की शाम लगभग पांच बजे शौच करने के लिए गांव के तालाब की ओर गया था.

## कड़ाके की ठंड के बीच प्रदीप वर्मा फाउंडेशन ने जरूरतमंदो को दिया कंबल

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बाराडीह विद्यालय परिसर में प्रदीप वर्मा फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मिडिया सह प्रभारी मनोहर दास ने बताया कि प्रदीप वर्मा फाउंडेशन द्वारा 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ठंड को देखते हुए ओर आगे भी कंबल वितरण किया जाएगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष फटिक गोराई, जिला मिडिया सह प्रभारी मनोहर दास, भाजपा महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष टुसू महतो,ग्राम प्रधान गुरुपदो सिंह मुंडा, सोनाराम महतो, रेंगटू दास एवं मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्तागण व ग्रामीण उपस्थित थे।



## जैम@स्ट्रीट का आयोजन साकची में कल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्दी के इस मौसम में जमशेदपुर वासियों के बीच लोकप्रिय उत्सव जैमञस्ट्रीट बिष्टुपुर के बाद अब इस रविवार 24 दिसंबर, 2023 को सुबह 6-30 बजे साकची (साकची चौराहे से पुराने बुक स्टोर तक) में होने वाला है।टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से, विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला एक समावेशी और विविध कार्यक्रम, रोमांचक और रोमांचकारी जैमञस्ट्रीट का आयोजन कर रहा है। इस रविवार को साकची मेन रोड पर बैडमिंटन खेलने, जुम्बा के साथ कसरत करने और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों का आनंद लेने के लिए तैयार हो जाइए।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिये हो रहा जनता की समस्याओं का समाधान : मंगल कालिंदी

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के लायलम पंचायत मंडप में शुक्रवार को आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधायक मंगल कालिंदी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि झारखंड के सभी लोगों को उनका हक व अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है। शिविर में सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास के स्टॉल पर रही। इस दौरान विधायक ने पेंशन स्वीकृति पत्र, बुजुर्गों के बीच कंबल, स्कूली बच्चों के बीच साइकिल समेत महिला समूहों के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण किया। मौके पर बीडीओ नाजिया अफरोज, सीओ सुदीप राज, पार्षद प्रतिनिधि माणिक महतो, मुखिया सुशील सिंह व पंसस विश्वनाथ हांसदा समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## शहीद निर्मल महतो की जयंती पर गुंजन यादव 25 को करेंगे एकदिवसीय शांतिपूर्ण उपवास

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एवं झारखंड आंदोलन के नायक, शहीद निर्मल महतो के जयंती पर 25 दिसंबर को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव जमशेदपुर के कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल के समक्ष एकदिवसीय शांतिपूर्ण उपवास पर बैठेंगे। शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षों के संग अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय जाकर उन्हें इस आशय हेतु पत्र देकर अनुमति मांगी है। पत्र के माध्यम से बताया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 8 अगस्त, 2019 को निर्मल महतो की शहादत दिवस पर लौहनगरी जमशेदपुर में युवाओं से 1 वर्ष में 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था। नौकरी ना देने पर राजनीति से सन्यास की घोषणा उन्होंने भरी सभा को संबोधित करते हुए कही थी। पत्र में बताया गया कि आज मुख्यमंत्री बनने के उपरांत 4 साल बीतने को हैं, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने युवाओं, महिलाओं, पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मियों, किसानों से वादाखिलाफी करने के साथ शहीद निर्मल महतो की शहादत का अपमान कर अबतक युवाओं को सिर्फ ठगने का कार्य किया है। इस दौरान सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, मंजीत सिंह, पप्पू सिंह, नीलू मछुआ, राजीव सिंह, बिनोद कुमार सिंह, अमित अग्रवाल, अजीत कालिंदी व अन्य मौजूद रहे।



# मोदी सरकार के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने डीसी ऑफिस के समक्ष किया धरना-प्रदर्शन

***- कांग्रेस, झामुमो, माले, सीपीआई, आप पार्टी, आरजेडी और जेडीयू के जिलाध्यक्ष व पार्टी कार्यकर्ता हुए***




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत भाजपा सरकार के तानाशाह के खिलाफ महाधरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त कार्यालय जमशेदपुर के समक्ष आयोजित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने किया।गठबंधन दल के नेताओं ने भाजपा सरकार के लोकतंत्र के खिलाफ किये गए आचरण के तहत संसद के दोनों सदनों से 146 सांसदों को निलंबित कर दिया। वक्तागणों ने कहा कि निलंबन की घटना लोकतंत्र को कमजोर करने वाली घटना है। भारत में लोकतंत्र और संविधान ही सर्वोपरी है। जिसकी हत्या बढ़चढ़कर मोदीजी के अगुवाई में बार बार की जा रही है। पहले विपक्षी सांसदों को निलंबित कराते है और फिर ताबडतोड संसद से बिल पास करवाते है। सभी वक्ता नेतागणों ने जनता से अपील किया कि अगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के साथ जुडें और लोकतंत्र को बचाने के अभियान में साथ दें।कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, झामुमो जिलाध्यक्ष रामदास सोरेन, माले के ओमप्रकाश सिंह, आप पार्टी अध्यक्ष गणपति करूवा, सीपीआई के शशी कुमार, अम्बुज ठाकुर, आरजेडी अध्यक्ष सुभाष यादव, जेडीयू के नेतागण शामिल हुए, रामाश्रय प्रसाद, राकेश तिवारी, राजकिशोर यादव, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, रजनीश सिंह, शफीअहमद खान, रियाजुद्दीन खान, गुरदीप सिंह, जसवंत सिंह जस्सी, मोहम्मद शब्बीर उर्फ लाल बाबू मोहम्मद सलीम अमर कुमार मिश्रा ज्योति मिश्रा रेनू मिश्रा सुरेंद्र शर्मा आनंद में पत्र बम बम प्रसाद सोहेल खान संजय यादव अब्दुल सलीम खान चिन्ना राव अली राजा खान कौशल प्रधान धीरज कुमार श्रीनाथ सिंह सागेन पूर्ति, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लालबीर सिंह सुरीन प्रीतम हेंब्रम शंकर चंद हेंब्रम मनोज यादव कमलजीत कौर गिल, सहित काफी संख्या में कार्यकर्तागण शामिल हुए।

## हाथी पीड़ित परिवार को आजसू नेता हरेलाल महतो ने दी सहायता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत दुमदुमी में बीती रात को जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। वहीं, हाथियों ने दल गोबिंद महतो के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। घर के लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर शुक्रवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो दुमदुमी पहुंचकर पीड़ित परिवार का हाल चाल जाना। घटना की जानकारी लेने के बाद हरेलाल महतो ने पीड़ित दल गोबिंद महतो को तिरपाल तथा आर्थिक सहायता प्रदान किया। वहीं, हरेलाल महतो ने वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर तत्काल पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि देने का आग्रह किया। इस अवसर पर आजसू के तिल्ला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम महतो, उत्तम कुमार, श्यामल महतो, अरुण महतो आदि मौजूद थे।

## प्रीति सिंह बनी वीरांगना फाउंडेशन जुगसलाई मंडल का अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतराष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की अंतराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिहं के निर्देशानुसार जुगसलाई मंडल का गठन किया गया। पूर्वी सिंहभूम की अध्यक्ष रजनी सिंह के नेतत्व मे वीरांगना का विस्तार करते हुए जुगसलाई मंडल का विनीता सिंह को संगरक्षक चुना गया। इसके साथ ही प्रीती सिंह अध्यक्ष, उर्वशी सिंह महामंत्री, माया सिंह संगठन सचिव, कांति सिंह उपाध्यक्ष, संगीता सिंह उपाध्यक्ष चुनी गई। इस अवसर पर बीभा सिंह, प्रीती सिंह, चित्रलेखा सिंह, अंजली सिंह, खुशबू सिंह, किरण सिंह आदि वीरांगनाएं उपस्थित थी ।

## बिष्टुपुर सत्यनारायण मंदिर में मना महासर माता का 15वां मासिक कीर्तन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की धार्मिक संस्था श्री महासर माता परिवार जमशेदपुर (कोल्हान) द्वारा कुलदेवी महासर माता का 15वां मासिक कीर्तन उत्सव बिष्टुपुर सत्यनारायण मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। यजमान राहुल भालोटिया सपत्नी द्वारा पूजा अर्चना कर ज्योत प्रज्जवलित की गयी। पंडित रामजी पारिक ने पूजा की और सबको रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर स्थानीय भजन गायक रोहित गुलाटी, बंटी चांगिल, नेहा कौर द्वारा श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ किया गया। कलाकारों द्वारा माता के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर कुलदेवी का गुणगान किया गया। मुख्य आकर्षण माता का आलौकिक दरबार, भजनों की अमृत वर्षा, छप्पन भोग, महाप्रसाद आदि रहा। आरती के बाद 56 भोग का प्रसाद वितरण किया गया। इसे सफल बनाने में महासर माता परिवार संस्था के सभी भक्तों का सहयोग रहा।

## झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने पोटका में श्राद्धकर्म में किया सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पोटका प्रखंड की डोमजुड़ी पंचायत के ग्राम राजदोहा टोला बाड़ेघुटु निवासी रहे चंद्रमोहन हांसदा के श्राद्धकर्म हेतु झामुमो के युवा नेता महाबीर मुर्मू ने शुक्रवार को सहयोग किया। इस संबंध में महाबीर मुर्मू ने बताया कि विगत दिनों चंद्रमोहन हांसदा का आकस्मिक देहांत हो गया था। वे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। आज पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनके भाई बिक्रम हांसदा एवं पत्नी बेलबुती हांसदा से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया एवं श्राद्धकर्म हेतु सूखा राशन देकर सहयोग किया गया। मौके पर माटकू पंचायत के पूर्व मुखिया बिल्टु हांसदा, डोमजुड़ी पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी, मनोज तांती व करण वीर कालिंदी आदि उपस्थित थे।

## मरांगहातु : सरकार आपके द्वार शिविर में विधायक ने लाभुकों के बीच किया परिसंपत्तियों का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई के मरांगहातु पंचायत के बिरसा स्टेडियम में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा शिविर आयोजित की गई. कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक दशरथ गागराई, आईटीडीए निदेशक संदीप दोराईबुरु, जीप सदस्य जींगी हेंब्रम, बीडीओ साधुचरण देवगम, प्रमुख गुड्डी देवी, पंचायत समिति सदस्य लालमनी सामाड ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि कार्यक्रम के जरिए सरकार की जन उपयोगी योजनाओ को सुगमता के साथ लोगों तक पहुंचाना है. उन्होंने लोगों को इस तरह की कार्यक्रम में शामिल हो कर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की.मौके पर विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा, प्रमुख गुड्डी देवी, मुखिया कारण सिंह मुंडा, बीस सूत्री अध्यक्ष राम सोय, मुखिया भीमसेन गागराई, सरस्वती मिंज, मुन्ना सोय, धनश्याम सोय,राहुल सोय,पार्वती गागराई आदि उपस्थित थे।

## दलमा आंचलिक सुरक्षा समिति का स्थापना दिवस 25 को, डीआईजी को आमंत्रण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** दलमा आंचलिक सुरक्षा समिति (निबंधित) चांडिल, नीमडीह, बोड़ाम एवं पटमदा केंद्रीय कमेटी की ओर से आगामी 25 दिसंबर को बोड़ाम थाना क्षेत्र के चामटा स्कूल मैदान में स्थापना दिवस समारोह आयोजित की जाएगी। इस संबंध में समिति के सचिव रामकृष्ण महतो ने बताया कि शुक्रवार को कोल्हान प्रमंडल के डीआईजी अजय लिंडा से मिलकर आमंत्रण पत्र देते हुए उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि समारोह में शहीद मलिंद्र सिंह व सागर महतो को श्रद्धांजलि देने के उपरांत संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



## दिघी-भूला हाई स्कूल के छात्र विकास राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव में भाग लेने हुआ रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय दिघी भूला के 9वीं कक्षा का छात्र विकास माहली दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव में भाग लेने हेतु शुक्रवार को रांची रवाना हो गए। विकास को अभी रांची स्थित जेसीईआरटी, भवन में छऊ नृत्य का प्रशिक्षण 7 जनवरी तक मिलेगा। फिर रांची से 8 जनवरी को दिल्ली में राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव में भाग लेने के रवाना हो जाएंगे। विकास लोक नृत्य (छऊ नृत्य) में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने कहा कि अपने विद्यालय के लिए गर्व की बात है कि आज सुदूरवर्ती इलाका बोड़ाम का छात्र विकास दिल्ली में जाकर छऊ नृत्य में अपना कला दिखाएंगे। विद्यालय के सहायक शिक्षक निवारण महतो ने कहा कि अभी ठंडा का मौसम है इसलिए उनके लिए कंबल, इनर और जैकेट की व्यवस्था कर दी गई है। विकास, पिछले अक्टूबर महीना में रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव - 2023 के लोक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जिसके आधार पर ही विकास को राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव में भाग लेने का मौका मिला। मौके पर प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार, शिक्षक निवारण महतो, कृष्णपद हांसदा, श्रीमति मधु व अजीत मुंडा आदि उपस्थित थे।




## जनजातीय गौरव क्विज के विजेताओं को संत नन्दलाल में किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के तहत जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर विद्यालय में बीते 25 नवंबर को जनजातीय गौरव क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसमें कक्षा सातवीं और आठवीं के संपूर्ण विद्यार्थी प्रतिभागी रहें थें. जिनके विजेताओं को आज प्रार्थना सभा में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एचसीएल के ऑफिसर सह बी एस एफ के डिप्टी कमांडेंट अश्विनी कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार मोहित कुमार (आठवीं स ), द्वितीय वैष्णवी पॉल( सातवीं अ ), तृतीय कन्हाई मजूमदार ( आठवीं ब )एवं सांत्वना पुरस्कार रूद्र छेत्री( आठवीं अ ),अमन अग्रवाल( आठवीं अ )और श्रुति बनर्जी ( सातवीं अ )ने हासिल किया। मौके पर विद्यालय प्रशसिका शोभा गनेरीवाल, प्रबंधक डॉ. प्रसेनजीत कर्मकार, शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक, शैक्षणिक प्रभारी एस. आर. दत्ता,सह शैक्षिक प्रभारी सास्वती राय पटनायक एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।अंत में राष्ट्रगान द्वारा प्रार्थना सभा का समापन हुआ।

## जेम्स स्कूल लावा में मना क्रिसमस का त्योहार बच्चों ने पेश किया रंगारंग कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के लावा स्थित जेम्स डीसीसी स्कूल परिसर में शुक्रवार को क्रिसमस का त्योहार मनाया गया। प्राचार्य विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समूहों में बंटे छात्र-छात्राओं ने गीत, भाषण व नाटक की प्रस्तुति के साथ ही सांता क्लॉज बनकर बच्चों में उपहार बांटे। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू व विशिष्ट अतिथि के रूप में पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला के प्राचार्य डॉ. तरुण कुमार महतो, समाजसेवी शरत सिंह सरदार, शिवनाथ दास, सृष्टिधर सिंह, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, राजू कर्मकार के अलावे काफी संख्या में अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।




## कांग्रेस नेता अंसार खान व राजाराम पहुंचे ओल्ड ऐज होम, कराया नाश्ता, सुनाया गाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर:** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान और समाजसेवी राजाराम पंडित आर्शीवाद भवन ओल्ड ऐज होम फुरिडा सेवी संस्था बाराद्वारी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सभी के लिए नाश्ते का पैकेट दिया। ओल्ड एज होम के मैनेजर परमेश्वर ने दोनों को सभी जगह अंदर घुमाया और मैनेजर परमेश्वर ने अंसार खान से कहा आरओ वाटर फिल्टर 2 की जरूरत है। अंसार खान ने कहा जल्द ही मंत्री बना गुप्ता से बात करेंगे। इस दौरान अंसार खान ने सभी के बीच गीत गया.. लोग जहां रहते हैं उसे जगह को वह घर कहते हैं, हम इस घर में रहते हैं उसे प्यार का मंदिर कहते हैं। यह गीत अंसार खान के यूट्यूब चैनल पर बहुत वायरल हो रहा है। यूट्यूब चैनल का नाम है। उनका यह गीत अंसार खान के यूट्यूब पर उपलब्ध है।

## प्रोजेक्ट हाई स्कूल सोसोमली को प्लस टु करने के लिए छात्रों ने स्कूल गेट पर किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** प्रखंड क्षेत्र के सोसोमली प्रोजेक्ट हाई स्कूल को प्लस टू करने की मांग को लेकर शुक्रवार विद्यालय के विधार्थियों ने स्कूल गेट के पास प्रदर्शन किया. जिसमें नवमी एवं दशवीं के विधार्थियों ने सरकार एवं प्रशासन से प्रोजेक्ट हाई स्कूल सोसोमली को प्लस टू करने की मांग की है. विद्यालय के छात्र-छात्राओं का कहना है कि मैट्रिक का पास करने के बाद कहां जाएंगे कहां पढ़ेंगे, क्योंकि इंटरमिडियट पढ़ने के लिए काशी साहू कॉलेज सरायकेला, एल बी एस एम कॉलेज जमशेदपुर, एस एस प्लस टु उच्च विद्यालय राजनगर, छोटानागपुर कॉलेज हेंसल आदि जाना पड़ता है. जो काफी दुर है. यदि प्रोजेक्ट हाई स्कूल सोसोमली को भी प्लस टु उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कर दिया जाता है तो पढ़ाई नहीं रुकेगी.इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि सनद आचार्य ने कहा कि इस मामले की जानकारी नहीं है. इस मामले को आदिवासी कल्याण सह परिवाहन मंत्री चम्पई सोरेन को जानकारी दी जाएगी. आशा करते हैं कि मंत्री आवश्य मामले का संज्ञान ले लेंगे।



## भारतीय कानून में हुआ क्रांतिकारी परिवर्तन

अभी हाल ही में संपन्न हुए संसद सत्र के दौरान भारत के कानूनों को बदलने के लिए तीन अहम विधेयक पारित हुए। भारतीय नागरिक सुरक्षा (दूसरी) संहिता, 2023 (बीएनएसएस) कानून दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (सीआरपीसी) की जगह लेगा। नए कानून में 531 धाराएं होंगी। इस कानून की 177 धाराओं में बदलाव किए गए हैं। 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं। 39 नई उप-धाराएं जोड़ी गई हैं। 44 नए प्रावधान जोड़े गए हैं। 14 धाराएं हटा दी गई हैं। इसमें कहा गया है कि जो कोई भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता, सुरक्षा या आर्थिक सुरक्षा को संकट में डालेगा वह आतंकवादी कृत्य माना जायेगा। इसके दोषी को मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान होगा। आजीवन कारावास की सजा पाए दोषी को पेरोल भी नहीं मिलेगी। भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय (दूसरी) संहिता, 2023 (बीएनएस) के नाम से जाना जाएगा।इस कानून में अब सरकार या शासन की जगह नागरिक पर फोकस होगा।आईपीसी में अब 511 धाराओं के स्थान पर अब 358 धाराएं होंगी।अब अपराध से जुड़े तमाम दस्तावेजों को डिजिटलाइज करने का प्रावधान है।एफआईआर केस डायरी, चार्जशीट और जजमेंट का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। नए कानूनों का मकसद दंडित करना नहीं वल्कि कानून और अदालतों की चौखट से इंसाफ दिलाना है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में अब 170 धाराएं होंगी।अब इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई-मेल,नेटवर्क जैसे हालात में सर्वर पर जमा डेटा या लॉग्स को भी सबूत माना जाएगा।कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप, मोबाइल पर भेजे जाने वाले संक्षिप्त लिखित संदेश, वेबसाइट भी अब कानूनी रूप से वैध माने जाएंगे। स्मार्टफोन और लोकेशन मुहैया कराने वाले डिवाइस में लोकेशनल को भी सबूत माना जाएगा। घटनास्थल पर जांच और जब्ती के दौरान बिना वीडियो रिकॉर्डिंग के कोई भी चार्जशीट वैध नहीं होगी। दोष सिद्धि के लिए फॉरेंसिक साइंस का प्रयोग बढ़ेगा। 7 साल या इससे अधिक सजा वाले अपराधों के क्राइम सीन पर फॉरेंसिक टीम का दौरा अनिवार्य है। इसका मकसद पुलिस के पास एक वैज्ञानिक साक्ष्य का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना है। इससे कोर्ट में दोषियों के बरी होने की संभावना घटेगी। यौन हिंसा के मामले में पीड़ित का बयान और इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य शर्त है।अदालतों से 30 दिनों के भीतर फैसले आएंगे। कानूनों में बदलाव से जिला और सत्र अदालतों का दबाव कम होगा। दावा है कि नए कानूनों में बदलाव के बाद सत्र अदालतों के 40 प्रतिशत से अधिक केस समाप्त हो जाएंगे। तीन साल तक की सजा वाले अपराधों पर समरी ट्रायल होगा। इससे अदालतों पर बोझ घटेगा।नए कानूनों में आरोप पत्र दाखिल करने के लिए 90 दिनों की समय सीमा तय है। इस बदलाव के बाद अब 180 दिनों के अंदर जांच समाप्त होगी। जांच के फौरन बाद अदालतों में ट्रायल शुरू होगा।अदालतों से आरोप तय करने का नोटिस 60 दिनों में देना अनिवार्य होगा। बहस या सुनवाई पूरी होने के 30 दिनों के अंदर अदालतों का फैसला जारी होना भी अनिवार्य किया गया है।फैसले की प्रति सात दिनों के भीतर ऑनलाइन उपलब्ध कराने का नियम भी नए कानून में होगा। अब भारत से भागने पर भी नहीं मिलेगा चैन, अदालतों से जरूर मिलेगी सजा।राज्य स्तरीय सिविल सेवक या संघ लोक सेवा आयोग पास करने के बाद सचिव स्तर के अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए भी बड़े बदलाव किए गए हैं। अब सिविल सर्वेंट या पुलिस अधिकारी के खिलाफ ट्रायल की अनुमति देने का अधिक समय नहीं मिलेगा। सरकार को चार महीने यानी 120 दिनों में अनुमति देने पर अंतिम फैसला लेना होगा। समय सीमा बीतने के बाद भी अनुमति न मिलने की सूरत में अदालतों में ट्रायल शुरू कर हो जाएगा। अब घोषित अपराधियों की संपत्ति की कुर्की प्रशासन कराएगा।अंतरराज्यीय गिरोह और संगठित अपराधों के खिलाफ और कठोर सजा का प्रावधान है। गैंग रेप के सभी मामलों में 20 साल की सजा या आजीवन कारावास का प्रावधान।शादी,नौकरी, प्रमोशन और झूठे वादे जैसे फरेब या गलत पहचान के आधार पर यौन संबंध बनाना पहली बार अपराध के दायरे में लाया गया। सेशन्स कोर्ट ने अगर किसी आरोपी को भगोड़ा घोषित किया है तो गैरमौजूदगी में भी पूरा होगा ट्रायल। अनुपस्थिति में ट्रायल पूरी करने के बाद अदालत सजा भी सुनाएगी। भले ही आरोपी दुनिया में कहीं भी छिपा हो। अब बच्चों और महिलाओं पर गंदी नजर डालने पर खैर नहीं। 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के साथ अपराध के मामले में मृत्यु दंड का भी प्रावधान जोड़ा गया है। मॉब लिंचिग के लिए 7 साल, आजीवन कारावास और मृत्यु दंड के तीनों प्रावधान किए गए। अब मृत्यु दंड को आजीवन कारावास में ही बदला जा सकेगा। आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषी की सजा कम करने की अपील पर भी कठोरता। कम से कम 7 साल की सजा काटनी ही होगी। सात साल के कारावास की सजा को कम से कम 3 साल तक की सजा में ही बदला जा सकेगा। राजद्रोह को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया। इसकी जगह देशद्रोह से जुड़ा नया कानून लागू होगा। अंगेजों के समय से चला आ रहा कानून अब खत्म हो जाएगा। यह एक क्रांतिकारी परिवर्तन है।

### सांसदों के असंसदीय आचरण संसद और सविधान की संप्रभुता को कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं, इनके कारनामे पहले भी देखने में आते रहे हैं

## संसद में धन लेकर सवाल पूछने की सजा

प्रमोद भार्गव



> भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर लगाते हुए, संसद में कहा था कि उन्होंने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों को कठघरे में खड़ा करने के नजरिए से संसद में निरंतर 40 से ज्यादा प्रश्न पूछे,किंतु इसके बदले मोइत्रा ने घूस और कीमती उपहार लिए ।यही नहीं उन्होंने लोकसभा पोर्टल के लॉग इन आईडी और पासवर्ड भी दुबई में रहने वाले भारतीय कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को साझा किए। इस तथ्य को स्वयं मोइत्रा ने भी स्वीकारा और आचार समिति की जांच में ये तथ्य प्रमाणित भी हुए हैं ।इन साक्ष्यों को पुख्ता सबूत मानते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसी प्रकृति के पुराने मामलों में दिए दंडों की परिपाटी का अनुकरण करते हुए निष्कासन कर दिया।

**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को पैसे के बदले प्रश्न पूछने के मामले में अनैतिक और अशोभनीय आचरण के लिए सत्रहवीं लोकसभा की सदस्यता से निष्काषित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई।निष्कासन की सिफारिश संसद की आचार समिति ने जांच के बाद की थी ।बीते कुछ समय से इस बात पर बहस हो रही थी कि मोइत्रा पर लगे आरोपों में कितनी सच्चाई है और इस आधार पर उनकी सदस्यता को रद्द किया जा सकता है अथवा नहीं ?दरअसल धन लेकर सवाल पूछने के आरोप भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर लगाते हुए, संसद में कहा था कि उन्होंने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों को कठघरे में खड़ा करने के नजरिए से संसद में निरंतर 40 से ज्यादा प्रश्न पूछे,किंतु इसके बदले मोइत्रा ने घूस और कीमती उपहार लिए ।यही नहीं उन्होंने लोकसभा पोर्टल के लॉग इन आईडी और पासवर्ड भी दुबई में रहने वाले भारतीय कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को साझा किए। इस तथ्य को स्वयं मोइत्रा ने भी स्वीकारा और आचार समिति की जांच में ये तथ्य प्रमाणित भी हुए हैं ।इन साक्ष्यों को पुख्ता सबूत मानते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसी प्रकृति के पुराने मामलों में दिए दंडों की परिपाटी का अनुकरण करते हुए निष्कासन कर दिया। इस परिप्रेक्ष्य में बिरला ने विपक्ष द्वारा मोइत्रा को सदन में अपना पक्ष रखने की मांग की भी अनुमति नहीं दी ।मोइत्रा ने इस निष्कासन की तुलना 'कंगारू न्यायालय'से करते हुए,इस सजा को सत्तारूढ़ भाजपा की मनमानी बताया। सांसदों के असंसदीय आचरण संसद और सविधान की संप्रभुता को कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं, इनके कारनामे पहले भी देखने में आते रहे हैं। नोट के बदले वोट देने से लेकर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने के स्टिंग ऑपरेशन भी हुए हैं। 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर आई थी ।इसके साथ कई क्षेत्रीय दलों के समर्थन से कांग्रेस ने पीवी नरसिंह राव के नेतृत्व में सरकार बना ली थी ।जुलाई 1993 में इस जोड़तोड़ की सरकार के विरुद्ध मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, लेकिन यह प्रस्ताव आखिर में 14 मतों के अंतर से खारिज हो गया ।इसके बाद 1996 में सीबीआई को एक शिकायत मिली ,जिसमें आरोप लगाया गया था कि राव की सरकार को जीवनदान देने के बदले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुछ सांसदों और जनता दल के अजीत सिंह गुट को रिश्वत दी गई थी ।इस मामले में झामुमो प्रमुख शिवू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों पर नोट लेकर वोट देने का आरोप लगा था ।इन सांसदों के बैंक खातों में मिली धनराशि से भी यह पुष्टि हो गई थी कि नोट के बदले वोट देने की कालावधि में ही यह राशि जमा हुई थी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार की नैतिक शुचिता पर आंच 22 जुलाई 2008 को तब आई थी,जब उसने लोकसभा में विश्वास मत हासिल किया था। यह स्थिति अमेरिका के साथ गैर-सैन्य परमाणु सहयोग समझौते के विरोध में वामपंथी दलों द्वारा मनमोहन सिंह सरकार से समर्थन वापिसी के कारण निर्मित हुई थी। वामदलों के अलग हो जाने के बावजूद सरकार का वजूद कायम रहा, क्योंकि उसने बड़े पैमाने पर नोट के बदले सांसदों के वोट खरीदे थे। इस मामले में संजीव सक्सेना और सुहैल हिन्दुस्तानी को हिरासत में लिया गया था ।इनकी गिरफ्तारी के बाद आए बयानों से जाहिर हुआ था कि सरकार बचाने के लिए वोटों को खरीदने का इशारा शीर्ष नेतृत्व की ओर से हुआ था। क्योंकि सुहैल ने समाजवादी पार्टी के मौजूदा राज्यसभा के सांसद अमरसिंह के साथ सोनिया के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल का भी नाम लिया था ।वोट के बदले इस नोट कांड में अमर सिंह के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हुई थी। यही नहीं इस मामले में अमर सिंह और सुधीर कुलकर्णी को प्रमुख षड्यंत्रकारी आरोपित किया गया था। इस मामले में इन लोगों ने संजीव सक्सेना और भाजपा कार्यकर्ता सुहैल हिन्दुस्तानी के साथ 22 जुलाई 2008 को लोकसभा में विश्वास मत के दौरान भाजपा सांसद अशोक अर्गगल, फग्गन सिंह कुलस्ते और महावीर सिंह भगोरा को वोट के बदले घूस दी थी। जिसका लोकसभा में इन सांसदों ने नोटों की गड्डियां लहराकर पर्दाफास किया था। संसदीय परम्परा और नैतिकता की दुहाई देने वाले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार बचाने के लिए यह षड्यंत्र अमर सिंह ने रचा था ।मनमोहन सिंह पर कठपुतली प्रधानमंत्री, अमेरिका का पिट्ठू, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के हित साधक के आरोप भले ही लगते रहे हों, किंतु उनकी व्यक्तिगत ईमानदारी पर अंगुली कभी नहीं उठी। पर 22 जुलाई 2008 को नेपथ्य में रहकर जिस तरह से उन्होंने राजनीति के अग्रिम मोर्चे पर शिखण्डी और बृहन्नलाओं को खड़ा करके विश्वास मत पर विजय हासिल की उससे कांग्रेस की सत्ता में बने रहने की ऐसी विवशता सामने आई थी, जिसने संविधान में स्थापित पवित्रता, मर्यादा और गरिमा की सभी चूलें हिलाकर रख दी थीं। हमारे निर्वाचित सांसदों में से अनेक ने घूस के लालच में नैतिकता की सभी सीमाएं लांघने का काम स्टिंग ऑपरेशन के जरिए की गई बातचीत में भी किया है। इन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा की भी परवाह नहीं की थी ?50 हजार जैसी छोटी रिश्वत के लिए भी वे फर्जी विदेशी तेल कंपनी को बिना कोई सोच-विचार किए, भारत-भूमि पर उतारने के लिए तैयार हो गए थे। बिना यह शंका किए कि इस तथाकथित कंपनी का स्वदेशी कंपनियों पर क्या असर पड़ेगा ? अलबत्ता, रोड़ा दूर करने की दृष्टि से पेट्रोलियम मंत्रालय को सिफारिशी पत्र भी लिख दिए थे। लालच और लापरवाही की यह बैखौफ स्थिति एक स्टिंग ऑपरेशन के जरिए सामने आई थी। कई प्रमुख दलों के 11 सांसद रिश्वत का लेन-देन करते हुए गोपनीय कैमरे की आंख में कैद हो गए थे। यह स्टिंग ऑपरेशन वेबसाइट कोबरा पोस्ट के प्रमुख अनिरुद्ध बहल ने किया था। 6 सांसदों ने तो पैसे लेकर चिट्ठी भी लिख दी थीं ।राष्ट्र के प्रतीक चिन्ह वाले शीर्षपत्रों पर लिखी ये चिट्ठियां समाचार चैनलों पर दिखाई भी गईं थीं। चिट्ठी लिखने की कीमत सांसदों ने महज 50 से 75 हजार रुपए तक ली थी। इस दौरान किसी भी सांसद ने कंपनी की सच्चाई तक जानने की कोशिश तक नहीं की थी। बल्कि इनमें से कई सांसदों ने तो कंपनी की लॉबिंग के लिए संविधान के पवित्र माने जाने वाले मंदिर, संसद में हुंकार लगाने तक की हामी भर दी थी ।इन सांसदों में कांग्रेस,भाजपा,बसपा और अन्नाद्रमुक के सांसद शामिल थे। साफ है,भृष्टाचार की कोई दलीय सीमा नहीं है। कोई वैचारिक विभाजन नहीं है। चोर-चोर मौसेरे भाई हैं। इसके पहले भी कोबरा पोस्ट ने ही इसी प्रकृति के एक और स्टिंग ऑपरेशन को अंजाम दिया था। जिसमें 11 सांसदों पर पैसा लेकर संसद में सवाल पूछने का आरोप लगा था। तब इन सभी सांसदों को संसद ने बर्खास्त कर दिया था। इस ऑपरेशन की गिरफ्त में भाजपा के दिलीप सिंह जू देव, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बंगारु लक्ष्मण, जया जेटली और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी भी भ्रष्टाचार व अनैतिकता बरतने को तैयार होते हुए कैमरे में कैद कर लिए गए थे।

दृष्टि कोण

## युवा शक्ति में बढ़ता तनाव

**किसी** भी देश के लिए उनके युवावस्था वर्ग के लोग बहुमूल्य मानव संसाधन का निर्माण करते हैं। भारत में वर्तमान में जनसंख्या के मामले में चीन को पछाडक़र प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। भारत वर्तमान में सबसे युवा देश है। जनसंख्या का लगभग 65 फीसदी हिस्से के लोग 35 वर्ष की आयु से नीचे हैं। हालांकि युवावस्था तथा किशोर अवस्था को आम तौर पर जीवन का स्वस्थ समय माना जाता है। परंतु वर्तमान के रहन-सहन के तौर तरीकों ने उनके जीवन को तनावपूर्ण बना दिया है। एक नवीनतम अध्ययन के अनुसार कम वजन, सेल फोन की लत का खतरा, मानसिक कमजोरी इत्यादि युवाओं में शीर्ष स्वास्थ्य समस्याएं हैं। इस अलौकिक युवा जीवन के दौरान उन्हें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिसमें मानसिक तनाव एक मुख्य कारक है। वर्तमान में शैक्षिक दबाव भी युवाओं में बहुत देखने को मिलता है। पढ़ाई के प्रचंड प्रतिस्पर्धा में आत्मविश्वास की कमी तथा शिक्षा में विद्यार्थियों के बीच सामाजिक तुलनात्मकता भी बहुत बढ़ गई है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर तुलनात्मक जीवन भी युवाओं के मानसिक तनाव का प्रमुख कारक है। सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग युवाओं में अनिद्रा, अनियमितता और स्वार्थपरता बढ़ा रहा है। युवाओं में आत्मनिर्भरता की कमी के कारण आत्मविश्वास में बेहद गिरावट आई है। इसके अलावा सही पोषण की कमी और नशे का सेवन भी मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। आज का युवा पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण अपने खानपान को पूर्ण रूप से परिवर्तित कर चुका है जिसके कारण उसे अनेकों अनावश्यक बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। युवा तेजी से बदलती जीवन शैली के कारण सही और पौष्टिक आहार की कमी से जूझ रहा है। जंक फूड का अधिक सेवन उनमें थकान, कमजोरी और मानसिक तनाव को बढ़ा रहा है। युवा अक्सर मानसिक तनाव का सामना करने के लिए शराब और नशीले पदार्थों का सहारा लेते हैं। इसके कारण स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का सामना करते हैं, जोकि मानसिक तनाव को और भी बढ़ा देता है। इसके अलावा आज का युवा बहुत जल्दी से कैरियर की ऊंचाइयों पर पहुंचना चाहता है। अनियंत्रित प्रतिस्पर्धा की यह दौड़ युवाओं के समक्ष अनेक समस्याएं पैदा कर रही है। अभिभावकों का प्रभाव तथा श्रेष्ठतम परिणाम पाने की लालसा आज के युवाओं में उतावलेपन की प्रवृत्ति को बढ़ा रही है। अक्सर समाचार पत्रों में हर दूसरे-तीसरे दिन किसी न किसी छात्र की सुसाइड करने की खबर सुर्खियों में रहती है। आज का युवा पढ़ाई के दबाव के कारण प्रारंभ में अपना बचपन खो देता है। जब वह युवा अवस्था में होता है तो करियर का यह दबाव उसके जीवन को तबाह कर रहा है। नौजवान युवाओं को मानसिक तनाव से निपटने के लिए अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की बेहद आवश्यकता है। योग व नियमित व्यायाम से मानसिक तनाव को दूर करने में मदद मिलती है। यह ऊर्जा को व्यक्ति में बनाए रखने में मदद करता है और उनके जीवन को भी सुधारता है। पर्याप्त नींद, व्यायाम और पौष्टिक आहार का संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। समाज में शैक्षणिक रोजगार और सामाजिक स्तर पर सुधार लाने के लिए संगठनात्मक रूप से प्रयासों की भी जरूरत है। देश का युवा देश की अनमोल पूंजी है। उसे यूं ही बर्बाद हो जाने और दर-दर की ठोकरें खाने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता, बल्कि उसे साथ लेकर चलने, उसकी भावनाओं के प्रति संवेदनशील होने की महती आवश्यकता है। उसे जीवन का मोल समझाने की जरूरत है, और यह महसूस करवाने की जरूरत है कि उसके पास यदि स्वस्थ जीवन रहा तो वह भी अमूल्य रत्न है, जिसके सहारे वह कोई भी गतिविधि करके अपने जीवन को सार्थक कर सकता है। यदि युवा सही मार्ग पर चल पड़ा तो भारत को श्रेष्ठतम राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक जरूरतमंद लोगों को मिले : सुधा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी सेवई पंचायत अंतर्गत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकेक तहत शुक्रवार को सेवई दक्षिणी पंचायत भवन परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी व विशिष्ट अतिथि बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, सीओ दीपक मिंज, पंचायत की मुखिया किरण कुमारी, पंसस ललिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया गया। इस दौरान आयोजित शिविर में जीप अध्यक्ष, मुखिया एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा आमजनों की समस्याओं को सुना गया और समस्या का निदान करने की बात कही। जीप अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और आमजनों को सरकार की महत्वकांक्षी योजना से अभी वंचित को भीजागरूक किया गया, शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोग शामिल होकर योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए काफ़ी प्रयत्न कर कृतसंकल्प हैं। वही मुखिया ने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं का लाभ लेकर सभी लोग स्वावलंबी बन सकते हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये। जिसमें झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, राजकीय एवं राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के लाभ की जानकारी,मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, असंगठित मजदूरों का ई - श्रम तथा प्रवासी मजदूरों/ परिवारों का श्रमाधान पोर्टल पर निबंधन, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक करने हेतु आमजनों का आवेदन प्राप्त किया गया। इसके अतिरिक्त लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को स्वीकृति पत्र समेत कई योजनाओं का लाभ दिया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार अधिवक्ता, बीपीओ कुमार विवेक सिंह,पंचायत सेवक रवि कुमार,व ब्रम्हानंद पाठक, रोजगार सेवक एकरामूल हक, प्रसादी महतो, शत्रुघन सिन्हा, बिनोद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्रमिक प्लस टू के एग्रीकल्चर छात्रों ने औद्योगिक भ्रमण के लिए कृषि विज्ञान केंद्र का किया रुख



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा- सिरका के श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय के एग्रीकल्चर ट्रेड के छात्रों ने शुक्रवार को औद्योगिक भ्रमण के लिए मांडू के कृषि विज्ञान केंद्र का रुख किया। यहां वरीय वैज्ञानिक सुधांशु के निर्देश पर गाइड इंद्रजीत के द्वारा छात्रों को कृषि संबंधित जानकारी मिली। इसमें आधुनिक कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन के बारे में अभी के दौर में किस प्रकार खेती और पालन किया जाए इसके गुड़ बताए गए। अवसर पर स्कूल प्राचार्य आनंद प्रकाश पांडे, व्यावसायिक शिक्षण दीपक कुमार सिन्हा, मनोज कुमार चौहान, सूची रानी, आदित्य कुमार गुप्ता आदि शिक्षक शामिल थे।

## कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के एसवीएम में राष्ट्रीय गणित दिवस पर रामानुजन जयंती मनी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर सिरका के प्रांगण में शुक्रवार को राष्ट्रीय गणित दिवस के शुभ अवसर पर रामानुजन जयंती मनाई गई। अवसर पर एसवीएम प्राचार्य कुमार विमलेश के द्वारा रामानुजन जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया। सभी विद्यालय के सदस्यों ने इन्हें याद किया। अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख संजय कुमार ने रामानुजन जी के जीवन पर संक्षेप विचार रखें। कार्यक्रम उद्घोषक के रूप में कक्षा 9 के भैया शुभम पांडे, कक्षा दशम के भैया अमन कुमार थे। कार्यक्रम में भैया अनंत व अनुराग कक्षा दशम ने रामानुजन जी के उपलब्धियां को अपने विचारों से व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य कुमार विमलेश के द्वारा दिया गया। अवसर पर गणित दौड़ में बाल वर्ग प्रथम स्पर्श झा कक्षा सातवीं, द्वितीय अभिजीत कुमार वर्ग छठा, तृतीय आकाश मुंडा कक्षा सातवां, किशोर वर्ग में प्रथम अनंत कुमार दसवीं, द्वितीय अनुराग कुमार दसवीं, तृतीय हर्ष कुमार 10वीं रहे। जिन्हें पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के आचार्य, कर्मचारी व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने जिला मुख्यालय के समक्ष दिया धरना

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने शुक्रवार को सुभाष चौक के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू और संचालन विनोद कुमार महतो व बलजीत सिंह बेदी ने किया। इस क्रम में घटक दलों के नेताओं ने कहा की लोकसभा और राज्यसभा से विपक्षी दलों के सांसदों को निलंबित कर केंद्र सरकार ने तानाशाही का परिचय दिया है। धरना में झामुमो, कांग्रेस, राजद, जदयू, सीपीआई, सीपीएम, भाकपा माले के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर वक्ताओं ने कहा की विपक्षी दलों के सांसदों को निलंबित कर केंद्र सरकार ने लोकतंत्र विरोधी कार्य किया है। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर, केंद्रीय झामुमो सदस्य राजकुमार महतो, गीता विश्वास, मंजू देवी, पिंकी बेसरा, गीता देवी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष महेश ठाकुर, संतोष कुमार, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, जोया परवीन, रंजीत बेसरा, राजेन्द्रनाथ चौवारी, विष्णु कुमार, देवकीनंदन बेदिया, योगेन्द्र यादव, असाहुद्दीन अंसारी, अनु विश्वकर्मा, जगदीश महतो अरुण बनर्जी, राफीक अंसारी, मन्तोष सिंह, सकलदेव करमाली, कमलेश सिंह, लालबहादुर चौधरी, राजू साव, मिथुन मुण्डा, बबलु यादव, विमल करमाली, विनय मुन्ना, चन्द्र किशोर पासवान, अमित करमाली , जग्गु करमाली, गोरंग राय, दुबराज पहान रामनाथ महतो, अजय भोगता, मनोज कुमार बेदिया, राजेश कु. वर्मा, मुरलीधर कोठरी, भीम प्र0साहू, बलराम साहु, बालेश्वर तुरी, सफीक अंसारी, प्रकाश करमाली, संतोष सोनी,सागर महतो, मंजू जोशी, हेमा अधिकारी, पिंकी राय, सरिता देवी, दीपा कुमारी उपस्थित थे।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया।यह महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाने के लिए हर साल इस दिन मनाया जाता है।यह छात्रों, शिक्षकों और जनता को दुनिया की हमारी समझ को आकार देने और वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने में गणित की भूमिका की सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करता है। कक्षा 1 और 2 के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने इस दिन को बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया। स्कूल प्रबंधक और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार हरपाल सिंह अरोरा, सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह। इस अवसर पर सैनी, सरदार सरदार विवेक विक्रमजीत सिंह कोहली एवं मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जगी उपस्थित थे।

## सीसीएल सिरका परियोजना में 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मना

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के परियोजना सिरका कार्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को 66 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। अवसर पर निरीक्षण टीम में मुख्य रूप से पीओ/ कन्वेनर पवन कुमार, डीडीएमएस इलेक्ट्रीशियन विनीत चौरसिया, आइएसओ सीसीएल हेडक्वार्टर प्रियंका प्रसाद, मैनेजर सी. नारायण, इंजीनियर (ईएंडएम) एस. के. प्रसाद, असिस्टेंट मैनेजर स्कूटीव विवेक कुमार सिंह, डब्ल्यूआई (एम) राम रतन सिंह, डब्ल्यूआई (मैकेनिकल) जय नंदन महतो, सुपरवाइजर घनश्याम महतो उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित व कोल शपथ गीत के साथ हुआ। अवसर पर पीओ/ कन्वेनर पवन कुमार, डीएमएस विनीत चौरसिया ने अपने संबोधन में कहां कि कोलयरी में बीते पांच वर्षो से दुर्घटना नहीं के बराबर होना अच्छा है लेकिन मौजूदा स्थिति में कोयला उत्पादन के साथ सुरक्षा के साथ कोई भी समझौता नहीं होना चाहिए जिसे कोयल के खदान और कामगार सुरक्षित ढंग से कोयला खनन व उत्पादन करने में अग्रसर हो सकें। अवसर पर 25 कामगारों को पुरस्कृत भी किया गया। इनमें सुरक्षा विभाग के हवलदार गंगाराम को सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम के उपहार दिया गया।



## संक्षिप्त खबरें

### छुट्टी को लेकर महाविधालय कर्मियों को दिया गया दिशा निर्देश



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय स्थित बनवारी शाहू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप तिवारी ने सभी महाविद्यालय कर्मियों को सूचित किया कि बड़ा दिन यानी क्रिसमस की जो छुट्टी कल यानी शनिवार से होने वाली थी वो विश्वविद्यालय की तरफ से रद्द की जा सकती है। राज्य के महामहिम राज्यपाल इस साल की क्रिसमस छुट्टियों को रद्द करने का आदेश राज्य के विश्वविद्यालयों को दे सकते हैं. इसकी संभावना जताई जा रही है।छुट्टियां हो भी सकती हैं या रद्द भी हो सकती है।इस अनिश्चितता को मद्देनजर रखते हुए कर्मियों को सूचित किया जाता है कि दिन शुक्रवार की दोपहर 03:00 बजे तक विश्वविद्यालय की ओर से छुट्टियों के संबंध में कोई भी अंतिम निर्देश जारी होने तक जिला मुख्यालय ना छोड़ें क्योंकि अगर कर्मी छुट्टी का अंदाजा लगाकर मुख्यालय छोड़ दे देते हैं और इस बीच छुट्टी रद्द हो गई तो 23 दिसंबर को कर्मी महाविद्यालय में उपस्थित नहीं हो सकेंगे। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए कर्मियों के बीच छुट्टी के संबंध में व्याप्त संशय के लिए यह सूचना प्रकाशित की जा रही है। शुक्रवार को दोपहर 03:00 बजे तक छुट्टी के संबंध में आप सबों को अंतिम सूचना दे दी जाएगी।

### अविराम नर्सिंग कॉलेज में क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवा प्रखंड के हुटाप स्थित अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत चरनी के सामने दीप जलाकर की गई।इस कार्यक्रम में नर्सिंग के बच्चों ने मिलकर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।बच्चों द्वारा क्रिसमस कैरोल और झांकी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में नर्सिंग की प्रिंसिपल ने यीशु के जन्म के संदेश के बारे में छात्र छात्राओं को बताया और सभी को क्रिसमस की अग्रिम बधाई दी। कार्यक्रम में नर्सिंग और फार्मेसी के शिक्षक समेत सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

### पिता की पुण्य तिथि में कम्बल का वितरण



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत दिन शुक्रवार को कुरो में गरीब में स्व हेरमोन खलखो के पुण्य तिथि में सुपुत्र अमल राज खलखो ने 50 कम्बल का वितरण किया एवम उन्होंने बताया कि हमारी पिता की पुण्य तिथि में कम्बल का वितरण किए इस ठंड का प्रकोप को देखते हुए अमल राज ने बताया कि ठंड का प्रकोप कितना बढ़ चुका है कि गरीब लोग को कम्बल की जरूरी है। इस कार्य क्रम में मुख्य रूप से अमल राज, मुखिया रीता खलखो, पंचायत समिति सदस्य निर्मला एवम सेकडो ग्रामीण उपस्थित थे।

### जमीन में अवैध तरीके से बनाया गया घर को अंचल व प्रशासन ने किया ध्वस्त



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के पांडे महुआ में गर मंजरआ जमीन में अज्ञात लोगों के द्वारा बीते बृहस्पतिवार रात को घर बनाया गया था। इसकी सूचना गिद्धौर परशासन एवं अंचल अधिकारी को मिली। और तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को घर को ध्वस्त किया। बता दें कि यह जमीन खाता नंबर 150 प्लॉट नंबर 92 में अवैध तरीके से रातों-रात घर बनाया गया था। घर ध्वस्त करने में थाना प्रभारी गुलाम सरवर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचला अधिकारी हरिनाथ महतो सिआइ प्रमोद कुमार सिन्हा कर्मचारी पप्पू कुमार यादव एवं प्रशासन के सशस्त्र बल सम्मिलित थे।

### शहीद राजेश कुमार साहा का 21 वीं सहादत दिवस पैतृक स्थान पुंडरा में परिजनों ने मनाया



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के पुंडरा गांव में जम्मू काश्मीर के पुच्छ में पुंडरा गांव निवासी शहीद राजेश साहा का 21वां सहादत दिवस उनके परिजनों ने पैतृक घर में मनाया गया। यह शहादत दिवस सादे समारोह के रूप में उनके घर में मनाया गया। जहां शहीद राजेश के माता पिता एवं भाई बहन ने दीप प्रज्वलित कर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा गया। बताते चलें कि जम्मू कश्मीर के पुच्छ में 22 दिसंबर 2002 को राजेश कुमार साहा ने आतंकवादियों से युध्द करते तथा लोहा लेते देश के खातिर अपना बलिदान दे दिए थे। कार्यक्रम में पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के कोषाध्यक्ष उपकार सिंह, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष किशुन राम, उपाध्यक्ष अमृत साव, पुर्व मीडिया प्रभारी रमन साहु, शहीद के पिता शिवनारायण साव, भाई बिरेंदर कुमार मौजुद थे।अंत में भारत माता की जयकारे के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### मुखिया चंदा देवी ने विद्यालय के बच्चों के बीच सरकारी पोशाक का किया वितरण



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के बगरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घोंघीबार (लुतीडीह) में मुखिया चन्दा देवी के हाथों कक्षा 1 से 2 तक के बच्चों के बीच सरकारी पोशाक का वितरण किया गया। यह पोशाक झारखण्ड सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों के लिए आवंटित किया गया है।मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक शंकर मिस्त्री, सहायक शिक्षक विनोद साहू, समाजसेवी इन्द्रदेव पासवान, वार्ड सदस्य गुड़िया देवी के अलावे अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## तिलहेत पंचायत में आयोजित शिविर में ग्रामीणों में दिखा उत्साह

# सरकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचना हम सब का कर्तव्य : देव लाल यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के तिलहेत पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव,सीओ अरुण कुमार मुंडा,बीडीओ निखिल गौरव कामन कच्छप,बीएसओ अर्जुन कुमार, सुपरवाइजर शांति देवी मुखिया सोनी देवी, समाजसेवी रामजी यादव, उप मुखिया प्रतिनिधि नरेश महतो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया। कर्मियों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की बात कही गई।



शिविर में अबुआ आवास के लिए सैकड़ो आवेदन आए जॉब कार्ड, राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले योजना, उज्ज्वला योजना, बृद्धा पेंशन, पशुपालन, कृषि विभाग मनरेगा योजना, सहकारिता विभाग, स्वास्थ विभाग, बैंक, राजस्व, और जेएसएलपीएस के द्वारा स्टाल लगाए गए थे सभी स्लॉट में दर्जनों आवेदन आए।दर्जनों मामलों का ऑन द स्पॉट निस्पादन दिया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा गरीब एवं असहाय तथा कार्डधारियो के बीच कंबल धोती, साड़ी जॉब कार्ड वितरण किया गया और लोगों से आह्वान किया गया की सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से लोग लाभ उठाएं।सभी के सहयोग से ही सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाया जा सकता है।इस शिविर में काफी संख्या में ग्रामीण देखे गए।

## विश्वकर्मा फर्नीचर का किया गया उद्घाटन सम्मिलित हुए स्थानीय प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत मुख्यालय के अंतर्गत स्थित मिलन मुख्य चौक पर शुक्रवार को स्थानीय प्रतिनिधियों ने विधिवत नारियल तोड़ फीता काटकर विश्वकर्मा फर्नीचर दुकान का उद्घाटन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत मुखिया निर्मला देवी जिला परिषद उम्मीदवार सत्येंद्र कुमार कुशवाहा 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान समाजसेवी यदुनंदन पांडेय संयुक्त रूप से उपस्थित थ। बताते चलें की दुकान का संचालक संदीप राणा है।उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठान में विश्वकर्मा फर्नीचर के साथ-साथ सभी तरह के फर्नीचर का सामान मेटेरियल किफायती मूल्य पर उपलब्ध होगा।उद्घाटन के परोहित भूपेंद्र पांडेय द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया।गांव के गनमान लोग सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## अंचलाधिकारी के नेतृत्व में किया गया कोर्ट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर मे शुक्रवार को अंचलाधिकारी ननद कुमार राम के नेतृत्व मे कोर्ट का किया गया। जिसमे जमीन संबंधित छ मामला का सुनवाई किया गया। पहला मामला हल्का का ज्याउरशीद पिता स्वर्गीय मोहीउद्दीन, उर्फ मोदीउद्दीन बनाम सालेहा खातुन, आबरा खातुन, व रकिबा खातुन, तीनों पिता स्वर्गीय मोहीउद्दीन, उर्फ मोदीउद्दीन, (2) तनवीर आलम, बनाम सुहैल, (3) बबिता कुमारी, बनाम सालेहा खातुन, आबरा खातुन, व रकिबा खातुन सभी ग्राम इटके, (4) डाढा ग्राम से रामजतन भुइया, बनाम मुस्तफा मिया, व सुनिता देवी, बनाम उमाशंकर सिंह, हल्का (8) के ग्राम बठेठ से अफजल अंसारी बनाम हफीज मिंया, व गोखुल माहतो, को नोटीस देकर सभी जरुरी कागज़ के साथ अंचल मे बुलाया गया था जहाँ अंबानी कारी नंद कुमार राम ने दोनों पक्षो के कागजात की जांच कर सुनवाई समाप्त किया। सबसे दिलचप मामला यह रहा कि तीन बहनों ने मुस्लिम लॉ के अनुसार अपने पिता स्वर्गीय मोहीउद्दीन उर्फ मोदीउद्दीन के खतियानी जमीन खाता 70, प्लौट 571 व 572 से अपने अपने दोखतरी हिस्से के अनुसार बबिता कुमारी, के नाम 11 डीस्मील जमीन बेच दिया जिसके म्युटेशन पर भाई ज्याउरशीद ने रोक लगा दिया था. तीन बहनों ने अंचाधीकारी के अदालत मे पहुँच कर कहा कि मेरे पिता के नाम से जहाँ और जितना जमीन है सब मे मुस्लिम लॉव के अनुसार बेटा को दो हिस्सा और बेटी का एक हिस्सा हक बनता तीनों बहनों ने अंचलाधीकारी से बबिता कुमारी का म्युटेशन करने का अपील किया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी राम ने कहा कि सभी पक्षों की बात सुनी गई है कागजात की जांच कर नियम संगत निष्पादन किया जायेगा। मौके पर अंचल नाजीर कपील सिंह, के अलावा कई कर्मी उपस्थित थे।

## सिंगल विंडो में जिला स्तरीय किसानों के बीच दूसरा चरण का किया गया प्रशिक्षण बताई गई कई जानकारियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय परिसर के अंतर्गत शुक्रवार को सिंगल विंडो में जिला स्तरीय एकदिवसीय दूसरा चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। यह कार्य जिला स्तरीय प्रशिक्षुक राजेश कुमार सिंह ने करवाए। जहां दर्जनों किसान उपस्थित थे। इन लोगों को प्राकृतिक कृषि स्थाई कृषि पीएम किसान के तहत ई केवाईसी एवं मिट्टी जांच करवाने की बात व तरीका बताया गया। यह कार्य आत्मा विभाग के द्वारा बतलाया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पांच चरण में करवाया जाएगा जो दूसरा चरण का प्रशिक्षण समाप्त हो चुका है। जहां उपस्थित एटीएम अर्मेंद्र पांडेय बिटीएम दीनदयाल कुमार भी लोगों को बेहतरीन तरीके से खेती करने की बातें कहीं।मोके पर उपस्थित किसान प्रसाद पासवान उषा देवी प्रतिमा देवी सरिता देवी नागेश्वरी देवी रिंकू देवी सुनंदा देवी सुनीता देवी सुबोध पांडेय रूपा देवी शोभा देवी ईशा कुमारी मालती देवी आरती देवी एवं दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

## शीतलहरी बढ़ी, चौक चौराहे अलाव के सहारे बिता रहे हैं शाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** इन दिनों क्षेत्र में शीतलहरी का प्रकोप बढ़ गया है।जिसे लेकर चौक चौराहे अलावे के सहारे शाम बिताने को मजबूर हैं। वहीं बृद्ध महिला पुरुष को काफी परेशानी बढ़ी हुई है। चुकी उन्हें कम्बल नसीब नहीं हुआ है। चौक के इर्द गिर्द बृद्ध लोगों का कहना पंचायत स्तर पर बहुत कम संख्या में गिने चुने लोगों को कम्बल मिला किन्तु हम लोगों को अभी तक कम्बल नसीब नहीं हुआ है जैसे तैसे बढ़ती ठंड में सिमट कर जिंदगी गुजार रहें है। इधर चौक चौराहे के दुकानदारों का कहना है कि ठंड का प्रकोप बढ़ गया है वैसे में हम दुकानदारों एवं ग्राहकों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वैसे में सभी चौक चौराहे पर प्रशासन द्वारा लकड़ी की व्यवस्था कर अलाव की व्यवस्था किया जाय जिससे आम लोगों को सुविधा हो और चौक चौराहा कम समय में सनाटा में तब्दील ना हो।

## वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में फुलसु मोड़, व उच्च विधालय के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहन की हेलमेट की जांच एवं चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट की जांच की गई। जांच के दौरान एक दर्जन से अधिक बिना हेलमेट पहन कर चला रहे बाईक को पुलिस ने जब्त किया ।थाना प्रभारी चौधरी ने कहा कि वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य है बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकना व अपराध पर नियंत्रण रखना है। उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन कागजात के कमी होने पर सड़क पर परिचालन नहीं करें। मानक उम्र से कम वाले सड़क पर गाड़ी नहीं चलाएं।एवं अभिभावकों को कम उम्र के बच्चों को गाड़ी न देने की अपील किया है।वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक बिन्देश्वरी महतो, बालेश्वर गंझु सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावसायिक ज्ञान भी आवश्यक : सुमित कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिटपी के छात्र-छात्राओं को शुक्रवार को व्यावसायिक शिक्षा के तहत शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें वर्ग 9 और 10 के बच्चों को हाईटेक ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लोहरदगा तथा पावर हाउस बांसरी का ब्राह्मण कराया गया। जिसमें विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने को लेकर इंश्योरेंस के महत्व, इंश्योरेंस के प्रकार के अलावे विद्युत हार्डवेयर, बिजली की सप्लाई,लो वोल्टेज,फ्यूज जोड़ना सहित कई बिंदुओं पर जानकारी दी गई। मौके पर विज्ञान के शिक्षक सुमित कुमार ने कहा कि सरकारी विद्यालय में बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा का ज्ञान दिया जा रहा है। इसके तहत बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत अन्य स्रोतों से भी रोजगार से जोड़ने की तथा व्यवसाय से आय के श्रोत की जानकारी दी गई। मौके पर ललिता कुजूर, अमर जार्ज मिंज, नेहा कुजूर, विनोद लकड़ा, राम प्रवेश गुप्ता मौजूद थे।

## हाथी का दांत साबित हो रहा है करोड़ों की लागत से निर्मित लौध ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना

**सतीश गुप्ता@प्रभात मंत्र**

**महुआडांड़ :** प्रखंड में करोड़ों की लागत से निर्मित लोध ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना से पानी चालू कराने का प्रयास अबतक सार्थक होता नही दिख रहा है और यह मात्र हाथी का दांत बना हुआ है। 2021 में ही योजना पुर्ण हो चुका है। जिसके बाद से अब तक पीएचडी विभाग ने कई ट्रायल किए है लेकिन जैसे ही जल आपूर्ति हेतु पीएचडी विभाग द्वारा ट्रायल किया जाता है, पूरे प्रखंड क्षेत्र में सड़कों पर कई जगह पानी के फव्वारे निकल पड़ते हैं, जिससे पानी की बर्बादी के साथ-साथ जगह-जगह पर कीचड़ का जमाव हो जाता है। दिन शुक्रवार को भी पीएचडी विभाग के द्वारा जलापूर्ति को लेकर ट्रायल किया गया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा चौक के समीप लगभग 14 फीट ऊंचा पानी का फवारा निकल पड़ा। जिसकी सूचना मिलते ही ट्रायल बंद करते हुए पानी की सप्लाई रोक दी गई।



ऐसा लगातार प्रत्येक ट्रायल में देखने को मिलता है, जिससे प्रखंड में लोगों के घरों तक इस योजना का लाभ मिलना भी मुश्किल प्रतीत हो रहा है।

**7000 घरो तक पानी सप्लाई के लिए तीन जलमीनार बनाए गए है**

लोध ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना अंतर्गत पानी सप्लाई हेतु प्रखंड में तीन जलमीनार का निर्माण कराया गया है।जिसमे महुआडांड थाना के पास बने जलमीनार से महुआडांड़ और अक्सी, मेराम गांव में बने जलमीनार से चम्पा, अंबोआटोली, रेंगाई तो मेढ़ारी गांव में बने जलमीनार से चैनपुर, चटकपुर एवं हामी पंचायत के गांवों में पानी सप्लाई की जाएगी वही नियमित पानी सप्लाई के लिए महुआडांड़ में एक सम्प का निर्माण भी किया गया है. जहां तीन लाख लीटर स्वच्छ जल को जलापूर्ति हेतु रिजर्व रखा जाना है।

**5.10 एमएलडी क्षमता के वाटरट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है**

लोध ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के तहत बूढ़ा नदी में इनटेकवेल बनाया गया है। यहांसे पानी को पाईप द्वारा मिरगी गांव में निर्मित 5.10 एमएलडी क्षमता के वाटरट्रीटमेंट प्लांट ( जल संशोधन केंद्र ) में जमा किया जाना है, फिर पानी को फिल्ट्रेशन ( स्वक्छ ) करके मेढ़ारी में ( 5.84 लाख लीटर ) मेराम में ( 4.05 लाख लीटर) और महुआडांड में बने ( 3.9 लाख लीटर ) के जलमीनार में पंपिंग के माध्यम भेजा जाना है।

## रेलवे लाइन निर्माण में लगी राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी वगैर जिला प्रशासन के अनुमति के धरोहर नदी पर बनाया डायवर्सन

- वगैर परमिशन व परमिट के जिएमके लैंड में किया 30 से 40 फीट का मिट्टी उठाव, भूमि का बिगाड़ा भौगोलिक संरचना
- कंपनी ने लगाया सरकार को लाखों का राजस्व का चुन्ना, मुखिया ने जिला प्रशासन से किया कार्रवाई का मांग
- गांव के ग्रामीणों के विरोध के बाद भी कंपनी की मनमानी, विरोध करने वालों को धमकी और डरा कर मिट्टी उठाने का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** रेलवे लाइन निर्माण कार्य में मिट्टी भराई के काम कर रही राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी के मनमानी और धांधली से पूरा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कंपनी द्वारा जिला प्रशासन के बगैर अनुमति के जिएमके लैंड और नदी में डायवर्सन बनाकर अस्तित्व मिटाने का गंभीर आरोप लगा है। टंडवा मिस्रोल के टेकठा गांव के जिएमके लैंड और सरकारी भूमि पर 30 से 40 फीट गड्ढा करके बगैर जिला प्रशासन के



अनुमति के मिट्टी उठाया जा रहा है। मिट्टी उठाकर शिवपुर कठौतिया रेलवे ट्रेक निर्माण में राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा मट्टी का भराई की जा रही है। गांव के नदी को अतिक्रमण कर डायवर्सन बनाकर मिट्टी का धुलाई की जा रही है। जिसका ग्रामीणों ने कई बार विरोध भी किया। बताया गया विरोध करने वाले गांव के लोगो को राजा कंस्ट्रक्शन के गुर्गे द्वारा डराया धमकाया जाता है। जिसका शिकायत ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया सुबेस राम से किया। ग्रामीणों के मांग पर मुखिया ने क्षेत्र को निरीक्षण कर कंपनी के मनमानी से जिला प्रशासन से लिखित शिकायत कर तत्काल रोक लगाने का मांग किया है। बताया गया राजा कंस्ट्रक्शन द्वारा क्षेत्र के भौगोलिक संरचना को बिगड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ा जा रहा है। मुखिया ने जब कंपनी से मनमानी पर रोक लगाने को कहा, तो कंपनी के गुर्गे द्वारा बिगड़ैल बोल कर अपमानित किया। बताया गया सरकारी भूमि या जिएमके लैंड से मिट्टी उठाने के लिए जिला प्रशासन की अनुमति लेना जरूरी है। पर कंपनी गुप्त तरीके से क्षेत्र के नदियों का अतिक्रमण कर डायवर्सन बनाकर जिएमके व सरकारी भूमि पर 30 से 40 फीट गड्ढा करके मिट्टी निकाला जा रहा है। कंपनी की धांधली से सरकार को करोड़ों का राजस्व का नुकसान हो रहा हैं। जिला प्रशासन के बगैर अनुमति से राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा मिट्टी उठा करने के शिकायत पर चतरा डीसी अबु इमरान ने जांच कर कार्रवाई करने के भी बात कही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी मदद दिलाना कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता : अब्दुल मनान वारसी



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखण्ड के करियातपुर पंचायत में लोगों के लिये आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत भवन परिसर में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों की सहायतार्थ कांग्रेस पार्टी द्वारा एक स्टॉल लगाकर लोगों का सहयोग किया गया और उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। करियातपुर पंचायत में पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में आमजनों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन एवं सुयोग्य लाभुकों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया। इस शिविर के माध्यम से आय, जन्म, मृत्यु जाति, आवासीय प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, कंबल वितरण के साथ साथ स्वास्थ्य कैप भी लगाया। झारखण्ड़ सरकार के द्वारा पूरे राज्य में विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर सरकार के योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है, कांग्रेस पार्टी भी वैसे जरूरतमंद लोगों को जागरुक कर इस शिविर तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेगी और उनको सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास करेगी जो सरकार के मापदंड को पूरा करेगा। शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगो को जागरूक करना, वैसे लोगो को मदद करना जो फॉर्म को नही भर सकते है। इस शिविर में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद वारिस संसारी, स्वास्थ्य विभाग विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली, प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, मुखिया मनोज कुमार, राजकुमार दास, वीरेंद्र यादव, श्यामसुंदर यादव, पंचायत अध्यक्ष अर्जुन पंडित, टिंकू केशरी के अलावा कई कांग्रेसियों ने भी जरूरतमंद लोगों की सहायता की।

### कांग्रेस नेता नरेश सिंह के चाचा निरंजन सिंह के आकस्मिक निधन से शोक की लहर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के केदारुत पंचायत अंतर्गत खेरौन गांव निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश सिंह के चाचा 74 वर्षी निरंजन सिंह का बीते गुरुवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को किया गया। उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। कांग्रेस नेता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि चाचा पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे, उनका इलाज रिम्स में चल रहा था जहां इलाज के क्रम में ही उनकी मौत हो गई। श्री सिंह ने आगे बताया है कि चाचा निरंजन सिंह गांव के भजन मंडली टीम में शामिल वरुण सिंह, सरयू सिंह, राजेंद्र सिंह आदि के साथ मिलकर गांव के देवी मंडप और शिव मंदिर में प्रत्येक सोमवार मंगलवार को भजन आरती कर गांव के सैकड़ो वर्षो से चली आ रही परंपरा को जीवित रखे थे। वह अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र संजय सिंह, सुनील सिंह, पवन सिंह, एक पुत्री सरिता समेत भरा पूरा परिवार साथ छोड़ गए हैं। मुखाग्नि मृतक के छोटे पुत्र पवन सिंह ने नोनिया नदी के तट पर दी।अग्नि संस्कार में शामिल होने वालों में कांग्रेस नेता नरेश सिंह, किसान नेता श्रवण सिंह, जदयू नेता सत्येंद्र सिंह, समाजसेवी भोला सिंह (बड़ा बाबू), चरित्र सिंह महेंद्र सिंह सुखदेव सिंह दिनेश्वर सिंह, हरखु सिंह, ईश्वर सिंह, लक्ष्मी सिंह, रामपाल सिंह, बिहारी सिंह, रमन सिंह, चंद्रिका सिंह, दशरथ सिंह, गणेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, तुलसी सिंह, उत्तम सिंह, बीरबल सिंह, प्रद्युम्न सिंह, लोकेश सिंह, प्रभु सिंह, रामलाल सिंह, झरी सिंह, विश्वेश्वर सिंह, अजय सिंह, कामेश्वर साहू, गोपाल साहू, प्रसाद रामप्रसाद यादव, बाबूलाल राणा, जगदेव भुइंया समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

### 42 कॉलोनी के समीप 16 वार्षिय युवक का मिला लाश

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चरही थाना क्षेत्र के तापिन नॉर्थ परियोजना के समीप में नवयुवक बिट्टू कुमार (उम्र 16 वर्ष) का शव गुरुवार की रात लगफग दस बजे फंदे पर झूलते हालत में बरामद हुआ है। 42 कॉलोनी निवासी सीसीएल कर्मी जमुना रविदास का पुत्र था।मृतक को फंदे में लटके देख ग्रामीणों द्वारा फौरन लाश को उतार कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर चरही थाना के पुलिस दल बल के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू पहुंचकर शव को पोस्मार्डम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि मृतक के पैर में गहरी चोट आई है। तस्वीर में भी इसे साफ तौर पर देखा जा सकता है। ये असमंजस बना हुआ है कि ये हत्या है या आत्महत्या। वहीं चरही पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ क्लियर हो पाएगा हालांकि परिजनों द्वारा अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

### प्रश्नमंच प्रतियोगिता, गणित दौड़, भाषण व गिनती प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही में कक्षा चतुर्थ से कक्षा दशम तक के सभी भैया बहनों ने अपने देश के अनमोल रत्न श्रीनिवास रामानुजन का जयंती मनाया। जयंती पर विद्यालय में प्रश्नमंच प्रतियोगिता, गणित दौड़,भाषण, एवम् गिनती प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रश्नमंच में कक्षा अष्टम अ के भैया ने प्रथम स्थान कक्षा अष्टम ब एवम् दशम अ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान और कक्षा दशम ब तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के गणित आचार्य निर्भय कुमार सिंह ने रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि ये दिवस गणित से प्रेम करने वाले श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के मौके पर मनाया जाता है। भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को मद्रास में हुआ था। ज्यादातर विद्यार्थियों को जिस विषय से डर लगता था, उस विषय से रामानुजन प्रेम करते थे।उन्हें गणित का जादूगर भी कहा जाता था।उन्होंने गणित में कई उपलब्धियां हासिल की थीं। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 में तमिलनाडु के इरोड में एक ब्राह्मण अयंगर परिवार में हुआ था।उनका पूरा नाम श्रीनिवास अयंगर रामानुजन था।बचपन से ही उन्हें गणित में रुचि थी जिसकी वजह से उन्होंने महज 12 साल की उम्र में त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी।उन्होंने लंदन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस. एल. लोनी की विश्व प्रसिद्ध त्रिकोणमिति पर लिखित पुस्तक का अध्ययन कर लिया और मैथमेटिकल थ्योरी बनाई थी।उन्होंने कुंभकोणम के सरकारी कला महाविद्यालय में छात्रवृत्ति हासिल की।

## निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल ने मिलकर कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत नवादा पंचायत स्थित स्वामी धर्मबंधु बीएड कॉलेज में दिन शुक्रवार को निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर आयोजन किया गया। शिविर में निःशुल्क दांतों का परीक्षण एवं दांतों का पूरा चेकअप किया गया। जिसमें 72 जरूरतमंदों ने शिविर का लाभ लिया एवं अपना दांत का जांच कराया। इस दौरान जरूरतमंदों ने चिकित्सकों से निशुल्क उत्तम स्वास्थ्य संबंधित परामर्श भी प्राप्त किया। शिविर का आयोजन में स्वामी धर्मबंधु बीएड कॉलेज के निदेशक मोहम्मद नजीर अंसारी एवं प्राचार्य सारिका कुमारी सहित कई कर्मचारियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर शिविर में सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली ने दांतों की विभिन्न बीमारियों एवं उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एंव श्रीनिवास अस्पताल सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य का देखभाल प्रदान करना है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है। बुनियादी उपचार जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं। मौके पर प्रशिक्षु डॉ. श्वेता, डॉ. अमन, डॉ. साइमा, डॉ. कृतिका, डॉ. इंशा, डॉ. अन्ना, राजकुमार दास एवं पुष्पा कुमारी अपनी बहुमुल्य सेवाएं दी।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी जारी रही स्पर्धाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शुक्रवार को पीडबल्यूडी चौक स्थित जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज हजारीबाग के द्वारा वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन संत कोलंबस महाविद्यालय के खेल स्टेडियम में बालक वर्ग का फुटबॉल मैच, क्रिकेट मैच,कबड्डी,बैडमिंटन तथा महिला वर्ग में कबड्डी, पिट्ठू, तथा बैडमिंटन का आयोजन किया गया द्य जिसमें फुटबॉल बालक वर्ग में 12वीं कला के विद्यार्थी विजेता हुए तथा उपविजेता 11वीं के कला के विद्यार्थी हुए द्य बैडमिंटन बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर 12वीं कक्षा के समीर,द्वितीय स्थान पर सचिन कुमार शर्मा सेमेस्टर 3 तथा तृतीय स्थान पर सहजीव सरवन डी फार्मा रहे।

बैडमिंटन बालिका वर्ग में प्रथम 11वीं की छात्रा मनीषा सिंह रही जबकि द्वितीय स्थान पर डी फार्मा की विद्यार्थी भूमि कुमारी रही।पिठ्ठू बालिका वर्ग में प्रथम 12वीं कला की विद्यार्थी रही द्य जबकि द्वितीय स्थान पर सेमेस्टर 2 की विद्यार्थी रही। कबड्डी बालिका वर्ग में बीए सेमेस्टर 3 की विद्यार्थी विजेता रही जबकि 12वीं की छात्रा ने द्वितीय स्थान पाया।

## नगर निगम हजारीबाग द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** वार्ड संख्या 31 तथा 32 के लिए खीरगांव में शिविर लगाया गया। इस कार्यक्रम में शहरी निवासियों के लिए सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंदों को रूबरू कराते हुए उन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजनों को दिया जा रहा है ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न हो। नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेन्द्र लाल ने लाभुकों के बीच कंबल, धोती साड़ी का वितरण किया।इस शिविर में नगर निगम से तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया।शिविर में होल्डिंग टैक्स से 4, ट्रेड लाइसेंस से ,किशोरी समृद्धि योजना से 15,पी एम एम वी आई से 46 ,मुख्यमंत्री श्रमिक योजना से 4 आवेदन प्राप्त हुआ। जरूरत मंदो के बीच 210 कंबल तथा 103 धोती साड़ी वितरण किया गया एवं 45 लोगो ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

## हमारा संकल्प विकसित भारत रथ शुक्रवार को तलसवार पंचायत पहुंचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विकसित भारत रथ शुक्रवार को बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल के तलसवार पंचायत पहुंचा। तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी की अध्यक्षता में पंचायत भवन के प्रांगण में सभा का आयोजन किया गया एवं केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई एवं अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहूंचाने पर बल दिया। वहीं सभा में जेएसपीएलएस दीदीओं के द्वारा समाजिक नुक्कड़ नाटक नशा मुक्ति अभियान प्रस्तुत किया गया जिसे लोगों ने काफी सराहा। एवं लोगों को शपथ दिलाई गई कि महिला प्रताड़ना एवं महिला हिंसा नहीं करेंगे। वहीं शिविर में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्लांडु के द्वारा हेल्थ चेकअप किया गया जिसमें 40 लोगों का बीपी एवं सुगर जांच किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो, पंसस प्रतिनिधि मिथलेश साव, स्वास्थ्य केंद्र से दीपक केरकेट्टा, आयुष्मान मित्र रोहित कुमार दास, सीएचओ मुकेश गोस्वामी, एनएम कुमारी प्रमिला सिंहा, मीना कुमारी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, जिला महामंत्री विवेकानंद सिंह, जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मनोज प्रभाकर, मंगल तुरी, जागेश्वर तुरी, अमन गंझु, विनोद तुरी, जागेश्वर राणा, सुरेश महतो, विकास कुमार निराला, जयनाथ महतो, गैस एजेंसी से पंकज कुमार, जेएसपीएलएस से ऊषा देवी, रेखा देवी, रानी मिर्धा, कौशल्या देवी, कंचन देवी, आशा देवी, सरोजिनी लकड़ा समेत कई सहिया, वार्ड सदस्य, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली में श्री रामानुजन जयंती मनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में श्रीनिवास रामानुजन जयंती मनाई गई द्य विद्यालय में अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया द्यकार्यक्रम में मुख्य अतिथि, ब्रेन कुमार टुडू, पूर्णकालिक, विद्या विकास समिति, झारखंड, झारखंड ने श्री रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कियाद्य उन्होंने श्री रामानुजन जयंती के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी द्य मौके पर उन्होंने कहा श्री रामानुजन भारत की प्रख्यात गणितज्ञ हैद्य उन्होंने गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया द्य आप सभी भैया- बहन श्री रामानुजन जो गणित के क्षेत्र में शिक्षा दी उसे आत्मसात कर गणित के क्षेत्र में आगे बढ़े।

आप सभी भैया -बहन देश प्रेम एवं देश सेवा का संकल्प लेद्य विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने श्री रामानुजन जयंती की शुभकामनाएं दी द्यकार्यक्रम में विद्यालय के गणित विभाग के रंजीत सोनी आचार्य राजीव रंजन उपस्थित थे द्यमौके पर पूनम दीदी जी, भैया- बहन एवं आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे ।

## सांसदों के निलंबन के विरोध में जदयू की रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड के द्वारा इंडिया गठबंधन के बैनर तले 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से सभी दलों की एक रैली निकाली गई जो झंडा चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई ।जनता दल यूनाइटेड ने भी इस रैली में हिस्सा लेकर अपना विरोध दर्ज कराया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा सांसदों का यह निलंबन नाजायज है उन्हें तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। रैली में शामिल जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा प्रदेश सचिव सह बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन मेहता, जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, जिला सचिव बसंत मेहता, कुलदीप राम, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, महासचिव पिंकी राणा, प्रखंड अध्यक्ष रामधनी कुशवाहा, जिला सचिव मनसा देवी, जिला सचिव नज़रुल्ला अंसारी एवं मनीरूद्दीन अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास से मनाया गया श्रीनिवास रामानुजन जयंती सह गणित दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय बाबू गांव, कोर्रा में श्रीनिवास रामानुजन जयंती सह गणित दिवस हर्षोल्लास मनाया गया । कार्यक्रम का श्रीगणेश मुख्य अतिथि डॉ अरुण कुमार ,विद्यालय के अध्यक्ष डॉ बृज कुमार विश्वकर्मा, सचिव राम बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, सदस्य महेंद्र कुमार एवं अभिभावक प्रतिनिधि पम्मी देवी के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया । आगंतुक अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने कराया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अरुण कुमार ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन कि कुशाग्र बुद्धि के कारण ही इन्हें चलता फिरता कंप्यूटर कहा जाता है। इन्होंने रियल नंबर, गेम थ्योरी, नंबर थ्योरी पर रिसर्च किया और अनेक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया जो आज तक प्रसांगिक है, इन्हें लंदन से एफआरएस की उपाधि दी गई। अध्यक्ष डॉक्टर बृज कुमार विश्वकर्मा ने अपने आशीर्वचन में कहा कि रामानुजन के साथ गीता जयंती भी आजही है। रामानुजन की माँ एक धार्मिक महिला थी उन्होंने ही रामानुजन को गीता पुराण की शिक्षा दी थी। रामानुजन ने लंदन जाते समय कहा कि मैं लंदन में भी अपनी सांस्कृतिक परंपरा को नहीं छोडूंगा । उनकी 75 वीं वर्षगांठ पर भारत सरकार द्वारा एक डाक टिकट निकाला गया एवं 2012 में आज का दिन राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भाषण, प्रश्न मंच ,प्रश्न रेस, जलेबी रेस, चॉकलेट रेस, मेंढक रेस, एवं चार्ट समेत अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा दशम की बहन सुरूचि ,बहन रिशु एवं बहन मौलीरानी, कक्षा नवम से सिंपल कुमारी ,अमीषा रानी एवं भैया आर्यन कुमार सफल रहे। चार्ट प्रतियोगिता में अमीषा एवं श्रेया,रिया एवं मनिषा तथा रोहित कुमार ,श्रेया एवं सुमित सफल हुए। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ में सत्यम एवं हिमांशु,अंश एवं आदित्य और मनीषा तथा मानसी सफल रहे। सप्तम के प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भैया उदय एवं सुमन, सेजल एवं अपूर्वानंद एवं बहन व्युटि एवं श्वेता सफल रहे। पंचम की गणित रेस प्रतियोगिता में भैया युवराज एवं बहन दिव्या ,भैया मयंक एवं बहन फूल कुमारी तथा बहन कीर्ति ने सफलता प्राप्त किया। तृतीय के गणित रेस में शिवम एवं खुशबू ,अनिकेत एवं दिशा तथा भैया प्रिंस कुमार सफल रहे। वहीं अष्टम के प्रश्न मंच प्रतियोगिता में परमानंद एवं सीमांत,तनयनंदन एवं नीतू कुमारी तथा अर्चना एवं प्रिंसी कुमारी ने अंक तालिका में जगह बनाया।द्वितीय के गणित रेस में प्रतियोगिता में प्रथम भैया पीयूष एवं बहन आरवी द्वितीय भैया आशीष एवं बहन अनन्या भैया मयंक एवं बहन रोशनी ने प्राप्त किया। कक्षा प्रथम का मेंढक प्रेस प्रतियोगिता में प्रथम भैया ऋतिक द्वितीय भैया आदत तृतीय स्थान भैया सिद्धार्थ ने प्राप्त किया । इसी कक्षा के चॉकलेट रेस में बहनों में प्रथम सृष्टि कुमारी द्वितीय बहन ज्योति कुमारी एवं तृतीय बहन सौम्या कुमारी ने प्राप्त किया।

## धनवार पंचायत में कल होगी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम, तैयारिया पूर्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड में सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम अंतिम चरण में है, लगभग 19 पंचायतों में उक्त कार्यक्रम सफलता पूर्वक हो चुका है, इस बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर सबसे अंतिम में धनवार पंचायत में लगने वाली है, जिसे भव्यता प्रदान करने की तैयारिया पूरी कर ली गई है। शिविर को भव्य एवं कारगर बनाने को लेकर धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद पिछले कई दिनों से उक्त कार्यक्रम को लेकर तैयारियों में जुटे है। शनिवार को कार्यक्रम होना है, जिसकी सारी तैयारियां शुक्रवार संध्या तक पूर्ण कर ली गई है। जानकारी देते हुए धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा की कार्यक्रम नियत समय सुबह 10 ¬ 30 से प्रारंभ कर दी जाएगी जिसकी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, सैकड़ों लाभुको का फॉर्म भी भरवा दिया गया है, साथ ही पंचायत के सभी वार्ड सदस्यो को पंचायत के एक एक सदस्यो को कार्यक्रम के विषय में अवगत करवाने का कार्य सौपा गया है, कार्यक्रम काफी भव्य एवं कारगर होने की संभावना है। उन्होंने अंत में धनवार पंचायत सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों, जरूरतमंदों एवं समस्त पंचायत वासियों से अपील किया है की कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाए एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## रफीक अंसारी के ग्यारहवी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आज फहिमा अकादमी स्कूल के प्रांगण में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर में कई विद्यालय है जो बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं परंतु शहर में कुछ ऐसे भी विद्यालय हैं जो बच्चों को शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी अपनी सहभागिता पूरी सुनिश्चित कर रहे हैं इन्हीं विद्यालयों में से एक फहिमा अकैडमी है जो 110 छात्रों को निशुल्क शिक्षा देने का संकल्प लिया है। छात्रों को नर्सरी से नौवीं कक्षा तक पूरी निशुल्क पढ़ाई जाएगी, स्व ¬ रफ़ीक़ अंसारी के 11वीं पुण्यतिथि पर विशेष रूप से किया जा रहा है। इसके अलावा विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन आज किया जा रहा है, इसके अलावा गरीब जनों के बीच कंबल एवं टोपी का वितरण किया जाएगा। 24 दिसंबर को भारत मेडिकल मे जांच शिविर का आयोजन किया गया है। फहिमा प्राचार्या फरहा फातमी ने कहा की उनका ये निर्णय उनके दादा स्वर्गीय रफीक अंसारी के लिए एक श्रद्धांजली है साथ ही 23 दिसम्बर दिन शनिवार को स्कूल प्रांगण में ब्लड डोनेशन कैंप, मुफ्त चिकित्सा शिविर, और कम्बल एवं गर्म टोपियों का वितरण जरुरतमंदो के बीच किया जायेगा साथ ही बताया स्वर्गीय रफ़ीक़ अंसारी जी का सपना था लड़कियों के शिक्षा को बढ़ावा देना इसलिए उन्होंने हर धर्म जाति के लड़कियों के लिए एक निःशुल्क शिक्षा का मौका प्रदान कर उनके सपने को पूरा करने की छोटी सी कोसिस की है साथ ही उन्होंने ये भी कहा की उनके उज्जवल भविष्य के लिए और उनके सपने को पूरा करने के लिए स्कूल उनकी हर संभव मदद करेगा,आज से ही 110 बच्चियों के निःशुल्क शिक्षा के नामांकन भी शुरू किया जायेगा 23 दिसंबर से 30 जनवरी 2024 तक जरूरतमंद 110 बच्चियों के एडमिशन का समय सीमा तय किया है स्कूल के शिक्षको ने भी स्कूल प्रबंधन के इस निर्णय की काफ़ी सराहना की है।

## 2200 से 9000 तक प्रति ट्रेक्टर कीमत पर बिक रहा है अवैध बालू, पदाधिकारी मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड सरकार ने बालू पर प्रतिबंध लगा रखा है। इस प्रतिबंध के बावजूद बालू की ढुलाई चल रही है और धंधा खूब फल-फूल रहा है। इसकी एक वजह ये भी है कि कागजों पर बालू के उठाव पर तो रोक लगा दी गई। लेकिन बालू माफियाओं द्वारा आज भी नदियों का सीना चीरा जा रहा है और अवैध बालू निकाल कर ऊंची कीमतों में धड़ल्ले से बेचा भी जा रहा है। अगर पहले और आज के फर्क की बात करें तो बस ये बदलाव हुआ है कि पहले बालू दिनभर सील ठप्पे वाले कागज के साथ घर तक पहुंचाया जाता था और अब ये काम रात के अंधेरे में किया जाता है वो भी बिना सील ठप्पे वाले कागज के।

जिस तरह से अवैध बालू की ढुलाई (तस्करी) की जा रही है उसके बाद ये सवाल सबसे बड़ा हो जाता है कि क्या इस तस्करी को पूरे सरकारी महकमे की मौन स्वीकृति मिल गई है। वहीं बरही प्रखंड के बालू घाटो में भूमाफियाओं द्वारा हजारों ट्रेक्टर अवैध बालू डंप कर रखा जाता और उसे ऊंची कीमतों में बेचा जाता है बिना किसी डर भय के।

वहीं बरही प्रखंड टाउन की बात करे तो एक ट्रेक्टर की कीमत 2200 सौ रुपए से लेकर 3500 सौ रुपए में बेचा जाता है, जबकि हजारीबाग भेजने में प्रति ट्रेक्टर 9000 रुपए में बेचा जाता है। एक ट्रेक्टर चालक ने नाम ना छापने पर बताया की बरही क्षेत्र से प्रतिदिन छह से सात सौ ट्रेक्टर बालू की सप्लाई होती है। हाइवा गाड़ी से भी अवैध बालू बाहर भेजा जाता है, सबंधित सभी बाबुओं का ध्यान रखा जाता है ताकि किसी प्रकार का कोई दिक्कत ना हो। साथ ही बताया की बालू घाट से बालू उठाव के समय चंदा के नाम पर प्रति ट्रेक्टर तीन सौ से पांच सौ रुपया भी देते है, इसलिए बेरोक टोक के बालू लेकर जाते है।

# सांसदों के निलंबन के खिलाफ इंडिया गठबंधन के द्वारा विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी, झारखंड मुक्ती मोर्चा, राजद, जदयू, आप पार्टी और वाम दल के इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलो के तत्वाधान में रणधीर वर्मा चौक से धनबाद समाहरणालय तक नारेबाजी करते हुए केंद्र की तानाशाही मोदी सरकार द्वारा 142 सांसदों की निलंबन एवं लोकतंत्र को बेरहमी से खत्म करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई।

मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र की तानाशाही मोदी सरकार द्वारा लगभग 142 सांसदों से ज्यादा की निलंबन कर लोकतंत्र को बेरहमी से खत्म करने का प्रयास किया है,आगे उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर करारा हमला किया है।

केंद्र सरकार का यह घिनौना कृत्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों और मूल्यों की नग्न हत्या है,जिसने देश की संसदीय लोकतंत्र को उलट कर कब्रगाह बनाने के साथ अपनी तानाशाही का परिचय देने का काम किया है। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा भाजपा पहले अपने गिरेबान में देखे जब लोकसभा के अंदर प्रधानमंत्री मोदी हमारे नेता राहुल गांधी जी का मिमिक्री कर रहे थें।

वहीं झारखंड मुक्ती मोर्चा के अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है धनबाद की जनता इस बार भाजपाई का कमल को रौंदकर इंडिया गठबंधन का परचम लहराएगी।

राजद जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने कहा आज विपक्ष को भाजपा कुचलकर संविधान पर कुठाराघात कर रही है। आगे सिंह ने कहा सांसदों का निलंबन अविलंब वापस नहीं की गई तो इंडिया गठबंधन सड़क से लेकर सदन तक जोरदार आंदोलन करेगी, इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल समन्वय स्थापित कर पूरी प्रतिबद्धता से लोकतंत्र के अपमान के खिलाफ एक साथ खड़े होकर केंद्र के मोदी सरकार का प्रतिकार करने के साथ-साथ आमजनों के बीच इस संदेश को ले जाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और संचालन लखी सोरेन ने किया।

## कोयलांचल स्कूल ऑफ लर्निंग ने विज्ञान और कला प्रदर्शनी का किया आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मटकुरिया स्थित कोयलांचल स्कूल ऑफ लर्निंग ने एक शानदार विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें अद्भुत प्रोजेक्ट्स और कलात्मक सृजनों का अद्भुत संग्रह प्रस्तुत किया गया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया, जो शैक्षिक प्रतिभा, रचनात्मकता और दृष्टिकोणवादी शिक्षा का जश्न मना रहे थे। इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि जरेडा के अध्यक्ष राजीव शर्मा, विशिष्ट अतिथि शशि महतो एवं गुड्डू सिंह, शामिल हुए। कोयलांचल स्कूल ऑफ लर्निंग के अध्यक्ष राहुल कश्यप, चेयर पर्सन रवि शंकर पटेल, प्राचार्या ज्योति दीक्षित, उप प्रधानाचार्य पप्पू कुमार तथा सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे। प्रदर्शनी ने विज्ञान प्रोजेक्ट्स का एक बेहद आकर्षक संग्रह प्रस्तुत किया, जिसमें स्मार्ट होम, कोल माइंस प्रोजेक्ट, चंद्रयान 3 प्रोजेक्ट, कचरा सफाईकर्ता, ट्रैफिक लाइट सेंसर और अन्य नवाचार शामिल थे। साथ ही, कला और शिल्प खंड ने दर्शकों को हैरान कर दिया था, जिसमें खूबसूरत पोर्ट्रेट्स, मधुबनी पेंटिंग्स, लैंडस्केप्स, समकालीन और अमूर्त चित्रकला और अन्य रचनात्मक अभिव्यक्तियों ने दर्शकों को मोहित किया। सभी प्रोजेक्ट्स नवाचारी और सराहनीय थे। निर्णायक मंडली के सदस्य द्वारा निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ, जिसमें बच्चों ने योग की प्रस्तुति दी, आरंभ कपिता पर नृत्य, आज फगुने गीत पर झारखंड नृत्य, आत्मरक्षा पर नृत्य नाटिका, संस्कृत गीत द्वारा देश की विविधता को अभिव्यक्त किया गया। कोयलांचल स्कूल ऑफ़ लर्निंग, मटकुरिया, धनबाद होलिस्टिक शिक्षा का दीप बन रहा है, जहां युवा मस्तिष्यों को पोषण दिया जा रहा है और नवाचार और रचनात्मकता की संस्कृति को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मनाया गया मेरी क्रिसमस एवं बाल महोत्सव




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मेरी क्रिसमस बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर टाटा स्टील लिमिटेड झरिया डिवीजन के चीफ एच. आर. पंकज दास की धर्मपत्नी मौसमी दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस बाल महोत्सव में जुनियर विंग के छोटे छोटे बच्चों के साथ उनकी माताओं ने जोश और खुशी से भरी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा को दुगुना कर दिया। बाल महोत्सव का शुभारम्भ वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ यज्ञ से हुआ। इस महोत्सव में जहाँ एक तरफ़ सब जुनियर विंग के छोटे छोटे नटखट बच्चों ने अपने अपने सामूहिक नृत्य से सभी आगंतुकों का मन मोह लिया वहीं दूसरी ओर अतिथिरूप में निमन्त्रित माताओं ने भी अपनी अपनी प्रस्तुति से पूरे महोत्सव को रोमांचित कर डाला। कार्यक्रम के समापन में प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बच्चों के साथ उनकी माताओं की असीम ऊर्जा को देख कर प्रसन्नता व्यक्त की तथा भविष्य में भी यूँ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देने का परामर्श भी दिया। कार्यक्रम के आयोजक के रूप में जुनियर विंग की सभी शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

## संत जेवियर स्कूल शालीमार में क्रिसमस कार्यक्रम का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संत जेवियर स्कूल शालीमार में क्रिसमस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल को अत्यंत मनमोहक ढंग से सजाया गया। छात्र छात्राएं सेंटा क्लॉज की ड्रेस पहन स्कूल पहुंचे। सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। बच्चों ने ईसा मसीह के जीवन पर आधारित नाटिका भी प्रस्तुत की। बच्चों ने अपनी विभिन्न पोस्टर के माध्यम से यह संदेश दिया कि सैंटा क्लोज आता है और खुशियां लाता है। जीवन को सुखमय बनाने में शांति और अहिंसा का अभूतपूर्व योगदान है। जूनियर क्लास के बच्चों ने जिंगल बेल तथा अन्य क्रिसमस सॉन्ग में डांस किया और बच्चों ने अपने क्लासरूम को बहुत ही अच्छे तरीके से सजाया। सांता क्लास भी इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा तथा सांता क्लास ने सभी बच्चों को मिठाईयां चॉकलेट बाटी। स्कूल के प्राचार्य पुनीत शाह ने कहा कि क्रिसमस हमें एक दूसरे से प्यार और मोहब्बत करने का संदेश देता है। मौके पर मौजूद अध्यक्ष आर पीटर शाह, लोचन विश्वकर्मा, कआयशा कुरैशी, कोमल कुमारी, प्रीति मिस, सर्वजनि मजूमदार आदर्श वर्मा आदि मौजूद थे।

## वार्षिक खेलकूद सह पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह का आयोजन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के बेहड़ा स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आज शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद सह पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार मॉडर्न पब्लिक स्कूल बेहड़ा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आज शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद सह पुरस्कार वितरण के साथ-साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ,जिसमें सभी हाउस के बीच विभिन्न प्रकार के दौड़ ,गेम्स इत्यादि का आयोजन किया गया सर्वप्रथम बछेंद्री पाल हाउस ओवर ऑल विजेता मिल्खा सिंह हाउस उपविजेता एवं बिनोद बिहारी महतो तीसरे स्थान प्राप्त करने में सफल रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों एवं टॉप 3 हाउस मेंटर टीचर्स मोहम्मद नदीम एवं मिस नुसरत जहां को स्कूल के चेयरपर्सन मोहम्मद सलाउद्दीन एवं प्रधानाध्यापक मोहम्मद इरशाद ने संयुक्त रूप से मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## व्यवसायी लक्ष्मण कुशवाहा ने निजी खर्च से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के बीच बांटे कॉपी कलम

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत के ग्राम टाटो में शुक्रवार को प्रभात नमकीन न्यू दिल्ली के प्रोपराइटर लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा ने अपने निजी खर्च से उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो के प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में कक्षा एक से कक्षा आठ तक अध्यनरत सभी विद्यार्थियों के बीच अपने निजी खर्च से कॉपी, कलम, पेंसिल समेत अन्य सामग्री का वितरण किया।

## मुकेश सिंह ने सीएम को बुके देकर किया स्वागत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन धनबाद की धरती बलियापुर पहुंचे और स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के समाधी स्थल पर पहुंच पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर धनबाद जिला के उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने मांग पत्र देकर सिंदरी की समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में मुख्य रूप से कहा गया की झारखंड अलग राज्य आंदोलन के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो के पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष 18 दिसंबर को बलियापुर स्थित उनके समाधि स्थल पर लगने वाले बिनोद मेला को राजकीय मेला घोषित किया जाए तथा सिंदरी कॉलेज, सिंदरी में स्नातकोत्तर पोस्ट ग्रेजुएशन/मास्टर डिग्री की पढ़ाई शुरू कराई जाए। वहीं सिंदरी कॉलेज सिंदरी में इंटरमीडिएट एवं स्नातक का नामांकन अभी बंद है, इसे अविलंब चालू करवाई जाए तथा बालियापुर में फ्लाई ओवर बनाने सहित अन्य मांगे की गई।

## एसआईटी गिरिडीह में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसआईटी गिरिडीह में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डॉ राजीव प्रसाद के नेतृत्व में शैक्षिक जागरूकता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान से आए श्री कुमार गौरव ने संबोधित करते हुए बताया कि यह संस्थान भारत सरकार द्वारा संचालित है तथा वैसे विद्यार्थियों के लिए कार्य करता है जो किसी कारणवश विद्यालय नहीं जा पाए या जिनकी पढ़ाई बीच में छूट जाती है ऐसे विद्यार्थी इस संस्थान में बहुत कम खर्च पर आसानी से नामांकन करा कर मैट्रिक और इंटर की परीक्षा दे सकते हैं एवं साथ ही क्षेत्रिय केंद्र से आए श्री अमित कुमार शर्मा ने बताया कि पाठ्य पुस्तक संस्थान द्वारा ही उपलब्ध कराई जाती है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन, परिसम्पतियों का वितरण, ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान एवं आवेदनों के निष्पादन की गति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अब तक आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से किए गए आवेदनों के निष्पादन, ऑनलाइन दर्ज किए गए सभी आवेदनों की संख्या एवं परिसंपत्तियों के वितरण के साथ सभी पंचायत स्तरीय कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लंबित आवेदनों के त्वरित गति से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि तय समय सीमा के अंदर लोगों के समस्याओं का समाधान करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराएं, ताकि लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी अभियान आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का सीधा लाभ मिल सके। इसके अलावे उपायुक्त ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में आने वाले समस्याओं का निरीक्षण ऑन द स्पॉट करने के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़े, ताकि उन्हें स्वरोजगार से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर बनाया जा सके। आगे उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना को लेकर मिलने वाले सभी आवेदनों को त्वरित गति से सत्यापित करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत करायें, ताकि अबुआ आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत करने की दिशा में त्वरित कार्य किया जा सके।

## प्रभात मंत्र का असर : सीडीपीओ को किया गया प्रभार मुक्त

## आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ अमर्यादित व्यवहार पर उपायुक्त द्वारा की गई कार्रवाई


सुपरवाइजर ने समाज को लज्जित करने का किया काम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड के अंतर्गत बागोडीह पंचायत की चार सेविकाओं के साथ सुपरवाइजर के द्वारा की गई अमर्यादित व्यवहार को लेकर गिरिडीह के उपायुक्तनमन प्रियेश लकड़ा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रभारी सीडीपीओ राखी चंद्रा को प्रभार मुक्त कर दिया है,उपयुक्त सह जिला दंडाधिकारी कार्यालय के द्वारा ज्ञापांक 1541 दिनांक 18/12/23 को दीये गये आदेश मे प्रभारी सीडीपीओ राखी चंद्रा को प्रभार मुक्त करते हुवे सरिया अंचला अधिकारी संतोष कुमार को प्रभार लेने का आदेश दिया है।

**क्या था मामला :-** सरिया सीडीपीओ कार्यालय मे कार्यरत सुपरवाइजर अंजलि के द्वारा बागोडीह पंचायत की चार सेविकाओं के साथ बीते 13 दिसंबर को अमर्यादित व्यवहार किया था, साथ ही इसकी तस्वीर भी व्हाट्सप्प ग्रुप मे पोस्ट कर दी थी जिसके बाद इसकी शिकायत विभाग के अधिकारिओ को की गई, वहीं इस मामले को लेकर प्रभात मंत्र अख़बार ने 16 दिसंबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था जिस पर जाँच के बाद उपायुक्त गिरिडीह के द्वारा सीडीपीओ को प्रभार मुक्त करते हुवे सरिया अंचल अधिकारी संतोष कुमार को इस विभाग का प्रभार लेने का निर्देश दिया है।

## महाप्रबंधक ने ट्रेन में यात्रा कर उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज पटना और रांची के मध्य विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त सेमी हाई स्पीड पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस में पटना से गया तक यात्रा की । इस दौरान उन्होंने ट्रेन में साफ़-सफाई, कैटरिंग सेवा आदि का गहन निरीक्षण किया तथा यात्रियों से संवाद कर फीडबैक लिया । यात्रियों ने वंदे भारत के अत्याधुनिक तकनीक, गति और आराम के साथ बेहतर यात्रा के अनुभवों को महाप्रबंधक से साझा करते हुए वंदे भारत ट्रेन और उसमें उपलब्ध सुविधाओं के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आज गया स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का गहन निरीक्षण कर स्टेशन पर विकसित की जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं का जायजा लिया । महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गया स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य की समीक्षा भी की । इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा मानपुर स्टेशन पर निर्माणाधीन गुड्स शेड लाइन संबंधी कार्य का निरीक्षण किया गया तथा वहां स्थित स्लीपर प्लांट का जायजा लिया।

## ट्रैफिक नियम को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत चतरो मुख्य मार्ग स्थित सियाटांड़ चौक पर गुरुवार को खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में ट्रैफिक नियम को लेकर जागरूकता अभियान निकल गया. अभियान के दौरान एक तीन पहिए वाहन के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम से अवगत कराया वहीं सियाटांड़ चौक पर वैसे व्यक्ति जो बिना हेलमेट पहनकर बाइक चला रहे थे एवं बाक़ी में दो या तीन लोग सवार थे उसे रोक कर माला पहनकर सम्मानित किया। इसके साथ ही ट्रैफिक नियम से अवगत कराया और कहा बिना हेलमेट पहने गाड़ी ना चलाएं बच्चों को गाड़ी चलाने ना दे इत्यादि कई निर्देश दिए वहीं अंत में खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो एवं नवडीहा ओपी प्रभारी राधेश्याम पांडेय ने दर्जनों लोगों को हेलमेट देकर हेलमेट पहनने की अपील किए।

## तिलक कार्यक्रम में पहुंचे समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट के अधिकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** प्रखंड अंतर्गत मोतीलेदा पंचायत के केन्दुआगढा मे शुक्रवार को तिलक कार्यक्रम मे समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट के अधिकारी पहुचे। दरअसल ट्रस्ट के कोर कमिटी उप सचिव संजय वर्मा (संजू) के सुपुत्री का तिलक कार्यक्रम था जहा ट्रस्ट के अधिकारी पहुचे थे। इस दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारी अपनी यूनीफॉर्म मे थे जिससे सबके नजरो को अपनी और आकर्षित करने पर मजबूर कर दिया। पहुचे ट्रस्ट के अधिकारियों ने बिटिया के उज्जवल भविष्य की कामना की और आशिर्वाद दिया।

## 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में इंडिया महागठबंधन ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह शहरी क्षेत्र के झंडा मैदान से इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस के समर्थकों द्वारा 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में रैली निकली गई। वहीं सभा का आयोजन पुराना नगर निगम में किया गया। महागठबंधन के सभी दल के नेताओं ने अपनी बातों को रखा।

रैली के दौरान 146 सांसदों के निलंबन को लेकर कई नारे लगाए गए।बता दें कि लोकसभा ने अब तक 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है।

इसको लेकर सरकार का कहना है कि इन सांसदों ने अपनी मांग के समर्थन में संसद में हंगामा किया और कामकाज में अड़ंगा डाला।

सदन का कामकाज न होने देने की वजह से इन सांसदों को निलंबित किया गया है। इधर कार्यक्रम में महागठबंधन के विभिन्न दलों के पार्टी झामुमों, आप, कांग्रेस, माले, समेत अन्य पार्टी ने धरना में भाग लिया।

मौके पर गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार सोनू, संजय सिंह, कृष्णा मुरारी शर्मा, राजेश सिन्हा, नरेश वर्मा, सतीश केडिया समेत सभी पार्टी के पुरुष व महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आदर्श विद्या निकेतन का वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता तथा पुरस्कार वितरण हर्सोल्लास के साथ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** एगारकुणड प्रखंड के अंतर्गत मैंथन के केशरकुल ग्राम स्थित 'आदर्श विद्या निकेतन' विधालय का खेलकूद प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह सन 2023-24 के भव्य आयोजन के साथ-साथ खुशी-खुशी समाप्त हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में रूद्र प्रताप सिंह (पूर्व महाप्रबंधक डीभीसी) विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया प्रतिनिधि कालीमाटी पंचायत के मोती हेमब्रम तथा विधालय के ट्रस्टी त्रिलोचन कुमार सिंह, प्रणब कुमार बनर्जी एवं गौरी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर खेल की शुरूआत की। कुल मिला कर 21 प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एवं विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूद्र प्रताप सिंह ने कहा की आदर्श विद्या निकेतन सुदुर ग्रामीण क्षेत्र मे रह कर भी बच्चों को विद्या का अलख जगाने का काम आज वर्षो से कर रही है और आने वाले समय में विद्यालय दिनों दिन प्रगति की राह पकड़े रहेगी और यही हम सब की कामना है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, लाभुकों की उमड़ी भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन टुंडी मुखिया रेखा देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत होते हुए सभी आवेदकों में अपने अपने आवेदनों को जमा करने के लिए काफी उत्साह देखी गई। बताया जाता है कि झारखंड सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में इन दिनों विभिन्न प्रकार की योजनाओं को पारित कराने के लिए लाभूक सुबह से ही शिविर में उपस्थित हो रहे हैं और अपने आवेदनों को जमा करने के लिए उत्साहित रहते हैं।आज के इस शिविर में कुल 24 स्टालों का निर्माण कराया गया था सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास एवं सर्वजन पेंशन की स्टॉलों में देखीं गई। मौके पर टुंडी बीडीओ शैलेंद्रकुमार चौरसिया, अंचलाधिकारी रवि कुमार, मुखिया रेखा देवी, उपमुखिया संतूलाल किस्कू, झामुमो नेता फूलचंद किस्कू,बबलेश साव समेत सभी प्रखंड सह अंचल कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अविराम कॉलेज में धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग आयोजित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में बीएड और डी एल एड संकाय के द्वारा क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन दीपप्रज्वलन के साथ किया गया। जिसके पश्चात निशा समूह द्वारा स्वागत गीत, अनुराग के द्वारा बाइबिल पाठ, यीशु जन्म प्रियंका और साथियों द्वारा, झूम लेवा पर नृत्य निशु समूह, टिम टिम पर समूह प्रियंका समूह, ठंडी हवा पर नेभी और साथी, भइया रे तोरे लागे स्नेहा और साथी, झाका माका तारा इंजिल समूह, आधा राती जन्म ले ले पर अंजनी समूह, चरनी उपर अनुराग समूह द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने कहा कि क्रिसमस पर संता क्लॉज सभी के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, ईसा मसीह का जीवन प्रेम, मानवता और सेवा की सीख देता है। हमें परस्पर संस्कृतियों का सम्मान करना चाहिए। क्रिसमस फ्रेंड सभी स्टाफ और प्रशिक्षुओ द्वारा बनाए गए। मंच संचालन जयदीप, राहत, द्वारा किया गया।

### महान गणितग्य श्रीनिवास रामानुजम की जयंती पर गणित रेस प्रतियोगिता आयोजित



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम की 136 वीं जयंती शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ श्रीनिवास रामानुजम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर सभी को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजम ने समाज को नई दिशा दिखाई। युवाओं के लिए वे सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय में गणित रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा द्वितीय से लेकर अष्टम तक के भैया बहनों ने भाग लिया। कक्षा द्वितीय से प्रथम स्थान पर सिद्धि कुमारी,दूसरे स्थान पर आयुष,तीसरे स्थान पर तंजीम अंसारी कक्षा तीन से अभय कुमार प्रथम स्थान पर,छोटू दूसरे तथा अमन तीसरे स्थान पर विजयी रहें। कक्षा चतुर्थ से नीलेश प्रथम,दीपिका दूसरे व सुहाना तीसरे स्थान पर सफल रहें। कक्षा पंचम से सूरजमुनी प्रथम,अमीषा दूसरे व खुशी तीसरे स्थान पर सफल रहें। कक्षा छह से विक्की प्रथम,सुरेश द्वितीय तथा तीसरे स्थान पर काजल विजयी रहें। कक्षा सप्तम से श्लोक प्रथम,राकेश दूसरे व अनुप तीसरे स्थान पर रहें। कक्षा अष्टम से हिमानी प्रथम,दूसरे स्थान पर आरुषी तथा तीसरे स्थान पर प्रियांशु सफल रहें। मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य वृन्द उपस्थित थें।

### जुरकेला गिरजा टोली में धूमधाम के साथ क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा प्रखंड के जुरकेला गिरजा टोली में शुक्रवार को धूमधाम के साथ क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के युवा नेता संदेश एक्का, जिला सचिव राहुल कुमार, उपाध्यक्ष दिवाकर दास, पंचायत उपाध्यक्ष पवन विश्वकर्मा उपस्थित हुए। सर्वप्रथम पारंपरिक वेशभूषा एवं ढोल नगाड़े के ताल पर आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया, जहां पर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति करते हुए सभी लोग क्रिसमस गैदरिंग का आनंद उठाया। अपने संबोधन में युवा नेता संदेश एक्का ने कहा- आज हम सब एक जगह संगठित होकर क्रिसमस गैदरिंग मना रहे हैं, यह परमपिता परमेश्वर की कृपा है कि जहां पर हम लोग कोरोना जैसे महामारी से बचकर आज हम परमेश्वर के आने से पूर्व उत्सव मना रहे हैं। आप सभी परमपिता परमेश्वर की बताई मार्ग पर चलकर लोगों के बीच सेवा और दिन, दुखिया एवं गरीबों की मदद करें। हमारा यह पर्व शांति एकता और भाईचारे का संदेश देता है और सभी लोगों को मिलकर इस त्यौहार में अपने अंदर छुपी बुराइयों को दूर करने की प्रतिज्ञा लेने की आवश्यकता है ताकि समाज में एक नई ऊर्जा का संचार हो सके। इस मौके पर गिरजा टोली गांव के काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे वहीं आयोजन समिति उपवन डूंगडुग, शोषण डूंगडुग, जयदीप कुल्लु,फूलमनी टेटे,सुरेश टेटे,विश्वास टेटे,अनूप ,अनिल,जुनास,नवीन टेटे आदि उपस्थित हुए।

# कैरो में नक्सलियों ने नहर निर्माण कार्य में लगे पोकलेन मशीन व ट्रैक्टर को फूंका, थाना में मामला दर्ज, पुलिस जुटी पड़ताल में

## विकास कार्य को व्यवधान पहूंचाने वाले का खैर नहीं : एसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** झारखंड लोहरदगा जिले के कैरो प्रखंड मे एक बार फिर नक्सलीयो ने तांडव मचाया है। कैरो प्रखंड के अंतर्गत नन्दनी डैम से निष्कासित तीनो नहर का इन दिनो कार्यान्वयन एजेन्सी के द्वारा पक्कीकरण का निर्माण कार्य चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक पूर्वी कैनाल नहर के निर्माण कार्य मे लगे 02 पोकलेन मशीन एवं एक ट्रैक्टर को नक्सलियों के द्वारा 20 दिसंबर बुधवार की रात्रि आग के हवाले कर दिया है। उक्त नहर का निर्माण कार्य लाईस इन्फ्रा कान प्राईवेट कम्पनी लिमिटेड जमशेदपुर के द्वारा लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य करायी जा रही है,कम्पनी को कुछ ही दिन पहले धमकी भरी लहजो मे लेवी की माँग भी की गई थी। बुधवार की आधी रात् हथियार बन्द नक्सलियों ने कैरो एडादोन के पास सो रहे एजेन्सी के मुन्शी को जगाकर पहले पीटा,फिर मशीन को आग के हवाले कर हवाई फाईरिंग की और कहा जो कोई लगी आग को बूझाने की कोशिस करेगा उसे गोली मार दी जायेगी। घटना की सूचना मिलते ही गुरुवार 21 दिसंबर को सुबह जिले के पुलिस अधीक्षक हरिस विन जमा, मुख्यालय डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, पुलिस इंसपेक्टर मंटू कुमार, थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव व कैरो थाना के सदल बल घटनास्थल पहुँचकर मामले की कम्पनी के कामगारो से आवश्यक पुछताछ व जाँच पड़ताल किया वही इस संबंध मे कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव ने कहा कि मामले पर कैरो थाना मे कैरो थाना काण्ड संख्या 57/23 भा0द0वि0 147, 148 149, 385, 387, 435, 504, 506, ईएलए 27 सीएलए एक्ट के तहत काण्ड दर्ज कर पुलिस आगे की कार्य में जुट गई है।

# समाजसेवी के द्वारा वृद्ध, वृद्धा और दिव्यांगों के बीच किया गया कंबल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत ग्राम में शुक्रवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम समाजसेवी मोबिन अंसारी के माध्यम से आयोजित किया गया। जिसके द्वारा वैसे वृद्धा,विधवा तथा दिव्यांग व्यक्ति के बीच कंबल वितरण किया गया जो आर्थिक आय, शारीरिक रूप से लाचार होने के साथ कंपकपाती ठंढ के मौसम में कपड़ा खरीदने में असमर्थ है। कंबल वितरण के पूर्व जरूरत मंद एवं बुजुर्गो का सूची तैयार कर पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम की उपस्थिति में 50 वृद्धावस्था विधवा,दिव्यांग को समाजसेवी के द्वारा ठंड से बचने के लिए कंबल प्रदना किया गया। वितरण के समय सुबोध राम और गांव के समाजसेवी तथा सज्जन व्यक्ति भी शामिल थे। कंबल वितरण के पश्चात समाजसेवी मोबिन अंसारी ने कहा यह लाभ सरकारी संस्थान से नही बल्कि बढ़ते ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु निजी व्यवस्था कर जरूरतमंद लोगों को कम्बल दिया गया है। सभी लोगों से कंबल का इस्तेमाल ठंड से बचने के लिए करने का अपील किया।

# ठेठईटांगर में दो ऑटो के बीच हुई भीषण सड़क दुर्घटना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड के कुसुमबेड़ा चालिस मर्दन घाटी में दो ऑटो के बीच में जोरदार टक्कर हुई दुर्घटना में ताराबोगा निवासी अशोक साहू, पिता लक्ष्मी साहू, संतोष साहू एवं सनोज कुमार, पिता चंद्रा, फूलचंद प्रधान को गंभीर रूप से चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक एक ऑटो ठेठईटांगर से ताराबोगा की ओर वही दूसरी ऑटो संलागापोस से ठेठईटांगर जा रही थी दोनों ही ऑटो ओवर स्पीड था और चालीस मर्दन घाटी पर दोनों के बीच में भीषण सड़क दुर्घटना हो गया। घटना की जानकारी पंचायत समिति सदस्य कोरोमिया पश्चिमी प्रिसिला डुंगडुंग के द्वारा ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख सह कांग्रेस नेता विपिन पंकज मिंज एवं कांग्रेस युवा नेता अमृत चिराग तिर्की को फोन के द्वारा मिली। जानकारी प्राप्त होने के बाद प्रमुख विपिन जी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर एंबुलेंस और प्रशासन को इसकी सूचना दी और उन्होंने गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने में लाइनप करते हुए मदद की रेफरल अस्पताल में चिकित्सा टीम के द्वारा घायल व्यक्तियों की इलाज चल रही है, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने चिकित्साकों से घायल व्यक्ति के स्थिति को देखते हुए जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया, साथ ही हालात को नाजुक देखते हुए , अगर रेफर करना है तो जल्द घायल व्यक्तियों को रेफर सदर अस्पताल सिमडेगा करने का भी आग्रह किया।

# छात्र-छात्राओं का कराया गया औद्योगिक भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत डा अनुग्रह नारायण प्लस टू हाई स्कूल में मीडिया एंड एंटरटेनमेंट एवं आईटी के वोकेशनल ट्रेड के छात्र-छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण उतका स्थित रवि प्रिंटिंग प्रेस में कराया गया। इसमें संस्थान के प्रोपराइटर रवि कुमार प्रजापति ने छात्रों को शादी कार्ड, विजिटिंग कार्ड, रसीद, कैश मेमो, पोस्टर, पंपलेट आदि सामग्रियों के छपाई के सभी पहलुओं को बारिकियों से बतलाया। इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गणेश कुमार शास्त्री मौजूद थे। उन्होंने कहा व्यावसायिक शिक्षा में औद्योगिक भ्रमण का बहुत महत्व है, जिसमें बच्चे अपने ट्रेड से संबंधित संस्थानों में जाकर ग्राउंड लेवल पर होने वाले कार्य को देखकर सिखते हैं। इससे बच्चों में स्वरोजगार की भावना भी जागृत होती है। व्यावसायिक छात्रों की शिक्षा में उद्योग दौरे का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके लिए कक्षा की सीमा के भीतर सैद्धांतिक अवधारणाओं को सीखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वास्तव में यह समझने के लिए वास्तविक दुनिया के अनुभव की आवश्यकता है कि उनके कौशल और ज्ञान को व्यावहारिक परिवेश में कैसे लागू किया जाता है। विभिन्न उद्योगों का दौरा करके, छात्रों को दिन-प्रतिदिन के कार्यों का निरीक्षण करने, पेशेवरों के साथ बातचीत करने और अपने पाठ्यक्रमों में सीखी गई अवधारणाओं के अनुप्रयोग को देखने का मौका मिलता है। यह प्रदर्शन उन्हें सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को पाटने में मदद करता है, जिससे उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्र की गहरी समझ मिलती है। इस मौके पर शिक्षक आंनद कुमार दुबे, व्यवसायिक प्रशिक्षक कुणाल कुणाल कुमार, अभिषेक केसरी, रवि कुमार सहित विद्यालय के कई बच्चे उपस्थित थे।

# सेवन स्टार्स अकादमी का 12 वां वार्षिक उत्सव मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 'सेवेन स्टार्स एकेडमी' हेहल रांची के प्रांगन में बड़े हर्षोल्लस के साथ धूम-धाम से 12वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर यहाँ के बच्चों ने शुभारम्भ में आये हुए आगुन्तकों के स्वागत में स्वागत नृत्य प्रस्तुत करते हुए पुष्पों की वृष्टि की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सूर्य नारायण सूरी (अखिल भारतीय संगठन मंत्री जनजाति सुरक्षा मंच नई दिल्ली), विशिष्ट अतिथि प्रकाश भाव व्हीके (पूर्व जिला न्यायधीश), सेवेन स्टार्स एकेडमी के निदेशक डा. विन्देश्वर बेक, सचिव सीमा तिग्गा, चेयर पर्सन सोनामती तिग्गा, प्रशासक पी.के. विद, प्राचार्य डा. बब्बन कुमार, उपप्राचार्य रितु प्रिया ने सामूहिक रूप से दीप प्रजवलित एवं पुष्प अर्पित कर उदघाटन किया। अतिथियों के स्वागत के तत्पश्चात बच्चों ने मुख्य अतिथि एवं आगुन्तकों के स्वागत में अपनी मधुर आवाज में स्वागत गान प्रस्तुत किया। वार्षिक उत्सव में छात्रों के अभिभावक एवं अन्य आगुन्तक भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के छात्रों द्वारा गायत्री मंत्र, गणेश वंदना,लुंगी डांस,नेपाली डांस, नागपुरी डांस,सोलो डांस, भांगड़ा डांस, युग मंथन एवं नाटक पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गय। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विद्यालय के निदेशक डा. विन्देश्वर बेक ने स्वागत संबोधन करते हुए कहा छात्रों को हिम्मत न हारते हुए मुश्किलों का सामना करते हुए सफल होने की ओरअग्रसर होना चाहिये। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए यह पता चलता है कि प्रतिभावान छात्रों को जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए उप प्राचार्य रितु प्रिया ने कहा विद्यालय के बच्चे का शत प्रतिशत परीक्षा फल का होना,खेल के क्षेत्रे में तमाम आयाम को छूना,आज के वर्तमान परिवेश में कंप्यूटर एवं आईटी के क्षेत्र में भी नये उच्चाईयों को छूना विद्यालय के अद्भुत प्रतिभा को दर्शाता है।

# कैरो बीआरसी में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 22 दिसंबर शुक्रवार को प्रखंड संशाधन केंद्र भवन कैरो मे नव भारत साक्षरता कार्यकम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत मुख्य रुप से 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बच्चो के असाक्षर निरजर जनों का सर्वे किया जाना है, तथा सर्वे से प्राप्त आँकड़ो को उल्लास साईट पर अप्लोड्स करना है। इस प्रकार प्राप्त सूचनाऑ के तहत प्रत्येक 10 नीरजरों पर एक स्वयं सेवी शिक्षकों का चयन करना है, चयनित शिक्षक निरक्षरो को पढ्ना लिखना सिखलायेगें। इसके लिये प्रत्येक दिन कक्षा का संचालन करेंगे। प्रशिक्षण मे अन्य आवश्यक विन्दुओं पर भी चर्चा की गई। मौके पर प्रखंड संशाधन केंद्र के कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश रंजन, प्रशिक्षक रमेश कुमार मिश्रा, जिला कार्यालय से आकाश कुमार, क्षेत्र प्रवंधक, सभी बीआरपी, सीआरपी प्रशिक्षण मे उपस्थित थे।

# उर्सलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उर्सुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा में दिनांक 22-12-2023 दिन शुक्रवार को क्रिसमस पर्व सह नव वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सिस्टर मोदस्ता, मदर सुपीरियर सिस्टर आशा, तीनों विद्यालयों की प्रधानाध्यापिकाएं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तीनों विद्यालयों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किये। हॉस्टल की छात्राओं द्वारा प्रभु यीशु मसीह का लघु झांकी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को रंगीन बनाने में सर अजय ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि ने क्रिसमस पर्व की शुभ अवसर पर हम सभी छात्राओं को प्रेरणादायक शब्दों से प्रोत्साहन किया, उन्होंने कहा कि जिसके घर के बाहर तारे चमकते हैं उनके घर के ऊपर प्रभु की कृपा बनी रहती है। उन्होंने हमें सीख दी की हमें हमेशा गरीबों की मदद करनी चाहिए। क्योंकि प्रभु हमारे समक्ष किसी भी रूप में आ सकते हैं। हमें उनके सभी रूपों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन विद्यालय गान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापिका सिस्टर असरिता, सिस्टर पुष्पा, सिस्टर कुमुदिनी, सिस्टर मॉडस्ता, सिस्टर आशा, मिस हेमलता, मिस अनीता, मिस सरोज, मिस स्नेहा, मिस मैरियट,मिस नित्या, मिस खुशनुमा, सर अजय, सर शेखर, सर अनूप, सर ओमन, सर सचिन एवं बाल संसद के छात्राओं की अहम भूमिका रही।

# नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में सरकारी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण को दिया गया। वही प्रशिक्षण का संचालन मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड साधन सेवी अम्बिकाशरण पाण्डेय द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की प्रखंड क्षेत्र में जितने भी निरक्षर हैं। सभी को साक्षर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ ही कहा कि कार्यक्रम में समुदाय स्तर पर स्वयंसेवकों को जोड़कर निरक्षर को साक्षर बनाने के लिए कार्य किए जाएंगे। जिस लिये विद्यालय के चिन्हित शिक्षकों द्वारा समुदाय में स्वयंसेवकों को चिन्हित कर जोड़ने का कार्य किया जा रहा है.वही कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई.और स्वयंसेवकों के द्वारा निरक्षर सदस्यों की पहचान कर सर्वे करने के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड साधन सेवी निशा प्रसाद संकुल साधन सेवी लक्ष्मण यादव, निशी कुमारी, उपेंद्र ठाकुर वीरेंद्र कुमार, सीनी टाटा ट्रस्टस के सदस्य तरुण कुमार उदित कुमार सीमा श्वेता टोपनो के अलावे निकहत नाज, अशोक भगत, अनिल कुमार हसमत अली सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

# खेल मैदान में ही अनुशासन की पढ़ाई होती है : एस के झा

## वार्षिक-खेलकूद-प्रतियोगिता के दूसरे दिन एकता हाउस का रहा दबदबा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन, प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने कहा कि सही मायने में खेल के मैदान में ही अनुशासन की पढ़ाई होती है। उन्होंने कहा कि जो प्रतिभागी अनुशासन के दायरे में रहकर अपना प्रस्तुति देते हैं वही सफल होते हैं और आपसी सहयोग की भावना से ही उनकी टीम भी विजयी होती है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चे अनुशासन के दायरे में पूरी निष्ठा पूर्वक एक दूसरे का सहयोग करते हुए अपने-अपने इवेंट्स को जीतने के लिए काफी परिश्रम कर रहे हैं हमें पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में निश्चित रूप से हुए ऊंची मुकाम को हासिल करने में कामयाब होंगे। विद्यालय के खेल शिक्षक एस सुजाउद्दीन राजा ने बताया कि आज दूसरे दिन की प्रतियोगिता में एकता हाउस का दबदबा रहा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में कूल 94 इवेंट्स आयोजित किए गए हैंऔर विद्यालय के लगभग 400 छात्र प्रतिभागी के रूप में भाग लेकर व्यक्तिगत इवेंट्स एवं टीम इवेंट्स में जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन बालक एवं बालिका दोनों वर्ग के लिए 200 मी 1500 मी लंबी कूद के साथ ही छोटे बच्चों के लिए रस्सी दौड़ चम्मच दौड़ मेंढक दौड़ आयोजित किए गए। विद्यालय की मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने बताया कि 23 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे से वार्षिक- खेलकूद का समापन भव्य समारोह के साथ संपन्न होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पावरलिफ्टिंग कॉमनवेल्थ गेम के स्वर्ण विजेता इंद्रजीत सिंह एवं विशिष्ट तिथि के रूप में पूर्व बिहार विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह तथा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के झारखंड प्रदेश मंत्री सह रणजी क्रिकेट के सीनियर खिलाड़ी अजातशत्रु के साथ सम्मानित तिथि के रूप में अन्य गण्य-मान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# क्रिसमस सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लाए : विधायक भूषण बाड़ा

## क्रिसमस के रंग में रंगा सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र, हर तरफ दिखने लगा क्रिसमस का उल्लास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पालकोट के कोरौंदा चर्च में और संत पॉल पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल पोजेंगा में धूमधाम से मना क्रिसमस गैदरिंग सिमडेगा सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र इन दिनों क्रिसमस के रंग में रंग गया। हर तरफ क्रिसमस का उल्लास है। शुक्रवार को पालकोट प्रखंड के कोरौंदा और संत पॉल पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल पोजेंगा में क्रिसमस गैदरिंग हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोनों ही स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में सिमडेगा के युवा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक के द्वारा क्रिसमस मिलन समारोह के उद्घाटन के साथ ही पूरा परिसर क्रिसमस के रंग में रंग गया। स्कूली बच्चों ने क्रिसमस गीतों पर मनमोहक डांस की प्रस्तुति कर तालियां बटोरी। वहीं कई बच्चों प्रभु येसु मसीह की जन्मोत्सव पर आधारित झांकी प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। हर किसी के चेहरे में क्रिसमस का उमंग, उल्लास और उत्साह देखते ही बन रहा है। विधायक ने क्रिसमस की बधाई देते हुए अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि क्रिसमस हमें आपसी, प्रेम, भाईचारा और सद्भावना का संदेश देता है। क्रिसमस के मौके पर हम एक दूसरे में प्रेम बांटे। गरीबों की मदद करें। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का यह त्योहार हमे आपस मे प्रेम के साथ रहने का संदेश देता है। हम सभी प्रभु येसु के संदेशों को सुने। उसे जीवन मे आत्मसात करें। दिन दु:खियों की मदद कर करें। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि क्रिसमस के मौके पर प्रभु येसु मसीह सभी के जीवन मे सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लाए। सभी के जीवन में ढेर सारा आशीष बरसाए। कोरौंदाबेड़ा पारिस आयोजित कार्यक्रम में डीन पल्ली पुरोहित फादर मोजेश खलखो की अगुवाई में मिस्सा पूजा हुई। साथ ही चरणी में आशीष जल का छिड़काव भी किया गया।

